RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 240
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




समान नागरिक संहिता पर जारी है प्रक्रिया
राष्ट्रीय-11

# मैं ही हूं राकांपा का अध्यक्ष: शरद पवार

- पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार, सुनील तटकरे समेत आठ अन्य विधायकों निष्कासन के फैसले को मंजूरी दी गई
- राकांपा नेता ने कहा, भले 82 या 92 साल का क्यों न हो जाऊं, प्रभावी ढंग से कार्य करता रहूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रभावी ढंग से कार्य करते रहेंगे भले ही वे 82 या 92 साल के क्यों ना हो जाएं।

पवार ने राकांपा कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार, सुनील तटकरे समेत राजग में शामिल होने वाले आठ अन्य विधायकों के निष्कासन पर मुहर लगाई गई। वरिष्ठ राकांपा नेता पीसी चाको ने कार्यसमिति द्वारा पारित आठ सूत्रीय प्रस्ताव का ऐलान किया। इस प्रस्ताव को पार्टी की 27 प्रदेश इकाइयों ने भी अनुमोदित किया। पवार के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उनके आवास पर पहुंचे तथा इस चुनौतीपूर्ण समय में राकांपा को पूरा समर्थन व्यक्त किया। पार्टी नेता पी. सी. चाको ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किए गए। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा, सच सामने आ जाएगा। चाको ने कहा कि संगठन शरद पवार के साथ है। उन्होंने कहा, राकांपा कार्यसमिति ने राजग से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य लोगों को (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को राकांपा की कार्यसमिति की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते शरद पवार। फोटोः रंजन डिमरी

## शिंदे गुट के विधायक हमारे संपर्क में: विनायक राउत

- कहा-राकांपा के बागी विधायकों को मंत्री बनाए जाने के बाद शिंदे गुट में असंतोष

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद विनायक राउत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत प्रतिद्वंदी शिवसेना के कुछ विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राकांपा के बागी विधायकों को मंत्री बनाए जाने के बाद से शिंदे गुट के विधायकों ने विद्रोह करना शुरू कर दिया है। शिंदे नीत शिवसेना सरकार में मंत्री उदय सामंत ने राउत के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे नीत गुट के 13 में से छह विधायक उनके संपर्क में हैं। विनायक राउत ने कहा कि शिंदे नीत शिवसेना के कुछ विधायक संदेश भेज रहे हैं कि वे मातोश्री से माफी मांगना चाहते हैं। मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित मातोश्री शिवसेना (यूबीटी) (शेष पेज 9)

## बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं: अजित गुट

**मुंबई/नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने कहा है कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में शरद पवार की ओर से आहूत कार्यसमिति की बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं है। अजित की ओर से एक बयान में कहा गया है, विभिन्न खबरों से पता चला है कि शरद पवार ने आज नई दिल्ली में राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी/राष्ट्रीय कार्यसमिति/राष्ट्रीयपदाधिकारियों/ राज्य पार्टी अध्यक्षों की बैठक बुलाई है। इसमें कहा गया, राकांपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहुमत के साथ-साथ विभिन्न संगठनात्मक पदों पर काम करने वाले सदस्यों के भारी समर्थन से अजित पवार को 30 जून, 2023 को राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। बयान में कहा गया है कि अजित ने निर्वाचन आयोग के समक्ष एक याचिका भी दायर की है जिसमें कहा गया है कि वह मूल राकांपा का प्रतिनिधित्व (शेष पेज 9)

# लाजपत नगर धमाके के चारों दोषियों को आजीवन कारावास

- जीवन पर्यंत जेल में रहेंगे, सुप्रीम कोर्ट ने 1996 में हुए हादसे को बताया अंतरराष्ट्रीय साजिश, भारत को अस्थिर करने की थी तैयारी
- हादसे में 13 की हुई थी मौत, 38 घायल हुए थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 1996 में लाजपत नगर में हुए बम विस्फोट मामले में चार दोषियों को कोई राहत दिए बगैर जीवन पर्यंत कारावास की सजा सुनाई और कहा कि उन्होंने विस्फोट करके भारत को अस्थिर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश को अंजाम दिया था। करीब 27 साल पहले हुए इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी और 38 लोग घायल हुए थे।

मामले की गंभीरता पर विचार कर रही शीर्ष अदालत हालांकि, दोषियों को मौत की सजा सुनाने के अभियोजन पक्ष के अनुरोध पर राजी नहीं हुई। अभियोजन ने 21 मई, 1996 को हुए विस्फोट में निर्दोष लोगों की मौत का कारण बने इन दोषियों के लिए मृत्युदंड की मांग की थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने अपने 190 पन्ने के फैसले में चारों दोषियों, मोहम्मद नौशाद, मिर्जा निसार हुसैन उर्फ नाजा, मोहम्मद अली भट उर्फ किल्ली और जावेद अहमद खान को फैसले में हुई देरी के आधार पर मृत्युदंड नहीं सुनाया। न्यायालय ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में आता है लेकिन निचली अदालत में 14 साल लंबी चली सुनवाई और फैसले में कुल 27 साल की देरी के कारण परिस्थितियां दोषियों के पक्ष में हैं। न्यायालय ने कहा कि घटना 21 मई, 1996 की है, करीब 27 साल पुरानी निचली अदालत ने 22 अप्रैल 2010 में मृत्युदंड की सजा सुनाई, जिसको 13 साल से ज्यादा हो चुका है और मौजूदा आरोपी, मुख्य षड्यंत्रकारियों के कहने पर काम कर रहे थे। इस अपराध के दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में आने के बावजूद उपरोक्त कारण और परिस्थितियां हैं जिनकी वजह से मृत्युदंड नहीं दिया जा रहा है। न्यायालय ने कहा, निर्दोषों की जान लेने वाले अपराध की गंभीरता और प्रत्येक आरोपी की भूमिका को ध्यान में रखते हुए इन सभी आरोपियों को बिना किसी नरमी के जीवन पर्यंत उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है।

आरोपी अगर जमानत पर बाहर हैं तो तत्काल संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करें और उनके जमानती मुचलके रद्द किए जाते हैं। उच्चतम न्यायालय ने दोषियों मिर्जा निसार हुसैन उर्फ नाजा, मोहम्मद अली भट उर्फ किल्ली को कारागार में आत्मसमर्पण करने और उम्रकैद की सजा काटने को कहा। इन दोनों को दिल्ली उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया था। दोषियों के खिलाफ सुनवाई में देरी को लेकर न्यायालय का रूख बहुत आलोचनात्मक था और उसने कहा कि इससे राष्ट्रीय हित प्रभावित हुआ है।

# चंद्रयान-3 मिशन का प्रक्षेपण 14 जुलाई को होगा : इसरो

- चंद्र सतह पर 23-24 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग की है उम्मीद

**भाषा।** बेंगलुरु



**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि चंद्रयान-3 मिशन का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। इसरो का नया प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 चंद्र मिशन को अंजाम देगा। इसरो ने ट्वीट किया, चंद्रयान-3: एलवीएम3-एम4 चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण की घोषणा: प्रक्षेपण अब 14 जुलाई, 2023 को अपराह्न 2:35 बजे एसडीएससी (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र), श्रीहरिकोटा से निर्धारित है। इस बीच, अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा। चंद्रयान-3 मिशन चंद्र रेजोलिथ के थर्मोफिजिकल गुणों, चंद्र भूकंपीयता, चंद्र सतह प्लाज्मा वातावरण और लैंडर के उतरने के स्थल के आसपास के क्षेत्र में मौलिक संरचना का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगा। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, लैंडर और रोवर पर इन वैज्ञानिक उपकरणों का दायरा जहां 'चंद्रमा के विज्ञान' थीम में फिट (शेष पेज 9)

# राजस्थान: कांग्रेस का सभी मुद्दों के समाधान का दावा

- पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच विवाद की पृष्ठभूमि में किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच के विवाद की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को कहा कि सभी मुद्दों का समाधान कर लिया गया है और आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीत सुनिश्चित करेंगे।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस से जुड़े 25 से अधिक नेताओं की करीब चार घंटे की मैराथन बैठक के बाद पार्टी ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस का यह भी कहना है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का फैसला सितंबर के पहले सप्ताह तक हो जाएगा तथा टिकट जीत की संभावना के आधार पर दिया जाएगा। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। मुख्यमंत्री गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच के विवाद (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा गोविंद सिंह डोटासरा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

## सभी नेता मिलकर काम करेंगे: पायलट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजस्थान में पार्टी के सभी विधायक और पदाधिकारी आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट कांग्रेस नेतृत्व के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने संवाददाताओं से कहा, 'राजस्थान में सरकार बदलने की परंपरा को कैसे तोड़ा जाए, इसको लेकर सार्थक चर्चा हुई है। हमने सभी मुद्दों पर खुले मन से चर्चा की और सबने विश्वास जताया कि फिर से कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।

## मणिपुर की स्थिति पर चर्चा से मना करने पर विपक्ष का बैठक से बहिर्गमन

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** की गृह संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष द्वारा मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग अस्वीकार किए जाने के बाद विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को इसकी बैठक से वाकआउट (बहिर्गमन) किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कारागार स्थिति, अवसंरचना और सुधार के विषय पर आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों के विचार सुनने को लेकर बुलाई गई इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन और कांग्रेस के दिग्विजय सिंह एवं प्रदीप भट्टाचार्य ने समिति के अध्यक्ष बृजलाल को एक संयुक्त पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया कि सदस्य मणिपुर की स्थिति को नजरंदाज नहीं कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि यह नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि इस विषय पर पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ चर्चा की जाए। सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष को संबोधित कर (शेष पेज 9)

# मणिपुर में महिला की गोली मारकर हत्या

- विद्यालय के बाहर हुई घटना, कांगपोकपी जिले में रुक-रुक गोलीबारी की आवाज सुनी गई

**पीएनएस/एजेसी।** नई दिल्ली/इंफाल

**मणिपुर** में हिंसा बृहस्पतिवार को भी जारी रही और यहां इंफाल पश्चिमी जिले में एक विद्यालय के बाहर एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि कांगपोकपी जिले में रुक-रुक गोलीबारी की आवाज सुनी गई। लाम्फेल थानाक्षेत्र के क्वाकीथेल मायाई कोइबी में एक महिला की हत्या कर दी गई। एक दिन पहले ही राज्य में पहली से आठवीं तक की कक्षाएं शुरू हुई थीं जो दो महीने से हिंसा के कारण बंद थीं। अधिकारियों ने बताया कि महिला विद्यालय के पास किसी कार्य के लिए गई थी लेकिन विद्यालय से उसका कोई लेना-देना नहीं था। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के एक गांव में बृहस्पतिवार को सुबह रुक-रुक कर गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। उससे कुछ घंटे पहले स्वचालित हथियारों से कुछ लोगों ने गांववालों पर हमला कर दिया था लेकिन सुरक्षा बलों ने झड़प को टाल दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर तीन बजकर करीब 40 मिनट पर फेलेंग गांव के पास हुई। चुराचांदपुर में बड़ी संख्या में कुकी समुदाय के लोगों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने सार्वजनिक मैदान से तुईबोंग शांति मैदान तक रैली निकाली। सूत्रों ने बताया कि रैली में करीब 4,000 लोग शामिल हुए और अधिकतर ने योद्धा की पोशाक पहनी हुई थी। रैली बुधवार शाम सात बजे संपन्न हुई जिसमें किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। इंडिजिनियस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) नामक संगठन ने इस महिला की पहचान मानसिक रूप से बीमार डोन्नगैहचिंग नामक महिला के रूप में की है जो स्थानीय लोगों से मिली भीख पर गुजर-बसर करती थी।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में सड़क हादसे में तीन की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर मे लोनी गोल चक्कर के पास फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार को वैन और दिल्ली परिवहन निगम(डीटीसी) की एक बस की टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो की पहचान सविता व जितेंद्र के रूप में हुई है। तीसरे की शिनाख्त नहीं हो पाई। हादसे में घायल हुए 8 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। (विस्तृत खबर पेज 3 पर)

### आबकारी नीति से जुड़े मामले में कारोबारी अरोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की अब समाप्त की जा चुकी आबकारी नीति को बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धन शोधन के मामले में बृहस्पतिवार रात को कारोबारी दिनेश अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भी कर रहा है।

# भारतीय मिशन पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य : ब्रिटेन

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटिश** सरकार ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर कोई भी प्रत्यक्ष हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। सोशल मीडिया चैनलों पर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारत विरोधी दुष्प्रचार के बीच ब्रिटिश सरकार का यह बयान सामने आया है।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने ट्विटर पर घोषणा की कि देश में भारत के राजनयिक मिशन के कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में भारतीय राजनयिक मिशन को निशाना बनाए जाने और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी और बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. शशांक विक्रम की तस्वीरों के साथ कुछ धमकी भरे पोस्टर ऑनलाइन सामने के बीच क्लेवरली ने कहा, लंदन में भारतीय उच्चायोग पर कोई भी प्रत्यक्ष हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, हमने विक्रम दोरईस्वामी और भारत सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि उच्चायोग में कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## कनाडा आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है: ट्रूडो

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की है और वह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यह मानना गलत है कि उनकी सरकार देश में खालिस्तान समर्थकों और आतंकवादियों के प्रति नरम है। उनकी यह टिप्पणी भारत द्वारा सोमवार को नई दिल्ली में कनाडाई राजदूत को तलब करने और कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर डेमार्शे (आपत्ति जताने वाला पत्र) जारी करने के कुछ दिनों बाद आई है।

# भाजपा राज में प्रश्न प्रदेश से उत्तर प्रदेश बना राज्य: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि छह साल पहले उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश के नाम से जाना जाता था, मगर भाजपा के शासन में आज इस राज्य के पास हर प्रश्न का उत्तर है। योगी ने यहां कुल 1148 उपनिरीक्षकों तथा सहायक उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद अपने संबोधन में दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले छह वर्षों के भाजपा के कार्यकाल के दौरान यह राज्य भारत के विकास इंजन के रूप में उभरा है और यह प्रश्न प्रदेश से उत्तर प्रदेश बन गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 217 उपनिरीक्षकों (गोपन), 587 सहायक उपनिरीक्षकों (लिपिक) एवं 344 सहायक उपनिरीक्षकों (लेखा) को नियुक्ति पत्र वितरित किए।



लखनऊ में चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने राज्य की बेहतर कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ है और राज्य से संगठित अपराध लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, अब, राज्य में कोई आतंकवादी घटना नहीं होती है, हमने बिना किसी विवाद के एक सप्ताह के भीतर धार्मिक स्थलों से 1.20 लाख से अधिक लाउडस्पीकर हटा दिए। उन्होंने कहा, पहले उत्तर प्रदेश में त्योहारों के दौरान दहशत का माहौल होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। सड़क पर नमाज नहीं तो हनुमान चालीसा भी नहीं। आम आदमी को किसी भी प्रकार की बाधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। पिछली (शेष पेज 9)

## भर्ती प्रक्रिया में कोई नहीं लगा सकता भाई भतीजावाद का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले छह वर्षों में विभिन्न पदों पर हुई भर्ती प्रक्रिया को शुचिता, पारदर्शिता और निर्धारित आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए पूरा किया गया है। इन नियुक्तियों में कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता है और न ही भाई-भतीजे वाद का आरोप लगा सकता है। योगी सरकार मिशन रोजगार के तहत पिछले 6 वर्षों में अब तक प्रदेश के युवाओं को साढ़े पांच लाख से अधिक सरकारी नौकरी दे चुकी है जबकि अकेले यूपी पुलिस विभाग में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती की गई, जिसमें मृतक आश्रित के रूप में 2500 भर्तियां अतिरिक्त की गईं।

# नोएडा हवाई अड्डाः 2053 हेक्टेयर जमीन का होगा अधिग्रहण

## उत्तर प्रदेश सरकार ने तीसरे चरण के विस्तार के लिए अधिसूचना जारी की, 14 गांवों में बंटेगा मुआवजा

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) के तीसरे चरण के विस्तार के लिए 2,053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करेगी। इसके लिए सरकार ने सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) को अधिसूचना जारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनआईएएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण वीर सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर की जेवर तहसील में 14 गांवों से कुल 1,888 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है।

यह एसआईए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा 30 अगस्त तक पूरा किया जाना है। अरुण वीर सिंह यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (एइडा) के भी सीईओ हैं। उन्होंने कहा, हवाई अड्डे के तीसरे चरण के विस्तार के तहत 2,053 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना पिछले सप्ताह जारी की गई थी। पहले चरण के लिए 1,365 हेक्टेयर और दूसरे चरण में 1,334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हवाई अड्डे की विकास योजना के अनुसार, परियोजना के तीसरे चरण में तीन हवाई पट्टियां तैयार की जाएंगी। इसके अलावा पहले और दूसरे चरण के निर्माण के दौरान तीन हवाई पट्टियों का निर्माण होगा।

इस समय, हवाईअड्डे के निर्माण के पहले चरण का निर्माण कार्य जारी है और इसके अगले साल सितंबर तक वाणिज्यिक परिचालन के लिए पूरा होने की उम्मीद है। स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) दिल्ली से लगभग 75 किलोमीटर दूर हवाई अड्डे को विकसित कर रही है। नोएडा हवाई अड्डे को चार चरणों में विकसित किया जा रहा है। तैयार होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। इसके लगभग 2040 के दशक के मध्य तक पूरा होने की संभावना है। यह पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद लगभग 5,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में होगा। इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी।

## जेवर को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए रेलवे बोर्ड को एक पत्र लिखा है।

राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने तीन जुलाई को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी को पत्र लिखकर बुलंदशहर के चोला और हरियाणा के पलवल रेलवे स्टेशन के बीच लाइन बिछाने की मांग की है, जो जेवर से होकर गुजरे। पत्र में मिश्रा ने लाहोटी को अवगत कराया है कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित है तथा इसे यात्रियों और कार्गो के लिए एक प्रमुख परियोजना के रूप में विकसित किया जा रहा है, लेकिन इसके आसपास कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। मिश्रा ने कहा कि हवाई अड्डा से सटे क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण इलेक्ट्रॉनिक सिटी, लॉजिस्टिक्स हब, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क और फिल्म सिटी आदि परियोजनाएं विकसित करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां अगर रेलवे लाइन बिछाई जाती है तो रेल मंत्रालय के लिए यह काफी उपयोगी निवेश साबित होगा।

# कूड़ा निस्तारण न होने पर सरकार सख्त, लिया संज्ञान

● डीएम शासन को भेजेंगे रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर में कूड़ा निस्तारण का मामला अब शासन तक पहुंच गया है। शासन स्तर से इस मामले में संज्ञान लिया गया है तो वहीं अब डीएम आरके सिंह इस मामले में रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। बता दें कि शहर में कूड़ा निस्तारण एक बडी समस्या बनता जा रहा है। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर ने नगर निगम ही नहीं शहरवासियों की भी मुश्किलों को बढ़ा दिया है। शहर में यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

मेरठ मंडल की आयुक्त सेल्वा कुमारी जे ने अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए शहर की विकास योजनाओं को लेकर बैठक की थी। मंडलायुक्त ने जिले के अधिकारियों से जानकारी मांगी कि शहर में कूडा निस्तारण को लेकर क्या चल रहा है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शासन स्तर से इस मामले में लगातार उनसे जानकारी मांगी जा रही है, इस मामले को लेकर शासन में शिकायतें की जा रही हैं। इसके बाद इस बैठक में नगरायुक्त, नगर निगम के अन्य अधिकारी, खोडा नगर पालिका के अधिकारी सहित अन्य नगर पालिका के अधिकारी भी शामिल हुए और शहर की कूडा निस्तारण की समस्या को लेकर चर्चा की गई।

काफी देर तक अधिकारी इसको लेकर मंथन करते रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द इस समस्या के निदान को लेकर रिपोर्ट मांगी है। डीएम आरके सिंह ने बताया कि शहर में कूडा निस्तारण समस्या बन गया है। उन्होंने अपने स्तर से नगर निगम से कूडा निस्तारण को लेकर कार्ययोजना मांगी है।

# अस्पताल की फाल्स सीलिंग गिरी, बचे मरीज

● 6वें तल स्थित डायलिसिस वार्ड में हुई घटना

पायनियर सामचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल परिसर के 6वें तल गुरुवार सुबह डायलिसिस वार्ड की छत से फाल्स-सीलिंग गिर गई।

गनीमत रही कि जिस समय फाल-सीलिंग गिरी वहां पर कोई मरीज नहीं था वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। सुबह जब स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल पहुंचे तो उन्हें फाल्स सीलिंग गिरने की जानकारी हुई है। अस्पताल के 6वें तल पर सर्जरी, नेत्र रोग, हड्डी रोग के मरीजों की भर्ती के साथ डायलिसिस वार्ड है।

वार्ड में प्रतिदिन यहां 10 से अधिक मरीजों और कर्मचारियों की मौजूदगी रहती है। बुधवार रात डायलिसिस हाल की करीब 10 फीट से अधिक की छत की फाल्स सीलिंग गिर गई। गनीमत यह रही कि इसकी चपेट में कोई मरीज नहीं आया।

अस्पताल की छत में पिछले कई दिनों से पानी की लीकेज की समस्या बनी हुई है। पानी भी छत से टपक रहा है। आशंका है कि इसी दौरान छत पर लगी फाल्स-सीलिंग भी पानी के रिसाव से कमजोर हो गई और अचानक नीचे गिरी है। सीएमएस डॉ रेनू अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल की मेनटेनेंस और सिलिंग गिरने की समस्या के संबंध में नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखा है। बता दें कि अस्पताल को बने महज तीन साल ही हुए हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण में किस कदर भ्रष्टाचार किया गया है। अस्पताल को यूपी निर्माण निगम ने 500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है।

अस्पताल के निर्माण में ढिलाई बरती गई है। यहां आए दिन कभी दीवारों पर लगी टाइल्स और फाल सीलिंग भरभराकर गिर रही है।

बीते दो दिन पूर्व भी यहां दूसरे तल पर गैलरी की फाल सिलिंग गिर गई थी, जो अबतक सही नहीं कराई गई है फाल्स सिलिंग अभी भी वहीं पड़ी है।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के से मंडलायुक्त ने की कांवड़ यात्रा की समीक्षा

**गाजियाबाद।** कांवड़ मेले को लेकर तैयारी तेजी के साथ चल रही है। इसको लेकर शासन से लेकर प्रशासन तक तैयारी में जुटे हुए है।

इसी क्रम में कांवड़ मेले की तैयारी की जानकारी पुख्ता करने के लिए मंडलायुक्त के साथ अधिकारियों ने वीसी की। इस वीसी में मेरठ मंड़ल के कांवड़ रूट से प्रभावित तमाम अधिकारी जुटे हुए थे। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के अलावा हेल्थ अफसर डॉ. मिथिलेश कुमार, चीफइंजीनियर एनके चौधरी, लाइट प्रभारी अधिशासी अभियंता वाईके यादव, जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मी से बारिश ने दी राहत, जलभराव से आफत

● कई इलाकों में बिजली सप्लाई रही बाधित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


नए बस अड्डे मेट्रो स्टेशन पर जलभराव के चलते लोगों को हुई परेशानी।

गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को आज सुबह हुई झमाझम बारिश ने बडी राहत दी है। हालांकि यह राहत की बारिश ने लोगों की आफत भी बढ़ा दी है। बारिश के कारण हर जगह-जगह पानी ही पानी नजर आने लगा। सुबह के समय बारिश होने से सबसे अधिक समस्या कामकाजी लोगों व स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ी।

बारिश के कारण शहर में जगह.जगह जलभराव होने से वाहन चालकों को भी समस्या का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग कई दिन से भारी बारिश का अंदेशा जता रहा था।

बुधवार शाम से ही बारिश के आसार बनने शुरू हो गए थे, लेकिन बारिश सुबह साढे आठ बजे से शुरू हुई तो लगातार कई घंटे तक बारिश होती रही। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई तो वहीं लोगों को भी उमस से भी निजात मिली। लेकिन इस बारिश के कारण शहर में हुए जगह.जगह जलभराव ने वाहन चालकों की मुश्किलों को भी बढा दिया।

आरडीसी स्थित नगरायुक्त आवास, बीएसएनएल रोड, मालीवाडा, नेहरूनगर के मार्बल मार्किट, रमते राम रोड, डासना गेट, घुकना, रेलवे स्टेशन रोड, गांधी नगर, नवयुग मार्किट, सिहानी गेट बाजार, चौपाला, घंटाघर सहित शहर के दर्जनों स्थानों पर बारिश का पानी भर गया।

इतना ही नहीं गौशाला अंडर पास में भी कई फुट पानी भर गया। शहर के अन्य अन्डर पास में भी बारिश की वजह से कई फुट पानी जमा हो गया जिसके कारण अंडर पास से निकलने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। वाहन चालकों को काफी लम्बा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य की ओर जाना पडा। बारिश के कारण सुबह बाजार भी समय से नहीं खुल पाए। मौसम विभाग की मानें तो यह पूरा सप्ताह बारिश का रहेगा। कभी हल्की तो कभी तेज बारिश रोज होगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहेगा और अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की सम्भावना है।

पूरे सप्ताह लगातार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। यानि यह पूरा सप्ताह लोगों को बारिश से भिगोएगा। बारिश शुरू होते ही आधे से अधिक शहर की बिजली गुल हो गई।

जब तक तेज बारिश रही, विभाग ने सप्लाई शुरू नहीं की। बारिश के चलते कई सब स्टेशनों में भी पानी भरने की जानकारी मिली है। इसकी वजह से इन सब स्टेशनों से सप्लाई कई घंटे तक बंद रखी गई। बाहर बारिश और घर में बिजली गुल होने से लोगों की परेशानियां और भी अधिक बढ गई। राजनगर, आरडीसी, कविनगर, नेहरू नगर, अम्बेडकर रोड, गांधीनगर, पटेल नगर, शिब्बनपुरा, डासना गेट, तुराबनगर, घुकना, मालीवाडा, ट्रांस हिंडन क्षेत्र सहित शहर के अधिकतर क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई।

कई घंटों तक क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। हालांकि आरडीसी सहित कई इलाकों में दो घंटे बाद ही सप्लाई बहाल तो कर दी गई लेकिन यहां भी बार-बार पावर कट होता रहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तेज बारिश की वजह से सब स्टेशनों में पानी चला गया, तो वहीं बिजली उपकरणों में भी पानी भरने से सप्लाई बाधित रही। बारिश की वजह से कहां-कहां फाल्ट हुए हैं इसकी मॉनीटिरिंग की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार


निर्माणाधीन साइटों से लोहे की चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, इनके कब्जे से 73 टुकड़े सरिया और दो अवैध चाकू बरामद।

### बरौला के नाले में युवक डूबा, तलाश जारी

**नोएडा।** गुरुवार की शाम नोएडा के बरोला नाले में पानी के तेज बहाव के चलते एक युवक डूब गया है। युवक के डूबने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। नाले में डूबकर लापता हुए युवक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम थाना सेक्टर 49 करीब साढ़े चार बजे थाना सेक्टर 49 पुलिस को सूचना मिली कि बरोला नाले में पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवक डूब गया और लापता हो गया। यह सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 49 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक की तलाश आरंभ कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था और उसकी तलाश जारी थी। आपको बता दें कि गुरुवार को नोएडा और इसके आसपास के इलाकों में आज दोपहर तेज बारिश हुई थी। तेज बारिश के कारण जहां बरोला नाले का जल स्तर बढ़ गया, वहीं कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी बन गई।

### मां-बेटे के साथ मारपीट, धारदार हथियार से हमला

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बुध विहार में गाली गलौज का विरोध करने पर चार युवकों ने महिला व उसके बेटे के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने महिला पर धारदार हथियार से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बुध विहार निवासी गौरव चौहान ने बताया कि वह अपने किराएदार उपेंद्र सिंह के साथ बाइक से अपने घर आ रहे थे। इस दौरान पीछे से पल्सर बाइक पर आ रहे अनस और रिहान ने उन्हें रोककर गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच.बचाव करा दिया। गौरव चौहान ने घर आकर इस बारे में अपनी मां अनीता चौहान को बताया। अनीता चौहान जब आरोपियों को समझाने उनके घर पहुंची तो उन्होंने उनके साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अनस, रिहान, सलमान व सोहेब ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने अनीता चौहान पर धारदार हथियार से वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

### बिजली समस्या को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रतिनिधि मंडल ने साउथ इंस्ट्रीज राठी मिल बिजली घर पर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव चौधरी ने कहा कि ग्राम डूंडाहेड़ा से राजस्थान नर्सिंग होम तक लगभग 8 से 9 ट्रांसफार्मर ऐसे स्थानों पर रखे हैं जहां एन एच-9 के किनारे गंदे पानी निकासी का नाला बना है एउस नाले के टॉप के ऊपर ग्राम डूंडाहेड़ा से भीम नगर तक नाले के ऊपर बिजली के ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। संगठन ने बिजली के ट्रांसफार्मर रखने के लिए फांउडेशन को ऊंचा रखने की मांग की है। जिस पर विद्युत विभाग ने जल्द ही समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष योगेश, रोबिन, कपिल, संदीप, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।,

### दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में ब्याही एक 20 वर्षीय नवविवाहिता का शव पंखे के फंद्दे से लटका हुआ मिला है। इस मामले में उसके पिता ने मृतिका के पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना ईकोटेक. 3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में रहने वाले नवी अहमद की शादी 2 माह पूर्व मुस्कान 20 वर्ष के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि बीती रात को मुस्कान का शव उसके ससुराल में पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला है।

# तहसील कर्मचारी और वकील के बीच जमकर चले लात-घूंसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर तहसील कर्मचारी व वकील के बीच बैनामे को लेकर वाद विवाद हो गया। वाद विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई।

जेवर तहसील में काम करने वाले एडवोकेट संजीव चौधरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी भूप सिंह भाटी उसके चेंबर से उसकी पार्टी का बैनामा चोरी कर ले गया। जब उसने भूप सिंह भाटी से बैनामा वापस मांगा तो उसने देने से इनकार करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान भूप सिंह भाटी व दो अज्ञात साथियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। अधिवक्ताओं का आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, तहसील कर्मी भूप सिंह भाटी ने भी एडवोकेट संजीव चौधरी, मोहित, भीम ठाकुर, अनिल छोकर, मुकेश, प्रताप व प्रशांत शर्मा के खिलाफ मारपीट कर घायल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके सर पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया।

## कोर्ट ने जारी किए बादलपुर थानाध्यक्ष के खिलाफ वारंट

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जनपद के जिला परिवार न्यायलय ने बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना बादलपुर के थानाध्यक्ष के खिलाफ वारंट जारी किए हैं। कोर्ट द्वारा थाना प्रभारी के खिलाफ वारंट जारी किए जाने से नोएडा कमिश्नरेट पुलिस में हड़कंप मच गया है। जिला परिवार न्यायालय में एक दंपत्ति का केस चल रहा है।

इस केस में कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी किए थे। इस बाबत बादलपुर पुलिस को कोर्ट के आदेश तामिल कराने और आरोपी के खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई करने की बात भी कही थी।

# फर्जी पासपोर्ट पर रहने वाला चीनी नागरिक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सूरजपुर पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोप में एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है।

इसके पास से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनवाया गया पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस व खुफिया एजेंसी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गत दिनों फर्जी आधार कार्ड से पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए अकबर अली व रोशन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि उन्होंने दर्जनों लोगों के फर्जी पासपोर्ट बनवाए हैं इस दौरान आरोपी ने बताया कि उन्होंने चीनी नागरिक का भी फर्जी पासपोर्ट बनवाया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बीटा-2 में रहने वाले चीनी नागरिक बैंग को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि बैंग की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को उससे पूछताछ करने में खासी परेशानी उठानी पड़ी है।


उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक ( गोपनीय सहायक ) उप निरीक्षक ( लिपिक सहायक ) उपनिरीक्षक ( लेखा ) के पद पर चयनित हुए गौतमबुद्धनगर के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूर रहे।

# एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

● आरोपी महिला पर 25 हजार का इनाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



भारत के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में दाखिला करवाने के नाम पर विद्यार्थियों से करोड़ों रुपए की कथित ठगी करने के मामले में फरार 25 हजार रुपए की इनामी महिला गैंगस्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर -63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि छात्र-छात्राओं से संपर्क करके उन्हें एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर उनके साथ ठगी करने वाली वैशाली पाल को पुलिस ने बीती रात को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस पहले ही उसके 11 अन्य साथियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि ए लोग सेक्टर 63 में कैरियर जंक्शन के नाम से कार्यालय खोलकर छात्र- छात्राओं को विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में मैनेजमेंट कोटा में दाखिला दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। मान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चंद्रशेखर पाठक ने 21 दिसंबर वर्ष 2022 को मुकदमा दर्ज करवाया था।

आरोपियों ने उनकी बेटी का मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के नाम पर लाखों की ठगी की थी। पुलिस का कहना है कि इस गैंग के लोगों के खिलाफ 24 मार्च को गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें नीरज कुमार सिंह उर्फ अजय अरुण उर्फ हरेंद्र सिंह उर्फ उत्कर्ष, अभिषेक आनंद, निखिल, गौरव, विकास, राकेश, अनवर, मनीष, धीरेंद्र ,मोहम्मद जुबेर, तस्कीन अहमद, रितिक सिंह तथा वैशाली पाल सहित 12 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया।

# जालसाज ने बैंक को लगाया 23 करोड़ रुपये का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● फर्जी आईडी से खोली कंपनी, कर्मचारी के खोले खाते, फिर ऑनलाइन लिया लोन

थाना फेस 1 पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है। जिसमें फजी आईडी से पहले कंपनियां बनाई फिर बैंकों को करीब 23 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया।

जालसाज ने अलग अलग व्यक्तियों की आईडी से प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनाई। इसके कब्जे से फिंगर प्रिंट डिवाइस व डाटा केबल, 1 आई स्कैनर बरामद किया है। इसकी पहचान मोहम्मद रफी है। इसे शिवानी फर्नीचर के पास सेक्टर 10 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि रफीक ने फर्जी नामों से आधार कार्ड बनवाए। इससे उसने पैन कार्ड बनवाएं और आरओसी में कंपनी रजिस्टर कराई। इसके अलावा बैंकों में आधार कार्ड के जरिए फर्जी खाते भी खुलवाएं। उन्होंने बताया कि इन खातों में फर्जी कंपनी के खाते से सैलरी के रूप में धन ट्रांसफर किया गया। उसे वापस एटीएम से निकाल लिया गया। इसी तरह कई महीनों तक पैसा निकाला और खातों में ट्रांसफर किया गया, ताकि सिबिल स्कोर बेहतर बन सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विस अनुसंधान केंद्र के 116 फेलो को हटाने का दिया आदेश, बाद में लगाई रोक

● विधानसभा सचिवालय ने बदला फैसला



● विशेषज्ञों की सेवा समाप्त करने का कदम सरकार का दम घोंट देगा: केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विस सचिवालय ने विधानसभा अनुसंधान केंद्र के तहत 116 फेलो की सेवा बृहस्पतिवार को समाप्त कर थी, लेकिन कुछ देर बाद निर्णय बदलते हुए कहा कि अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

इससे कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने सभी महकमों, बोर्ड और आयोगों को पत्र लिखकर कहा था कि वे उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को मंजूरी के बिना फेलो और सलाहकारों की नियुक्ति नहीं करें। इसने दिल्ली विधानसभा से भी कहा था कि उसके पास बिना मंजूरी के ऐसे कर्मियों को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है।

विधानसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को एक आदेश जारी कर कहा कि दिल्ली विधानसभा अनुसंधान केंद्र के फेलो, एसोसिएट फेलो और एसोसिएट फेलो (मीडिया) की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया गया है। इस कदम से 45 फेलो, नौ एसोसिएट फेलो (मीडिया) और 62 फेलो प्रभावित हो सकते हैं। मगर बाद में उसने एक और आदेश जारी कर कहा कि फेलो, एसोसिएट फेलो और एसोसिएट फेलो (मीडिया) की नियुक्ति को खत्म करने से संबंधित आदेश को अगले निर्देश तक स्थगित किया जाता है। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा था कि विशेषज्ञों और सलाहकारों की सेवा समाप्त करने का कदम दिल्ली सरकार और उसकी सेवाओं का पूरी तरह से दम घोंट देगा। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि उपराज्यपाल के फैसले को उच्चतम न्यायालय रद्द कर देगा।

केजरीवाल ने ट्विट कर कहा कि यह कदम सरकार और उसकी सेवाओं का पूरी तरह से दम घोंट देगा। वह नहीं जानते कि यह सब करके एलजी को क्या हासिल होगा। उम्मीद करते है कि उच्चतम न्यायालय इसे तत्काल खारिज कर देगा। उपराज्यपाल ने हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त किए गए करीब 400 विशेषज्ञों की सेवा को

### 437 लोगों के वेतन पर खर्च आप व अधिकारियों से वसूलें : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में 437 आम आदमी पार्टी के समर्थकों की नियुक्ति के मामले में केजरीवाल सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इस मुद्दे पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर आपराधिक मुकदमा दर्ज करके जांच करने की मांग की है। साथ कही कहा कि वर्षों से सरकारी खजाने से इनको मिल रहे वेतन की वसूली आम आदमी पार्टी से की जाये। अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं की मनमानी ढंग से नियुक्ति करके युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। सबसे ईमानदार कहने वाले आप संयोजक ने स्वार्थ और निजी हित की राजनीति के अलावा कुछ नहीं।

# क्लस्टर बस में जा घुसी ईको वैन, तीन की मौत

● आनंद विहार से खजूरी खास की तरफ जा रही थी वैन, 8 घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के के ज्योति नगर थाना इलाके में स्थित लोनी गोल चक्कर फ्लाईओवर पर मारुति ईको वैन डिवाइडर से टकरा कर दूसरी ओर से आ रही क्लस्टर बस से जा टकराई। इस हादसे में ईको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बस का आगे का शीशा टूट गया। हादसे में वैन में सवार तीन बच्चों समेत 11 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो मृतकों की पहचान सविता व जितेंद्र के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान करने में पुलिस जुटी है। वहीं हादसे में घायल आठ लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है, सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बस व ईको वैन को कब्जे में ले लिया है।

पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गुरुवार 12.30 बजे ज्योति नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि आनंद विहार से सवारियों को लेकर आ रही मारुति ईको वैन भजनपुरा से नंद नगरी की तरफ जा रही क्लस्टर बस से जा टकराई। छानबीन पता चला कि ईको वैन चालक शिव कुमार 10 लोगों को बैठाकर उन्हें आनंद विहार से खजूरी की तरफ जा रहा था। गोल चक्कर फ्लाईओवर पर पहुंचते ही ईको चालक का वैन नियंत्रण हट गया और वैन रोड डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरह बस में जा घुसी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों के मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल शिव कुमार, किशोर चौधरी, रीना, सिद्धांत, साधना गिरी, नेहा, नितेश, मंजूर अंसारी और मोती सिंह के रूप में हुई है।



डिवाइडर से टकराकर क्लस्टर बस से भिड़ी ईको वैन: फोटो रंजन डिमरी

## बहन-भाई के साथ बरेली से लौट रही थी मासूम





हादसे में घायल नेहा ने बताया कि वह सिठोरा, बरेली में परिजनों के साथ रहती है। परिवार में पिता महेंद्र, भाई नितेश व अन्य सदस्य है। गुरुवार सुबह करीब चार बजे वह अपने भाई नितेश और मौसी की बेटी साधना के साथ बरेली से ट्रेन में आनंद विहार आई। यहां से वह वैन में खजूरी खास जाने के लिए बैठी थी। साधना गर्मी की छुट्टी में उनके घर घूमने के लिए आई थी। स्कूल खुलने पर अब वह उसे छोड़ने आई थी। साधना इलाके में एक सरकारी स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा है। घायल नेहा ने कहा कि वह भाई व बहन के साथ पिछली सीट पर थी। इसलिए बच गई। हादसा बहुत खौफनाक था। साधना, करावल नगर में अपने पिता चंदन गिरी व अन्य सदस्यों के साथ रहती है।

## मां की बरसी से लौट रहा था परिवार

नंद किशोर के बेटे निपुंज ने बताया कि हादसे के बारे में पुलिस ने उन्हें जानकारी दी। उनका परिवार बिहार में दादी की बरसी में शामिल होने गया था। बरसी के बाद उसके पिता नंद किशोर चौधरी, मां रीना चौधरी, भाई सिद्धांत चौधरी और नानी सविता देवी, मुजफ्फरपुर, बिहार से ट्रेन से आनंद विहार पहुंचे। यहां से उन्होंने खजूरी जाने के लिए ईको वैन की। घर आते हुए वह हादसे का शिकार हो गए। हादसे में उनकी नानी की मौत हो गई।

## कार चालक की हालत भी गंभीर

*कार चालक शिव कुमार की भाभी शीला देवी ने बताया कि शिव कुमार पिछले दो वर्ष से खजूरी खास से आनंद विहार तक ईको वैन चलाता है। कई वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। लेकिन उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। फिलहाल वह हर्ष विहार इलाके में किराये के मकान में अकेला रहता है। किसी ने उन्हें फोन कर हादसे के बारे में बताया। वह अस्पताल पहुंची तो देखा कि शिव अस्पताल में बाहर चबूतरे पर लेटा हुआ था।*

# राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की जल्द हो सुनवाई : कोर्ट

● उच्चतम न्यायालय ने लाजपत नगर बम विस्फोट केस की सुनवाई में देरी जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 1996 में राष्ट्रीय राजधानी के लाजपत नगर में हुए बम विस्फोट मामले की सुनवाई में देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों की शीघ्र सुनवाई होना समय की मांग है। न्यायालय ने कहा कि मामले की सुनवाई में देरी से राष्ट्रीय हित से समझौता किया गया। 21 मई, 1996 की शाम को हुए इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी और लगभग 38 लोग घायल हुए थे।

उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में चार दोषियों- मोहम्मद नौशाद, मिर्जा निसार हुसैन, मोहम्मद अली भट और जावेद अहमद खान को कोई राहत दिए बगैर जीवनपर्यंत कारावास की सजा सुनाई और कहा कि उन्होंने विस्फोट करके भारत को अस्थिर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश को अंजाम दिया था। न्यायालय ने अपने 190 पृष्ठ के फैसले में कहा, देरी, चाहे किसी भी कारण से हो, चाहे प्रभारी न्यायाधीश या अभियोजन पक्ष के कारण हो, निश्चित रूप से राष्ट्रीय हित से समझौता किया गया है। ऐसे मामलों की शीघ्र सुनवाई समय की जरूरत है, खासकर तब, जब यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आम आदमी से संबंधित हो। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ कहा, राजधानी के बाजार पर हमला किया गया और हम ऐसा कह सकते है कि इस मामले से आवश्यक तत्परता और

### सिसोदिया जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो आदेशों को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग भी था। सीबीआई ने उन्हें घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए पहली बार 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था और तब से वह हिरासत में हैं।

# बारिश से राजधानी के कई क्षेत्रों में जलभराव



अंडरपास में जलभराव क चलते फंसे वाहन।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण कई हिस्सों में जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों के मुताबिक भारी बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नियंत्रण कक्ष को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में जलभराव होने की कई शिकायतें मिलीं।

अधिकारियों के अनुसार पीडब्ल्यूडी के नियंत्रण कक्ष को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से जलभराव की 15 शिकायतें मिलीं। अधिकारियों के अनुसार जिन इलाकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं, उनमें बुराड़ी में कौशिक एन्क्लेव, वजीराबाद से तिमारपुर जाने वाला मार्ग और मंडोली रोड का इलाका शामिल है। भाजपा की दिल्ली इकाई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर बुराड़ी इलाके का एक वीडियो साझा किया, जिसमें स्कूली वर्दी में बच्चे घुटने तक पानी से गुजरते दिखे। भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जलभराव के मुद्दे पर ध्यान देने को कहा। दिल्ली नगर निगम द्वारा साझा किए गए आंकड़े के मुताबिक दिल्ली के नौ स्थानों पर जलभराव की सूचना मिली, जिनमें बापरोला में जय विहार, आजाद मार्केट, पालम में साध नगर, शाहपुर जाट, अशोक विहार में निमरी कॉलोनी, न्यू राजिंदर नगर और सीलमपुर में कांति नगर पूर्व जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

एमसीडी को गीता कॉलोनी, ईस्ट ऑफ कैलाश में संत नगर, वजीरपुर में जेजे कॉलोनी, विवेक विहार में योजना विहार और किशनगढ़ में कटवारिया सराय में पेड़ उखड़ने की भी सूचना मिलीं। यातायात अधिकारियों ने कहा कि प्रगति मैदान, मोदी फ्लाईओवर, एम्बी रोड के दोनों ओर के रास्ते, रानी झांसी रोड के इलाकों में जलभराव के कारण जाम लग गया।

# तीस हजारी गोलीकांड में 3 वकील गिरफ्तार

● पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए चार दिन की रिमांड पर लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तीस हजारी कोर्ट परिसर में बुधवार दोपहर को गोली चलने के मामले में सब्जी मंडी थाना पुलिस ने जांच के बाद वकील अमन सिंह, रवि गुप्ता व सचिन सांगवान को गिरफ्तार कर तीन से चार दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 तमंचे, 4 कारतूस और 2 कारें जब्त की गई हैं। दूसरी तरफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने मामले की जांच के लिए कमेटी का भी गठन कर दिया है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि तीन वकीलों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

पुलिस ने कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाई है।

उत्तरी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के पकड़ने के लिए उत्तरी जिले की कई टीमें गठित की गई और घटना के वीडियो का विश्लेषण किया गया। ऑप्स सेल, नॉर्थ, पीएस कश्मीरी गेट, कोतवाली और लाहौरी गेट के सहयोग से सब्जी मंडी थाना पुलिस की टीम द्वारा रात भर ऑपरेशन चलाया गया। इसके बाद तीन वकीलों को पकड़ लिया। आरोपी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के प्रतिद्वंद्वी समूह से हैं। अन्य आरोपी वकीलों की भी पहचान कर ली गई है। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गय है।

मामले में सब्जी मंडी थाने में दंगा भड़काने, गोली चलाने, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज की गई है। सेंटर डिस्ट्रिक कोर्ट के ब्रांच इंस्पेक्टर सुनील कुमार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# डीडीए ने एक हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट का किया आवंटन

● जेलरवाला बाग व अशोक विहार के जे.जे.क्लस्टर के योग्य परिवारों को दिया घर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इन सीटू पुनर्वास परियोजना यानी जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत 1,078 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग फ्लैटों का आवंटन किया है।

डीडीए ने इस परियोजना के तहत जेलरवाला बाग व अशोक विहार के जेजेक्लस्टर के योग्य परिवारों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए हैं। इन सभी परिवारों को मांग सह आवंटन पत्र 27 जून, 2023 को जारी कर दिया गया था। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अनुसार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के निर्देश पर एक सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र जेजेक्लस्टर के पास है।



गुरुगवार को चांदनी चौक से सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन ने इस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया।

इस केंद्र में जेजेक्लस्टर के निवासियों को मांग सह आवंटन पत्रों का वितरण, बायोमेट्रिक प्राप्त करना, इच्छुक आवंटियों को वित्तीय संस्थान द्वारा लोन के प्रावधान की सुविधा, संपत्ति के कब्जेके लिए दस्तावेज तैयार करना व जमा करना और संपत्ति के लिए कब्जा पत्र जारी करने जैसी सुविधाएं केंद्र में उपलब्ध होंगी।

# सरकार का दावा, जीएसटी कलेक्शन में 15% की वृद्धि

● पहली तिमाही में 8028.91 करोड़ रहा राजस्व : आतिशी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में जीएसटी कलेक्शन में 15 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि का दावा किया है।

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के जीएसटी कलेक्शन 6985.05 करोड़ की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में 8028.91 करोड़ रहा है। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, केजरीवाल सरकार पूरे देश के लिए ईमानदारी की नजीर बनी है। जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ उनकी सरकार ने साबित किया कि अगर नियत सही हो तो सरकारों के पास पैसे की कोई कमी नहीं होगी।

आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 8 सालों में जनता पर कोई नया कर लगाए बिना लगातार बजट बढ़ाया गया है। दिल्ली की इकॉनमी और बजट ग्रोथ ने साफ कर दिया है कि यदि सरकार ईमानदार हो तो सरकारी खजाने में पैसे बढ़ते हैं। इसलिए जो सरकारें कहती है कि उनके पास पैसे नहीं है, उनके सामने केजरीवाल सरकार उदाहरण है कि एक ईमानदार सरकार के रूप में न केवल अपना राजस्व बढ़ाया बल्कि उससे स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक, अच्छे अस्पताल भी दिए है।

### दिल्ली सरकार की कोई भूमिका नहीं : भाजपा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी ने जीएसटी बढ़ने का दावा किया गया है। जीएसटी बढ़ाने में दिल्ली सरकार की कोई भूमिका नहीं है। क्योंकि इसके संग्रह की निगरानी और सुनिश्चितीकरण जीएसटी द्वारा किया जाता है। भारतीय परिषद समय-समय पर इसका जीएसटी भारतीय परिषद जो निर्माताओं और व्यापारियों को प्रेरित करने के लिए कर की दरों को बढ़ाती या घटाती है और कर की चोरी को रोकती है। सचदेवा ने कहा कि अन्य सभी राज्यों की तरह दिल्ली सरकार को भी जीएसटी का आधा हिस्सा मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### औरंगजेब लेन का नाम एपीजे अब्दुल कलाम लेन हुआ





**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली की औरंगजेब लेन का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लेन कर दिया गया है। यह लेन मध्य दिल्ली में अब्दुल कलाम रोड को पृथ्वी राज रोड से जोड़ती है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को भारत के 11वें राष्ट्रपति कलाम के नाम वाले एक साइनबोर्ड का अनावरण किया। एक अधिकारी के अनुसार, लेन का नाम बदलने की मंजूरी 28 जून को हुई, एनडीएमसी सदस्यों की बैठक में दे दी गई थी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने भी पिछले सप्ताह घोषणा कर इसकी जानकारी साझा की थी। इससे पहले 2015 में परिषद ने औरंगजेब रोड का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कर दिया था।

### वार्षिक पौधारोपण अभियान नौ जुलाई से : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वार्षिक पौधारोपण अभियान नौ जुलाई को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के परिसर से शुरू होगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राय ने बताया कि दिल्ली सरकार पांच साल में राष्ट्रीय राजधानी में दो करोड़ पौधे लगाने के अपने वादे को पूरा करने के करीब है। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली में चुनावों से पहले, हमने दो करोड़ पौधे लगाने का वादा किया था। हमने 2020-21 में 32 लाख, 2021-2022 में 35 लाख और 2022-23 में 50 लाख पौधे लगाए, तथा 2023-24 में 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि हम 2019 से शुरू हुई पांच साल की अवधि में दो करोड़ पौधे लगा लेंगे।

### रोहिणी में मुठभेड़ के बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 30 वर्ष के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो उस समूह का हिस्सा था जिसने मध्य दिल्ली में जामा मस्जिद के समीप स्थित एक होटल के बाहर गोलीबारी करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। यह जानकारी एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। अधिकारी ने कहा कि मोहम्मद कामिल उर्फ नाहिद को रोहिणी इलाके में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी के मुताबिक, उसके (कामिल) और पुलिस के बीच उक्त मुठभेड़ में पांच गोलियां चलीं, जिसमें से एक गोली कामिल के पैर में लगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला कामिल भाड़े का हत्यारा है और वह अपने शहर के आरिफ-सलमान गिरोह से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने कहा कि उन्हें (पुलिस) गुप्त सूचना मिली थी कि कामिल बुधवार रात करीब 11 बजे बाइक से वजावा रोड पर स्थित महादेव चौक के समीप आ रहा है। पुलिस ने बताया कि यह भी सूचना थी कि कामिल अपने एक सहयोगी से मिलने के लिए रोहिणी सेक्टर-29 की ओर जाने वाला है।

# छात्रों ने रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान तकनीक से निकाला

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किया देश में पहली बार शुरू हुई दिल्ली रोबोटिक्स लीग और एचई-21 प्रदर्शनी का उद्घाटन

● 38 स्कूलों की 68 टीमें ले रहीं हिस्सा, 90 छात्रों ने 26 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में पहली बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली रोबोटिक्स लीग और एचई-21 प्रदर्शनी की शुरुआत हुई है। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय लीग एवं प्रदर्शनी में 38 स्कूलों की 68 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

रोबो कंचा की थीम पर छात्रों ने मॉडल पेश किए और सात एचई-21 स्कूलों के 90 छात्रों ने प्रदर्शनी में अपने 26 प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी छात्रों ने रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान तकनीक के जरिए निकाला है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के 8 साल बाद पूरी दुनिया के अंदर सबसे अच्छी शिक्षा सरकारी स्कूलों में मिल रही है। प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रोडक्ट की तारीफ करते हुए, केजरीवाल ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रोडक्ट बनाए हैं, इस बारे में वह कल्पना भी नहीं कर सकते थे।



दिल्ली रोबोटिक्स लीग और एचई-21 प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी शामिल हुई।

जब वह 11वीं क्लास में थे तब इस तरह के प्रोडक्ट बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। बच्चों द्वारा बनाए गए एक प्रोडक्ट में किसान को अपनी जमीन में कितनी सिंचाई करनी है, उसके बारे में बताया गया है। किसान कई बार ज्यादा पानी डाल देता है, उससे फसल भी खराब हो जाती है। कम पानी डालता है, वो भी ठीक नहीं है। बच्चों ने अपने इस प्रोडक्ट में मिट्टी के अंदर जगह-जगह सेंसर लगाए हुए हैं। फिर दो जितनी आर्द्रता चाहिए, उतना ही पानी फसल को देते हैं। यह बहुत अच्छी चीज है। अगर इसे बड़े पैमान पर बढ़ावा दिया जाए तो देश में खेती के क्षेत्र में बहुत बड़ा आंदोलन आ सकता है।

रोबो कंचा की थीम पर तैयार किए मॉडल 'कंचा' भारत में एक पारंपरिक खेल के तौर पर खेला जाता रहा है। जिसे ज्यादातर बच्चे व सभी उम्र के लोग मनोरंजन के लिए खेलते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यही रखा गया है कि छात्र समस्या को हल करने की सोच के साथ काम करें। इसके लिए गेमिंग का कॉन्सेप्ट, रोबोट की डिजाइनिंग और निर्माण, टेस्टिंग, डिबगिंग को बढ़ावा देकर एक विजयी रणनीति लाने पर जोर दिया गया है। दिल्ली रोबोटिक्स लीग छात्रों को टीम भावना के साथ काम करने का मौका देती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023



# मॉनसून का लाभ उठाते हुए हर व्यक्ति पांच पेड़ जरूर लगाए : नवीन गोयल

### पर्यावरण बचाने के दो उपाय, कपड़े के थैले इस्तेमाल जरूर करें

### पेड़ लगाने के अनुकूल समय का लाभ उठाएं गुरुग्रामवासी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के अशोक विहार में जन जागरुकता सभा में बोलते नवीन गोयल।

**जन** जागरुकता कार्यक्रम में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि पेड़ लगाने का यह अनुकूल समय है। हर व्यक्ति पेड़ लगाने का एक अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है। यह बात उन्होंने अशोक विहार फेज-1 गली नंबर-5 निकट सीता राम मंदिर गुरुग्राम में कही।

नवीन गोयल ने कहा कि मॉनसून का समय और सावन का महीना चल रहा है। यह समय धर्म और कर्म के लिए बेहद ही खास होता है। हम अपनी धार्मिक भावनाओं से भगवान भोले की आराधना इस समय में अधिक करते हैं। कोई घर पर रहकर भोले को मंदिरों में जलाभिषेक करता है तो कोई हरिद्वार से कांवड़ लेकर आता है। हम सब अपनी भक्ति के भोले बाबा का गुणगान करते हैं। जिस तरह से हम भगवान की आराधना करते हैं, उसी प्रकार से हमें प्रकृति की भी आराधना पेड़ लगाकर करनी चाहिए। प्रकृति को हम अपने लिए बेहतर बना सकते हैं। इसमें हमारा कुछ खर्चा नहीं लगता, बल्कि जरा सी मेहनत लगनी है। अपने घर के आसपास खाली जगहों पर पेड़ लगाएं। बच्चों, बुजुगों के हाथों से पेड़ लगवाएं। किसी की याद में और किसी को यादगार बनाने के लिए पेड़ लगाएं। यह काम एक है और इसे करने के लिए प्रेरणा कई हो सकती हैं। इसलिए हमें पेड़ लगाने के अभियान को चलाना चाहिए। मॉनसून में कम मेहनत में ही पेड़ लग जाते हैं और बड़े हो जाते हैं। अगर हमारे आसपास कहीं जगह ना हो तो हम बाहर सड़कों के किनारे जाकर पेड़ लगा सकते हैं। शहर के बीचों-बीच डिवाइडर पर पेड़ लगा सकते हैं। हर व्यक्ति कम से कम पांच पेड़ जरूर लगाए। इस अवसर पर बिरेन्द्र दलाल, पुष्कर राज शर्मा, संजय उपाध्याय, महेश वशिष्ट, राम मूर्ति रस्तोगी, चन्द्रप्रकाश डागर, ऊषा भारद्वाज, हेमा उपाध्याय, हेमा वर्मा, संतोष कौशिक, बलबीर शर्मा, महेंद्र, एमएम पंथ, कृष्ण यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी रही हड़ताल से तहसील में नहीं हुई एक भी रजिस्ट्री

**सोहना।** लगातार दूसरे दिन भी तहसील कार्यालय में ऑल हरियाणा क्लर्क एसोशिएशन की हड़ताल के चलते किसी भी भूमि का पंजीकरण नहीं हो सका। तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं से लेकर स्टांप पेपर विक्रेता, अजनवीस, वसीकानवीस आदि पूरा दिन तहसील से संबंधित अन्य कार्य कराने में ही लगे रहे।

गुरवार को भी स्थानीय तहसील कार्यालय खुला जरुर था। लेकिन ऑल हरियाणा क्लर्क एसोशिएशन की हड़ताल के कारण भूमि का पंजीकरण का कार्य नहीं हुआ। जातिगत व रिहायशी जैसे प्रमाण पत्र का कार्य जैसे तैसे नागरिकों के कराएं गए। गुरवार को भी जमीन पंजीकरण के लिए पहले से ऑनलाइन काटे गए 100 टोकन काम नहीं आए। जबकि गुरवार को एक भी टोकन तत्काल में नहीं काट। जिसका कारण एक दिन पहले तत्काल में काटे गए टोकनों के आधार पर रजिस्ट्रियां पंजीकृत न होना तहसील कार्यालय में और दिनों की तरफ से नागरिकों की भीड़भाड़ नहीं थी। गुरुवार को बुधवार की अपेक्षा 50 फीसदी ही नागरिक अपने कामकाज के लिए पहुंचे। दोपहर के दो बजे बाद अधिवक्ताओं से लेकर अजीनवीस, स्टांप पेपर विक्रेता, टाइपिस, अधिवक्ताओं के मुंशी आदि ने अपने घरों को जाना शुरु कर दिया था।

**लाखों रुपये का राजस्व का घाटा** : पिछले दो दिन में भूमि का पंजीकरण न होने के कारण राजस्व विभाग को लाखों रुपये का आर्थिक घाटा हुआ है। एक दिन में स्टांप ड्यूटी के नाम पर कई लाख रुपये तहसील कार्यालय में आता है। जिसका लाभ प्रदेश सरकार व नगर परिषद को होता है।

> “**हड़ताल** के चलते दूसरे दिन भी भूमि का पंजीकरण का कार्य ठप रहा। तहसील कार्यालय में अन्य कार्यों को लेकर आए नागरिकों के तुरन्त किए गए। ताकि दूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले नागरिक की परेशानियों को देखते हुए निराश नहीं किया। (**लछीराम-नायब तहसीलदार सोहना**)

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा लालदास महाराज का 483वां जन्मोत्सव आज



**फिरोजपुर झिरका।** आज शुक्रवार के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा लालदास महाराज का 483वां जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ गढ़ अंदर पुराने डीएसपी ऑफिस के पास स्थित बाबा लालदास मंदिर के प्रांगण में मनाया जाएगा। उक्त सभी जानकारी गिर्राज गोयल, भूषण गोयल, रतन लाल शर्मा, सतीश गर्ग, सतीश बीवां ने दी। उन्होंने बताया कि बाबा लाल दास महाराज के जन्मोत्सव को लेकर धर्म प्रेमियों में काफी जोश है। इसके लिए बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर में शुक्रवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रात्रि के समय बाबा लालदास का संकीर्तन किया जाएगा। उन्होंने शहर के समस्त धर्म प्रेमियों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्म प्रेमी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर बाबा लालदास महाराज के भंडारे एवं कीर्तन का धर्म लाभ उठाएं और इस धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बने।

### उद्योग जगत के लोग परेशान, डीसी से मिले उद्योगपति

**मेवात।** रोजकामेव औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग चलाने वाले लोग बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह है बिजली। औद्योगिक क्षेत्र में कभी बिजली की वोल्टेज अधिक आती है तो कभी बेहद कम आती है। जिसकी वजह से उपकरण तक भी खराब हो रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों से एक बार नहीं बल्कि कई बार गुहार लगाई गई परंतु समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ तो उद्योग जगत से जुड़े हुए लोगों ने उपायुक्त के कार्यालय का रुख किया। उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने उपायुक्त प्रशांत पंवार से मुलाकात कर कहा कि सन 1980 के दशक में रोजकामेव औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ था। उस समय हरियाणा के गिने-चुने इलाकों में औद्योगिक क्षेत्र था, लेकिन यह औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने के बजाय लगातार बदहाली के कगार पर पहुंचता जा रहा है। उसकी सबसे बड़ी वजह है व्यापारी जगत से जुड़े लोगों को सुविधाओं का न मिलना। उन्होंने कहा कि खर्चा अधिक है और आमदनी कम है। ऐसे में उद्योग धंधे चलाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस में सबसे बड़ी बाधा बिजली बनी हुई है। बिजली की समस्या को अगर समय रहते नहीं सुलझाया गया तो यहां से उद्योगों का पूरी तरह से पलायन हो जाएगा। रोजकामेव में औद्योगिक क्षेत्र में तकरीबन 70 - 80 औद्योगिक इकाइयां हैं, लेकिन बिजली इत्यादि खामियों की वजह से अब महज 2 दर्जन के करीब औद्योगिक इकाइयां ही यहां पर चल रही हैं, जिनमें भी 4 महीने से बिजली की भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली के कट लगते हैं बल्कि वोल्टेज की समस्या है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को भरोसा दिलाया है कि उनकी समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा, लेकिन समस्या जस की तस बरकरार रही तो वह दिन दूर नहीं जब पूरी तरह से इस क्षेत्र से उद्योगों का पलायन हो जाएगा। इसके अलावा पानी, सड़क, सीवर इत्यादि की समस्या भी यहां उद्योग चलाने वाले लोगों को नहीं मिल पा रही हैं।

## बैंक कर्मी को हथियार दिखाकर लूटने वाले बदमाशों को 24 घंटा में भी सुराग नहीं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**फील्ड** से लौट रहे बैंक कर्मी को बाइक सवार दो बदमाश अवैध हथियान कनपटी पर लगा बैग लूटकर ले गए। बैग में 22 हजार रुपये की नकदी समेत, टैब व अन्य जरुरी कागजात रखे थे। शहर थाना पुलिस मामला दर्ज करने के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी है।

मूलरुप से उत्तर प्रदेश का जिला बागपत निवासी नदीम खान ने पुलिस को बताया कि वह दमदमा मार्ग पर स्थित बंधन बैंक में नौकरी करता है। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे वह नगर परिषद के गांव मौहम्मदपुर गूर्जर से बाइक पर सवार होकर अपने बैंक आ रहा था। वह बाइक से जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के पीछे बनी सड़क से आ रहा था। उसके पास उसका बैग तथा बैग में 22 हजार 800 रुपये नकद, टैब और जरुरी कागजात थे।

> “**बाइक** सवार बदमाशों की पहचान व गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीमें जुटी हुई है। आस पास सोसायटियों से लेकर मार्ग पर बनें घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरों से बाइक का पंजीकरण नंबर और बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। (**देवेन्द्र सिंह-प्रभारी शहर थाना सोहना**)

उसके पीछे से एक बाइक आई और वह उसके आगे आकर रुकी। जिस पर दो नकाबपोश बदमाश सवार थे। बाइक पर पीछे बैठा युवक ने अपने हाथ में लिया हुआ अवैध हथियार उसकी कनपटी पर लगा दिया। दूसरे ने उसका बैक कंधा से उतारते हुए छीन लिया। दोनों ही नकाबपोश बदमाश उसका बैग लेकर भाग गए।

### 24 घंटा बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं

**शहर** थाना पुलिस बैंक कर्मी के साथ हुई हथियार के बल पर लूट के आरोपियों की 24 घंटा बीत जाने के बाद कोई सुराग नहीं लगा पाई है। जबकि जिस मार्ग पर बैंक कर्मी के साथ लूट हुई है। उस मार्ग से स्थानीय कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले नागरिकों के अलावा यहा बनी सोसायटियों में रहने वाले आते व जाते है। इस लूट की वारदात के बाद से नागरिकों में आतंक का माहौल बना हुआ है।

## गुरुग्राम बैठकर विदेशियों से लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**गुरुग्राम।** तकनीकी सहायता देने के नाम पर साउथ अफ्रीका मूल के लोगों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉल सेंटर के मालिक/संचालक सहित चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार मोबाईल फोन, चार लैपटॉप, चार लैपटॉप चार्जर, चार हैड फोन व एक मॉडम बरामद किया गया है।

5-6 जुलाई 2023 की रात को निरीक्षक जसवीर प्रबंधक थाना साईबर पूर्व की टीम को एक सूचना मिली कि मकान नंबर-13, सेक्टर-47 के ग्राऊंड फ्लोर में अवैध, फर्जी तरीके से कॉल सेन्टर चलाया जा रहा है। इस कॉल सेंटर से साउथ अफ्रीका मूल के लोगों को कस्टमर सर्विस देने के नाम पर ठगा जा रहा है। इस सूचना पर साईबर अपराध सहायक पुलिस आयुक्त विपिन अहलावत के दिशा-निर्देशन में छापेमारी टीम तैयार की गई और कॉल सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान खुलासा हुआ कि वहां फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगा जा रहा है। पुलिस ने मौके से कॉल सेंटर संचालक समेत चार आरोपियों को काबू किया। उनकी पहचान निपुण उर्फ निशू कॉल सेंटर संचालक, आशीष उर्फ आशी, मोहम्मद रशीद व अभिषेक कश्यप के रूप में हुई। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। कॉल सेंटर संचालक ने पूछताछ में बताया कि उनके कॉल सेंटर से विदेशी मूल के नागरिकों को कॉल करके उनकी समस्या, शिकायत पूछी जाती है। जिस कंपनी के बारे में ग्राहक असुविधा/समस्या बताता है तो आरोपी खुद को उस कम्पनी का प्रतिनिधि बताकर व विदेशी कस्टमर को गुमराह करके उपरोक्त बताई गई कंपनी की समस्या के समाधान के लिए उनसे 200 से 500 डालरों के गिफ्ट कार्ड नम्बर ले लेते हैं। उन गिफ्ट कार्ड को रिडिम कराकर नकद रुपए प्राप्त कर लेते है।


विदेशियों से ठगी करने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## अब पिनकोड ऐप से दिल्ली में ग्रोसरी और खाने-पीने की चीजें आर्डर करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लोकल** शॉपिंग ऐप पिनकोड ऐप जो ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर डेवलप किया गया है। आज इसके दिल्ली में लाइव होने की घोषणा की गई। अब दिल्ली में पिनकोड ऐप से उपभोक्ता पसंदीदा लोकल दुकान से किराने का सामान और रेस्तरां से खाने-पीने की चीज़ें ऑर्डर कर सकते हैं।

प्रसिद्ध लोकल ब्रांड जैसे कि बीकानेरवाला, खान चाचा, बीटीडब्ल्यू, द मैन कंपनी, निरूला और आईटीसी स्टोर वगैरह की उपस्थिति के साथ, पिनकोड ऐप से उपभोक्ता अब अपने पसंदीदा लोकल स्टोर और रेस्तरां को ब्राउज़ करके वहाँ से सीधे ऑर्डर कर सकते हैं। यहां आपको सही कीमत मिलेगी और काफ़ी सारे प्रोडक्ट भी। पिनकोड पर आकर्षक छूट के साथ-साथ बिना किसी परेशानी के रिफंड और रिटर्न की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे आसानी से शॉपिंग की जा सकती है। पिनकोड पर कई और कैटेगरी जोड़ने की दिशा में तेज़ी से काम किया जा रहा है जैसे फ़ार्मा, फ़ैशन और इलेक्ट्रॉनिक वगैरह ताकि ग्राहकों को शॉपिंग का व्यापक अनुभव मिल सके। पिनकोड ऐप ऐप अप्रैल में बैंगलोर में लॉन्च किया गया था और इस पर अब तक 1 लाख से ज़्यादा ऑर्डर डिलीवर किए जा चुके हैं।

पिनकोड के जनरल मैनेजर ललित सिंह ने कहा, “हमें यह बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि पिनकोड अब दिल्ली में लाइव हो गया है।” पिनकोड को मिली शुरूआती प्रतिक्रिया और उपभोक्ताओं द्वारा इसे तेज़ी से अपनाने से हमें अपनी सेवाओं का विस्तार करने का भरोसा दिया है। हम स्थानीय विक्रेताओं को सहयोग करने और अपने ग्राहकों को खरीदारी का खास अनुभव मुहैया कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## महिला से अवैध संबंधों में की गई थी तीसरी मंजिल से फेंककर युवक की हत्या

### हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


तीसरी मंजिल से फेंककर युवक की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

**एक** युवक की तीसरी मंजिल से फेंककर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि जिसकी हत्या की गई, उसके एक महिला से अवैध संबंध थे। इसका पता लगने पर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया।

बुधवार 5 जुलाई 2023 को सेक्टर-17-18 पुलिस थाना क्षेत्र के गांव सिरहौल में पुलिस को एक व्यक्ति के छत से गिर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अब्दुल सहरोज (26) को नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अब्दुल सहरोज के बारे में उसके मामा मोहम्मद आसिफ ने पुलिस को बताया कि उसका भांजा सिरहोल में रहता था। वह गिलास एल्मुनियम फैब्रिकेटिंग का काम करता था। उसके भांजे के एक महिला के साथ अवैध संबंध थे। चार जुलाई की रात को उसका भान्जा उस महिला से मिलने गया था। वहां से उसे एक युवक अपने साथ एक कमरे पर ले गया। वहां दो व्यक्ति और मौजूद थे। तीनों ने पहले अब्दुल के साथ मारपीट की और फिर उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में निरीक्षक हरेश कुमार प्रबन्धक थाना सेक्टर-17/18 की टीम ने आरोपियों आलमदीन हुसैन (24), बिलाल हुसैन (33) व हन्नान (24) के रुप में हुई। आरोपियों ने पुलिस के समक्ष बयान दिया है कि मृतक अब्दुल सहरोज का आरोपी हन्नान की पत्नी के साथ अवैध सम्बन्ध थे, जिसके कारण उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अन्जाम दिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से मृतक का मोबाईल फोन व जूते भी बरामद हुए हैं।

## हरियाणा उदय उत्सव के तहत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया राहगीरी कार्यक्रम

**फिरोजपुर झिरका।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाणा उदय उत्सव के तहत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सिविल लाइंस रोड पर स्थित खंड विकास पंचायत कार्यालय के बाहर सुबह पांच बजे राहगीरी कार्यक्रम किया गया। जिसमें शहर के सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं सहित सभी सरकारी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा शहर के मौजीज लोगों ने भाग लिया। आपको बताते चलें इस राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन इंसान की रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाले मानसिक तनाव को दूर करने के लिए विभिन्न देशों में किया जाता है। जिसका प्रचलन अब हिंदुस्तान में भी है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम शहर फिरोजपुर झिरका में भी किया गया। जिसका संचालन अंग्रेजी के अध्यापक अनिल कौशिक ने किया। इस सामाजिक कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि के रूप में उपमंडल नागरिक अधिकारी चिनार चहल एवं उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने शिरकत। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों ने फूलों का बुक्का देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सतीश वत्स ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को सोशल मीडिया के प्रति जागरूक करें और यातायात के नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित करें, ताकि दुर्घटनाओं का बढ़ावा ना मिल सके। इसके अलावा उन्होंने असामाजिक तत्वों द्वारा फैल रही बुराइयों से बचने के लिए जागरूक किया ताकि समाज दूषित ना हो सके।

**किए गए देशभक्ति एवं सामाजिक रंगारंग कार्यक्रम :** कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने योगा देश भक्ति गीत, देशभक्ति डांस, भाषण, कविताएं, हरियाणवी फोक डांस एवं देश भक्ति नाटक बेहतरीन रूप से पेश किए और इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यमों से यातायात के नियम, साइबर क्राइम, सामाजिक कुरीतियों एवं अनपढ़ता के बारे में प्रस्तुति देकर लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की सिविल सर्जन टीम शहर के मौजीज लोगों का स्वास्थ्य चेकअप करती नजर आई। कार्यक्रम की व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। इस मौके पर थाना प्रभारी दयानंद चौकी, इंचार्ज जगदीश चंद, इंद्रजीत मजोका, नपा चेयरमैन मनीष जैन, पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन सुनील जैन, पार्षद गौरव जैन, अग्रसेन गोयल, जितेंद्र गोयल, हिंदी साहित्य समिति सलाहकार सदस्य राहुल जैन, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग एवं स्कूली छात्र छात्राएं तथा अध्यापक गण मौजूद रहे।


राहगीरी कार्यक्रम में फूलों का बुक्का देकर एसडीएम एवं डीएसपी का स्वागत करते लोग।

## बरसाती पानी ने ठेकेदार की खोली पोल, आम रास्ते में बनें गड्ढ़ें


सोहना के आम रास्ते में बरसाती पानी से बना गड्ढा।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम-सोहना** एलीवेटेड मार्ग के सर्विस रोड़ के साथ बना बरसाती नाले का पानी जमा होने से वार्ड को जाने वाली सड़क के नीचे घुस गया। बरसाती नाले के पानी ने वार्ड-21 के आम रास्ते में डाली की कंकरीट फर्श की पोल खोल दी। सड़क के नीचे पानी घुसने से दो गहरे गड्ढे बन जाने से आम लोगों की जान को खतरा बनें हुए है। नगर परिषद प्रशासन पर स्थानीय निवासी रास्ते में बनें गड्ढों पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगा रहे है।

गुरुग्राम-सोहना एलीवेटेड मार्ग के साथ बना सर्विस मार्ग पर चुंगी नंबर एक के पास बरसाती नाले की सफाई न होने से पानी जमा हो रहा है। यह पानी सर्विस रोड पर जमा होने से राहगिर व वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वहीं वार्ड-21 के आम रास्ते में करीब 6 माह पहले डाली गई कंकरीट की फर्श में गहरे गड्ढे बन गए है।

यें गहरे गड्ढे जान लेवा हादसों को दावतें दे रहे है। इतना ही नहीं रात के अंधेरे में पैदल चलने वाला नागरिक भी गड्ढों में गिरने से चोटिल होने से लेकर जान जाने का खतरा बना हुआ है। नगरवासी सुरेन्द्र का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन भी शहरी क्षेत्र में बनें नालों की सफाई में उलझकर रह गया है। शहर के बाहरी क्षेत्र में जमा बरसाती पानी से हो रहा नुकसान की तरफध्यान नहीं दे रहा है।

### पानी ने खोली पोल

**वार्ड-21** के आम रास्ते में बरसाती पानी ने करीब छह माह पहले ठेकेदार द्वारा डाला गया कंकरीट के फर्श की पोल खोल दी। बरसाती नाले का पानी फर्श के नीचे घुस जाने से दो स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए। गड्ढे होने से ठेकेदार द्वारा फर्श डालते समय उपयोग की गई घटिया सामग्री साफ नजर आ रही है। फर्श के नीचे ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते हुए डाली गई फर्श का सूखी सामग्री साफ नजर आ रही है।

## हेयर : एव्रीथिंग यू एव्हर वांटेड टु नो

प्रवीन शर्मा। नई दिल्ली

**हममें** से ज्यादातर लोगों के लिये हमारे बाल हमारे अनोखेपन की मौलिक अभिव्यक्ति हैं। चेहरे के भावों के अलावा बालों को मानव शरीर का ताज माना जाता है। तेजी से भाग रही वर्तमान जीवनशैली में ऐसे विभिन्न कारण हैं, जिनके चलते बालों को वांछित पोषण नहीं मिल पाता है। इसके अलावा, बालों की देखभाल का एक परफेक्ट रुटीन रखना भी कठिन है, क्योंकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काफी जानकारियाँ उपलब्ध है। उनमें से कुछ काम की होती हैं, जबकि बाकी नहीं!

क्या आप सचमुच अपने बालों की मजबूती, आकर्षण और उम्र को लेकर चिंतित हैं? आपको जाने-माने ट्राइकोलॉजिस्ट डॉ. अक्षय बत्रा की किताब ‘हेयर : एव्रीथिंग यू एव्हर वांटेड टु नो’ पढ़नी चाहिये, जोकि एक आसान और वैज्ञानिक तरीके से बालों की आम और खास समस्याओं से जुड़े आपके सवालों के जवाब दे सकती है।

डॉ. अक्षय बत्रा ने बालों की विभिन्न समस्याओं जैसे कि समय से पहले बालों का सफेद होना, गंजापन, पतले बाल, डैंड्रफ, आदि से परेशान कई मरीजों का इलाज किया है। वह तीसरी पीढ़ी के होम्योपैथ हैं, जोकि दस साल से ज्यादा समय से चिकित्सकीय पेशे में हैं।

### मेरे लिये इस किताब में सबसे अनूठा था पहला अध्याय

डॉ. अक्षय बत्रा की किताब ‘हेयर: एव्रीथिंग यू एव्हर वांटेड टु नो’ में आपके बालों को नुकसान से बचाने के लिये होम्योपैथी के कुछ प्राकृतिक तरीके बताये गये हैं है और इसमें ‘हेयर-फाइल’ नामक एक अलग खण्ड भी है, जो कुछ मूलभूत सुझाव और नुस्खे देता है। इस प्रकार यह किताब पढ़ने वालों के लिये दिलचस्प और आकर्षक बन जाती है। इस किताब में विभिन्न खण्ड हैं, जिनकी शुरूआत बालों के एक अनोखे ढंग से परिचय के साथ होती है और फिर बालों और सिर की त्वचा की समस्याओं के प्रकार, बाल झड़ने के कारण, बाल झड़ने से रोकना और अंततः बालों की स्टाइलिंग के सुझाव, आहार, मिथक और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न आते हैं। यह किताब अपने पाठकों को यह स्पष्टता भी देती है कि उनके बालों के लिये कौन-सा इलाज सही है। “आपके बाल आपकी सेहत के सटीक मापदंड हैं”, यह एक वाक्य ऐसे पाठकों की जिज्ञासा बढ़ा देता है, जिन्हें अपने स्वास्थ्य की चिंता है। इस किताब का लक्ष्य यह समझ देना है कि बालों की स्थिति चिकित्सकीय होती है, कॉस्मेटिक्स की समस्या नहीं, और उसका इसी हिसाब से निपटान होना चाहिये। इससे आपके शरीर के स्वास्थ्य की मौजूदा स्थिति का पता भी चल सकता है।



मेरे लिये इस किताब में सबसे अनूठा था पहला अध्याय, जो हमें ग्रीक और रोमन संस्कृति से जोड़ता है। यह बालों पर जानकारी देने वाली किसी दूसरी किताब में नहीं हुआ है। इस प्रकार पाठकों को एक प्राचीन स्पर्श मिलता है और बालों तथा जीवन का महत्व समझ में आता है। आगे चलकर अध्यायों के साथ जो कंटेन्ट मिलता है, वह शोध पर आधारित और प्रायोगिक जानकारी का संतुलन है, जिसमें बालों की आम और खास समस्याओं के लिये व्यावहारिक होम्योपैथिक समाधान और जिम्मेदारी से भरी सलाह दी गई है। इस किताब में बाल झड़ने के एक आसान से परीक्षण का उल्लेख भी है, जिसके अंत में आपको एक स्कोर मिलेगा, जोकि आपके बालों की मौजूदा स्थिति बता सकता है। हर अध्याय में डॉ. बत्राज क्लिनिक के इलाज वाले मामलों के उदाहरण भी हैं। यह किताब वाकई में बालों को लेकर समझदारी से फैसले करने में सहायक एक संपूर्ण मार्गदर्शिका है।

कुल मिलाकर यह किताब देखने में आकर्षक है, लेकिन भाषा को मरीजों के ज्यादा अनुकूल बनाया जा सकता था। मेडिकल शब्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए आम बोलचाल की भाषा में समझाया जा सकता था। यह किताब ऐसे हर व्यक्ति के लिये एक अच्छा उद्धरण है, जो अपने बालों के बारे में जानने की रुचि रखता है। इसमें सामान्य देखभाल, जैसे कि शैम्पू और ब्लोड्रूड्राइंग से लेकर समय से पहले ग्रेइंग और डैंड्रफ जैसी थोड़ी ज्यादा गंभीर समस्याओं और बाल झड़ने तथा गंजेपन जैसी बहुत गंभीर समस्याओं तक सब-कुछ है। कंटेन्ट पर अच्छी तरह से शोध किया गया लगता है और यह सूचनाप्रद है। चिकित्सकीय सलाह को आम समझ के उपयोगी सुझावों के साथ संतुलित किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023



# पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण कार्यक्रम का अहम किरदार



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे त्रिवेणी पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ महेंद्र सिंह द्वारा राजकीय मिडिल स्कूल बुखारपुर तथा चंदावली विद्यालय में पीपल, बरगद और नीम के पेड़ का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के स्टाफ और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे सच्चे हितैषी और सच्चे मित्र हैं। कुछ पालन-पोषण के बदले यह न केवल हमें, बल्कि हमारे आने वाली पीढ़ी को भी जीवन पर्यंत ऑक्सीजन के रूप में जीवनदायिनी सांसें तथा और भी बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व इसके लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। इसी के चलते स्कूलों में पौधे लगाए जाएंगे।

# कांवड़ियों के लिए हरिद्वार रूट पर पांच अतिरिक्त बसें चलेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबााद

**कांवड़ियों** को हरिद्वार जाने के लिए रोडवेज पांच अतिरिक्त बसों का संचालन कर रहा है। बसों में अग्रिम बुकिंग की सुविधा भी है। सावन में कांवड़ लाने के लिए कांवड़ियों ने हरिद्वार की यात्रा शुरू कर दी है। बोल-बम के जयघोष लगाते हुए जिले के श्रद्धालु डिपो से हरिद्वार के लिए बस से जा रहे हैं।

अभी डिपो द्वारा दो बसें सुबह व शाम को चलाई जाती थीं, लेकिन कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से डिपो द्वारा अतिरिक्त बसों को चलाया जा रहा है। डीआई भागीरथ शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उन्होंने बताया कि उस दिन भी पांच अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। वहीं अब से हर रोज शाम को हरिद्वार के लिए अतिरिक्त बसों को चलाया जाएगा। नई




बसों के साथ-साथ चालक व परिचालकों को ड्यूटी पर लगाया हुआ है, ताकि यात्रियों की संख्या पर्याप्त होते ही बस को तुरंत प्रभाव से रवाना किया जा सके।

## एनआईटी से भी ले सकते हैं बस

**एनआईटी** डिपो के संस्थान प्रबंधक रणवीर शर्मा ने बताया कि कांवड़ियों की संख्या काफी होती है।

> **हरिद्वार** के लिए बसों की कोई कमी नहीं है। सावन मेले के लिए अतिरिक्त बसों के परमिट लिए गए हैं।
>
> **लेखराज, महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो बल्लभगढ़**

उनको हरिद्वार जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए उनके डिपो से भी अतिरिक्त बसों को चलाया जा रहा है। यात्रियों की संख्या पर्याप्त होते ही बल्लभगढ़ डिपो से बस को मंगाकर रवाना कर दिया जाता है।

**एडवांस करवा सकते हैं बुकिंग :** हरिद्वार जाने वाली अतिरिक्त बसों के लिए अग्रिम बुकिंग भी करवा सकते हैं। डीआई भागीरथ शर्मा ने बताया कि एडवांस काउंटर पर यात्री अपनी सुविधा के अनुसार सीटों को बुक करवा कर टिकट लेकर जा सकते हैं, उसके बाद रात के समय बस संचालन के समय आकर बैठ सकते हैं।

# जादू का शो मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश देने का भी साधन : नेहा सिंह

## महाराणा प्रताप भवन में शुरू हुआ जादूगर सम्राट शंकर का चार दिवसीय निशुल्क शो





**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से गुरूवार को महाराणा प्रताप भवन में निशुल्क विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर द्वारा जादुई शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नेहा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के पूर्व सदस्य एवं भाजपा हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. हरेंद्र पाल राणा, डीएसपी विजयपाल सहित सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए गणमान्य लोग व स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे। विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर द्वारा विभिन्न प्रकार के जादू शो प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत छह से नौ जुलाई तक महाराणा प्रताप भवन में जादूगर सम्राट शंकर द्वारा दोपहर एक बजे से तथा शाम छह बजे से निशुल्क जादू का शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जादूगर सम्राट शंकर ने अपने जादू के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल बचाओ-जीवन बचाओं, पॉलीथिन हटाओ देश बचाओ, पौधे लागाओ पर्यावरण बचाओ आदि विभिन्न सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में बेटियों का अहम योगदान है। कन्या भ्रूण हत्या करना अपराध है। बेटियों को बचाओ और बेटियों को पढ़ाओ। बेटियां हर क्षेत्र में आगे आ रही है। जादू के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया है कि जल को बचाओ। अगर जल समाप्त हो गया तो जीवन समाप्त हो जाएगा। इसके साथ साथ पर्यावरण संरक्षण एंव नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जादू का शो एक मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश देने का एक प्रभावी तरीका भी है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को जादू का शो दिखाकर सोशल मैसेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जादू एक कला है, जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। इस कला के जरिये समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हरियाणा सरकार ने विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर को प्रदेश के विभिन्न जिलों में निशुल्क जादू शो कर इस कला के जरिये समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया है।

# अप्राकृतिक संबंध बनाने का विरोध करने पर पति ने पिलाया जहर

## पीड़िता की शिकायत पर पति, देवर, सास व ससुर के खिलाफ केस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**विवाहिता** पर ज्यादती का मामला सामने आया है। आरोप है कि अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाने का विरोध करने पर पति ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ पिला दिया। गले में रस्सी डालकर फंदा लगा कर हत्या का प्रयास भी किया। कैंप थाना पुलिस ने उसके पति, देवर, सास व ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार एक महिला ने दी शिकायत में कहा कि उसका पति शराब पीने का आदी है। उसके साथ शादी के बाद से ही अप्राकृतिक संबंध बनाने को लेकर मारपीट करता है। इसको लेकर अपने देवर, सास व ससुर से शिकायत की तो उन्होंने भी उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके कमरे में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए। शिकायत में कहा है कि जब उसने सीसीटीवी कैमरों को हटवाने के बारे में कहा तो उन्होंने उसके सफेद कागजों व हलफनामा पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करा लिए। 26 जून को उसका पति शराब पीकर आया और उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुला लिया और अपने भाई को बुलाकर वह अपने मायके आ गई तो उसका इलाज जिला नागरिक अस्पताल में कराया।

कुछ दिन बाद उसका भाई व पिता उसे वापस ससुराल छोड़ गए। लेकिन आरोपी उसके साथ और अधिक मारपीट करने लगे। आरोप है कि उसका पति रात में शराब पीकर आया और उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा तो उसने विरोध किया, जिस पर उसके साथ मारपीट कर उसे कोई जहरीला पदार्थ पिला दिया और रस्सी से गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। उसने जान की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। जिसके बाद उसने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, देवर, सास व ससुर के केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जीवा पब्लिक स्कूल में हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट पर वेबिनार संपन्न



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** सेक्टर-21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में नौवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में छात्रों को हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में भविष्य निर्माण और सफलता प्राप्त करने के लिए व व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान के सहयोग से सीआईएससीई द्वारा आतिथ्य प्रबंधन में कैरियर के अवसर नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीवा पब्लिक स्कूल के सभागार में ऑनलाइन मंच के माध्यम से आयोजित की गई। इस कार्यशाला के मुख्य परिचालन अधिकारी अब्दुल्ला अहमद अतिथि वक्ता रहे। जिन्होंने इच्छुक छात्रों को संबोधित किया।

कार्यशाला ने उन छात्रों को आकर्षित किया जो होटल और आतिथ्य क्षेत्र में करियर बनाने में रुचि रखते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों के कौशल विकास को उजागर करना था, क्योंकि कौशल उद्योग आज के दौर में तेजी से बढ़ रहा है। इस वेबिनार के उपरांत छात्रों ने आतिथ्य उद्योग की चुनौतियों, रुझानों और सफलता सहित आवश्यक तत्वों को भी समझा। यह वेबिनार छात्रों को आगे बढ़ने और भविष्य के लिए तैयार करने में सक्षम बनाएगा।

# 15 मई से लापता 19 वर्षीय लड़की को पलवल से किया बरामद



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व उनकी टीम ने घर से लापता 19 वर्षीय लापता लड़की को तलाश करके उसे वापिस उसके परिजनों तक पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लड़की 15 मई को घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों द्वारा तलाश किया जा रहा था। लड़की के घर से जाने की सूचना परिजनों द्वारा थाना डबुआ में दी गई।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरु कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सूचना से लड़की को पलवल से बरामद कर लिया गया है। लडकी से परिजनों के सामने पूछताछ की गई, लड़की ने बताया कि वह अब अपनी मर्जी से रहना चाहती है।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में ओलंपियाड के विजेता छात्रों को किया सम्मानित

## प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने सभी विजेता छात्रों को दी बधाई व शुभकामनाएं



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में नेशनल साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से मार्च में आयोजित विभिन्न विषयों के दूसरे स्तर के ओलंपियाड में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसके लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों को बधाई देते हुए ट्रॉफी, मैडल व प्रमाण-पत्र देकर उन्हें इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरे स्तर के ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों में बारहवीं कक्षा के आयुष शर्मा ने साइंस ओलंपियाड में जोनल रैंक एक लेकर 5000/-का नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

इसके साथ ही सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में चौथी कक्षा के हार्दिक सहरावत ने जोनल रैंक आठवां व इंटरनेशनल रैंक 10 लेकर 500 रुपये का गिफ्ट वाउचर जीता। पांचवीं कक्षा के छात्र अर्थव पोसवाल ने जोनल रैंक सात व इंटनरेशनल रैंक 16 लेकर 500 रुपये का गिफ्ट वाउचर अपने नाम किया। आयुष शर्मा ने गणित ओलंपियाड के दूसरे स्तर में जोनल रैंक सात प्राप्त की। इसके अलावा 47 अन्य छात्रों ने भी लेवल-2 में मेरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हैं।

प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में सभी छात्रों को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दिखाने की आवश्यकता है। ताकि वे आगे चलकर अन्य अनेक प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर वांछित लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

# अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन में अगस्त से शुरू होगी एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अमृता** अस्पताल के परिसर में स्थित अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन, इस साल अगस्त से 150 एमबीबीएस छात्रों के पहले बैच का स्वागत करने के लिए तैयार है। नीट-क्वालिफाई उम्मीदवारों के लिए काउंसलिंग सत्र वर्तमान में आयोजित किए जा रहे हैं। अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन अमृता विश्व विद्यापीठम का एक हिस्सा है, जिसे एनआईआरएफ 2023 रैंकिंग में भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, जैसा कि हम अगस्त में अमृता अस्पताल की पहली वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। फरीदाबाद में अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन में एमबीबीएस छात्रों के पहले बैच का प्रवेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। पिछले 25 वर्षों में, कोच्चि में अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन ने चिकित्सा शिक्षा में अपना नाम कमाया है। हम अपने फरीदाबाद परिसर में छात्रों के लिए समान असाधारण शैक्षणिक मानकों, अद्वितीय शिक्षाशास्त्र और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, हम कई मायनों में दूसरे मेडिकल कॉलेजों से अलग हैं। हमारी अनूठी विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रणाली माता-पिता को अपने बच्चे की प्रगति को स्वयं ट्रैक करने की अनुमति देती है, ताकि बाद में कोई आश्चर्य न हो। पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा में भारी बदलाव आया है। हमारी फैकल्टी की योग्यता और कौशल एमबीबीएस छात्रों को चिकित्सा की कला और विज्ञान में सफलतापूर्वक मार्गदर्शन करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण तत्व हैं। सीखने को इंटरैक्टिव बनाने के लिए, हमारी फैकल्टी छात्रों के साथ केवल एक उपदेशात्मक सत्र आयोजित करने की बजाय, अपनी प्रस्तुतियों, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों आदि को एक अत्याधुनिक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली पर अपलोड कर सकते हैं। डॉ. संजीव सिंह ने कहा, हम उभरते डॉक्टरों को सिमुलेशन लैब, रोबोटिक्स और डिजिटल स्वास्थ्य जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से भी परिचित कराते हैं। इस तरह की तकनीक भारत के कई शीर्ष सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी मौजूद नहीं है। इसके अलावा हम छात्रों में शोध करने का व्यवहार विकसित करते हैं। हमारे कोच्चि परिसर का एक समृद्ध इतिहास है और इसके कई पूर्व छात्र एम्स, हार्वर्ड व जॉन हॉपकिंस सहित दुनिया के कई महान मेडिकल स्कूलों और अस्पतालों में अध्ययन और सेवा करने के लिए गए हैं। अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन, फरीदाबाद के प्रिंसिपल कर्नल बीके मिश्रा ने कहा, अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन 2,600 बिस्तरों वाले अमृता अस्पताल से जुड़ा है, जो भारत का सबसे बड़ा निजी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है। हमारा लक्ष्य अपने छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शैक्षिक अनुभव प्रदान करना है। हमारे शिक्षण फैकल्टी पश्चिमी देशों के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों से आते हैं और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के ऐच्छिक विषयों से जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। एक ई-लाइब्रेरी और एक अत्याधुनिक अनुसंधान व नवाचार केंद्र के अलावा, बुनियादी ढांचे में एक बड़ा सिमुलेशन लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर है। जो छात्रों को कैडेवर और उच्च-निष्ठा प्रशिक्षण के साथ-साथ रोबोटिक प्रशिक्षण, हैप्टिक-आधारित प्रशिक्षण और सर्जिकल प्रशिक्षण प्रदान करता है।

फरीदाबाद में अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन अमृता विश्व विद्यापीठम का आठवां परिसर है, जिसे एनएएसी से उच्चतम संभव ग्रेड मान्यता प्राप्त है। यह कोच्चि स्थित अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन की परंपरा को आगे बढ़ाता है, जिसे एनआईआरएफ रैंकिंग 2023 के अनुसार भारत में छठे सर्वश्रेष्ठ स्कूल ऑफ मेडिसिन का दर्जा दिया गया है।

# कंपनी कर्मचारियों को साइबर ठगी के खिलाफ किया जागरूक



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**साइबर** थाना पलवल की एडिशनल एसएचओ इंस्पेक्टर रेनू शेखावत के नेतृत्व में एक टीम दिघोट स्थित फ्लोवेल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में पहुंची। जहां जागरूकता टीम का फ्लोवेल एनर्जी कंपनी के जीएम विक्की टिकको आदि ने स्वागत किया। निरीक्षक रेनू शेखावत ने वहां पर मौजूद कर्मचारियों/नागरिकों को फर्जी लोन एप से होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के इंटरनेट युग की दुनिया में हर व्यक्ति कंप्यूटर व मोबाइल फोन से जुड़ा हुआ है। उसकी नौकरी व पढाई भी मोबाइल तथा कंप्यूटर तकनीकी संसाधनों से जुड़ गई है।

इस इंटरनेट दुनिया में कुछ लोग ऑनलाइन साइबर क्राइम को अंजाम देते हैं। जिससे हमें सावधान व सुरक्षित रहने की जरुरत है तथा लोगों को अपने मोबाइल व कंप्यूटर सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करते रहना चाहिये, जिससे उस फोन व कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की क्षमता बढ़ जाती है। इस संबध में जिला पुलिस पलवल की फेसबुक और अकाउंट पर भी साइबर क्राइम से बचने के लिये सुझाव डाले गये है, जो ज्यादा से ज्यादा लोग पुलिस के फेसबुक और ट्विटर अकाउंट को फोलो करें।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**पलवल।** जिला बाल कल्याण शाखा पलवल बाल भवन के तत्वावधान में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निर्देशानुसार पलवल जिले में समर शिविरों का समापन समारोह बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नर्सरी ब्रांच में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजीता मेहता मानद महासचिव हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ ने शिरकत की तथा अध्यक्षता सुरेखा डागर जिला बाल कल्याण अधिकारी बाल भवन पलवल ने की। मंच संचालन अर्जुन शास्त्री ने किया। प्रोजेक्ट अधिकारी रामेश्वर रावत ने बताया कि समर शिविरों का आयोजन विभिन्न स्थानों के साथ बाल भवन में भी किए गए। जिसमें अन्य संस्थाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला योगासन नर्सरी पलवल के अध्यक्ष योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में बच्चों ने योगासन के आकर्षक व कठिन आसनों का प्रदर्शन किया। जिंदगी की खुशियां फाउंडेशन के संयोजक मंजूर अहमद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। समर कैंप में प्रतिभाशाली प्रतियोगी बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतबीर पटेल, बीके स्कूल के चेयरमैन सतीश कौशिश, रविदत्त शर्मा, राजेंद्र सिंह राणा, डॉक्टर महेश मेडिकल ऑफिसर, जितेश कौशिश, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सीपी यादव जादूगर, राजबाला योगा कोच, सुरजीत सिंह रावत, प्रोफेसर एनके गोयल, जिला कल्याण अधिकारी मेवात मनोज गोयल, लेखाकार कृष्ण मुरारी, मीनाक्षी, कोमल, विधि तथा तथा विभिन्न स्कूलों के स्टाफ टीचर्स व अभिभावकगण विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए साढ़े 12 हजार रुपये

**पलवल।** एटीएम से पैसे निकालने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 12,500 रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार सल्लागढ़ पलवल निवासी थान सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता है, जिसका उसने एटीएम कार्ड बनवाया हुआ है। उसको पैसों की जरूरत पड़ी तो वह रेलवे रोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गया था। उसने एटीएम मशीन में अपना कार्ड डालकर सात हजार रुपए निकाल लिए और एटीएम केबिन से बाहर निकलने लगा, उसी दौरान वहां तीन युवक आ गए। उसने बताया कि दो युवक बाहर खड़े हो गए और एक युवक अंदर एटीएम केबिन में घुस गया। अंदर घुसने वाले युवक ने कहा कि आपका एटीएम मशीन से अभी कटा नहीं है। दोबारा कार्ड डालकर इसे काटो। जिनकी बातों में आकर उसने अपना एटीएम कार्ड दोबारा मशीन में डाल दिया, इसी दौरान आरोपियों ने धोखे से उसके कार्ड को बदल दिया। जिसका उसे शक भी नहीं हुआ और वह बदला हुआ कार्ड लेकर अपने घर चला गया। बाद में उसके मोबाइल फोन पर पैसे कटने के सूचना आने लगी। आरोपियों ने उसके खाते से एक बार 10 हजार रुपए व दूसरी बार ढाई हजार रुपए निकाल लिए। सूचना देखते ही उन्होंने अपना कार्ड बैंक में सूचना देकर बंद करा दिया। कैंप थाना पुलिस ने थान सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर में अचानक ब्रेक लगाने से बाइक सवार की गई जान

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर सराय पुल के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार टोल कर्मी की मौत हो गई। मौके पर पहुंची मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार जिला मेरठ (यूपी) के पावली खास निवासी शकेब खान ने दी शिकायत में कहा है कि उसका चचेरा भाई इमरान करमन टोल प्लाजा पर नौकरी करता था। फोन पर उसे सूचना मिली कि उसके चचेरे भाई इमरान की एक्सीडेंट में मौत हो गई और शव जिला नागरिक अस्पताल पलवल की मोर्चरी में रखा हुआ है। वह तुरंत अपने परिजनों के साथ जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा। उन्होंने शव को देखकर पहचान लिया कि यह इमरान का है। पुलिस ने बताया कि इमरान बाइक पर पलवल से होडल की तरफ जा रहा था, उसी दौरान नेशनल हाईवे पर सराय गांव के निकट पुल पर उसके आगे एक ट्रैक्टर-ट्राली चल रही थी। अचानक ट्रैक्टर चालक ने बिना किसी इंडीकेशन के ट्रैक्टर को पुल पर रोक दिया। जिससे इमरान की बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई और सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध हथियार सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पलवल।** डिटेक्टिव स्टाफ पलवल ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक हनीश खान के अनुसार हेड कांस्टेबल समीम खान, मुबारक अली के नेतृत्व में गठित टीम थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत गांव अंधरोला मौजूद थी। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जो अवैध हथियार रखता है, हथीन सचिवालय के पीछे से जयंती मोड हथीन होता हुआ कोट जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी शुरू की। एक सख्स पैदल पैदल कोर्ट परिसर हथीन के पीछे वाले रास्ते से आता हुआ दिखाई दिया। जिसके हाथ में सफेद कपड़े में कुछ लिपटा हुआ दिखाई दिया। वह पुलिस को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। जिसको पुलिस टीम द्वारा काबू किया गया। आरोपी की पहचान जुबैर निवासी ईमाम कॉलोनी हथीन के रूप में हुई। जिसकी तलाशी लेने पर एक देसी बंदूक मिली, जिसके बारे में आरोपी कोई लाईसेंस पेश नहीं कर सका।

## हथीन की राजस्व सम्पदा में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



**पलवल।** जिला नगर योजनाकार पलवल द्वारा गांव हथीन की राजस्व सम्पदा में लगभग छह से तीन एकड़ में तीन अवैध कॉलोनी में सात डीपीसी व 100 मीटर रोड नेटवर्क का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था। जिसको जिला प्रशाशन की मदद से तोड़ा गया। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र नैन जिला नगर योजनाकार पलवल एवं फील्ड स्टाफ तथा पुलिस बल मौजद थे। नरेंद्र नैन ने बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। सभी अवैध कॉलोनियों में जनसाधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है क अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें। अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

## एससीओ सम्मेलन

### महत्वपूर्ण मोड़

**शंघाई** सहयोग संगठन-एससीओ की यात्रा परिवर्तनकारी रही है। हाल ही में भारत ने शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ के शिखर सम्मेलन का वर्चुअल आयोजन किया। यह इस संगठन की यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ है। इससे एससीओ की क्षेत्रीय स्थायित्व को प्रोत्साहित करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने तथा सदस्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने वाले मंच की तरह उपयोगिता सिद्ध होती है। एससीओ का गठन 2001 में किया गया था और तब यह चीन, रूस तथा मध्य एशियाई देशों के बीच मुख्यत: सुरक्षा पर केन्द्रित संगठन था। इसका उद्देश्य साझा सुरक्षा चुनौतियों को संबोधित करना, आतंकवाद से मुकाबला करना तथा क्षेत्र में स्थायित्व को बढ़ावा देना था। समय बीतने के साथ एससीओ एक बहुआयामी मंच के रूप में विकसित हुआ जिससे सदस्य देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा मिला। हालिया एससीओ शिखर सम्मेलन में अनेक महत्वपूर्ण आयाम सामने आए जिनसे संगठन की प्रगति तथा भावी प्रगति की संभावनायें उजागर होती हैं। पहला, इसकी सदस्य संख्या में विस्तार महत्वपूर्ण कदम है। ईरान को पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया है तथा तुर्किए व श्रीलंका को संवाद साझीदार बनाया गया है। इस विस्तार से न केवल एससीओ के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है, बल्कि इसने अपने दरवाजे क्षेत्रीय एकजुटता तथा विभिन्न मुद्दों पर सहयोग के लिए खोले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एक बार फिर सदस्य देशों ने आतंकवाद के समर्थकों की आलोचना की है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि सदस्य देश पाकिस्तान पर दबाव डाल रहे हैं। एससीओ के एजेंडे में सुरक्षा व आतंकवाद-विरोध में सहयोग मुख्य स्थान पर हैं और इसकी पुष्टि इस शिखर सम्मेलन में भी हुई है। सदस्य देशों ने आतंकवाद, अतिवाद तथा नशे के व्यापार के खिलाफ संयुक्त प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसमें जोर दिया गया है कि क्षेत्र में शांति व स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए एक सामूहिक कार्रवाई की जरूरत है।



शिखर सम्मेलन में आर्थिक सहयोग को भी केन्द्रीय स्थान मिला। सदस्य देशों ने क्षेत्र में व्यापार संबंधों को मजबूत करने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया। परिवहन, ऊर्जा और तकनीकी सहयोग पर हुए अनेक समझौतों से स्पष्ट है कि एससीओ आर्थिक एकजुटता को बढ़ावा दे रहा है। एससीओ शिखर सम्मेलन ने सदस्य देशों के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए संस्कृति तथा जनता के बीच संबंधों को महत्व दिया है। शिक्षा क्षेत्र में आदान-प्रदान, सांस्कृतिक त्योहारों को बढ़ावा तथा पर्यटन को प्रोत्साहन पर सदस्य देशों ने जोर दिया। इससे एससीओ में और निकटता की भावना पैदा होगी। लेकिन इन सारी चीजों के साथ ही एससीओ को वे बाधायें भी दूर करनी होंगी जो उसकी गति को प्रभावित कर सकती हैं। इसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिनको संबोधित करना निरंतर वृद्धि व प्रभावशीलता के लिए जरूरी है। इनमें सदस्य देशों के हितों में विरोधाभास, भौगोलिक जटिलतायें, सुरक्षा सरोकार व सीमा विवाद, बाहरी प्रभाव तथा सांस्कृतिक विविधता शामिल हैं। इन चुनौतियों को संबोधित करने के लिए खुले संवाद, परस्पर विश्वास तथा समावेशी निर्णय महत्वपूर्ण हैं। सदस्य देशों के सक्रिय प्रयासों से एससीओ में क्षेत्रीय स्थायित्व, आर्थिक विकास तथा बहुआयामी सहयोग बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाने की क्षमता है। एससीओ का भविष्य उज्ज्वल लग रहा है। सदस्यता बढ़ाने, पर्यवेक्षक राज्यों से संवाद मजबूत करने तथा क्षेत्रीय संगठनों से संबंध बेहतर बनाने से इसके भू-राजनीतिक प्रभाव में विस्तार होगा।

# समान नागरिक संहिता की जरूरत

**समान नागरिक संहिता एक महत्वपूर्ण अग्रगामी कदम होगा। इससे देश में सामाजिक परिवर्तन, जेंडर समानता व पंथनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



हाल ही में भारतीय विधि आयोग ने एक अधिघोषणा जारी कर सभी हितधारकों से 13 जुलाई, 2023 तक समान नागरिक संहिता-यूसीसी पर अपनी राय व्यक्त करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान संहिता होनी चाहिए। देश में अब समान नागरिक संहिता की आवश्यकता के बारे में नई बहस शुरू हो गई है। विभिन्न लोग, संगठन तथा राजनीतिक पार्टियां अब इस मुद्दे पर विचार कर रही हैं। 29 जून तक विधि आयोग को यूसीसी पर 8.5 लाख प्रतिक्रियायें मिल चुकी थीं। स्वतंत्र भारत में संविधान एक निर्देशक सिद्धान्त है। संविधान सभा ने संविधान स्वीकृत करते समय अपने नागरिकों के लिए 'समान नागरिक संहिता'-यूसीसी सुनिश्चित करने की पहल की थी। उल्लेखनीय है कि इसे संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत नीति निर्देशक सिद्धान्तों में रखा गया था।

इसका अर्थ यह है कि संविधान ने सरकार से आशा की थी कि वह राज्य नीति के इन निर्देशक सिद्धान्तों के अनुरूप नियम और कानून बनाने का प्रयास करेगी, हालांकि सइके लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई थी। इसके साथ ही 'नीति निर्देशक सिद्धान्तों' को अदालतों के माध्यम से लागू कराने का कोई प्राविधान नहीं है। समान नागरिक संहिता के साथ ही अनेक अन्य नीति निर्देशक सिद्धान्त भी हैं जिनको पूर्णत: लागू करने के लिए उपयुक्त नियम नहीं हैं। 'गौ-संरक्षण' भी ऐसे नीति निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल है।

हालांकि, अनेक राज्यों ने गौ-संरक्षण के लिए कानून क्रियान्वित किए हैं, पर केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में अलग से कोई कानून नहीं बनाया गया है। आज जब पूरे देश में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता बनाने पर बहस जारी है, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह हमारे संविधान की एक मूल अवधारणा है। हमारे देश में सभी नागरिक कानून के समक्ष समान हैं। लेकिन विभिन्न विश्वास के लोग अलग-अलग पर्सनल कानूनों से भी शासित होते हैं। जहां बहुसंख्य हिंदू समाज हिंदू पर्सनल कानूनों से शासित है, वहीं अल्पसंख्यक समाज या मुख्यत: मुस्लिम अपने पर्सनल कानूनों से शासित हैं। महत्वपूर्ण बात है कि ये पर्सनल कानून समाज में लंबे समय से लागू हैं। ऐसे में यह समझने की आवश्यकता है कि इन पर्सनल कानूनों का संबंध विवाह, विवाह विच्छेद, वरासत, दत्तक गृहण, आदि से है। लंबे समय से यह अनुभव किया जा रहा है कि विभिन्न पर्सनल कानूनों से समाज के अलग-अलग लोगों के शासित होने के कारण विभिन्न धार्मिक विश्वासों के लोगों पर लागू कानूनों में एकरूपता का अभाव है। इसके साथ ही कुछ ऐतिहासिक तथा कट्टरपंथी प्रभावों के कारण कुछ धार्मिक समूहों के पर्सनल कानून उनके समुदायों के अनेक लोगों, खासकर महिलाओं व बच्चों के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इससे पूरे समाज के कल्याण को उच्चतम स्तर पर ले जाने में बाधा पैदा होती है। उदाहरण के लिए, पिछली अनेक शताब्दियों से मुस्लिम समाज बहुत असमान तथा उत्पीड़क विवाह विच्छेद कानूनों या तलाक कानूनों के शिकंजे में फंसा हुआ है।

यदि किसी तलाकशुदा महिला का पति अपनी उसी पत्नी से पुन: विवाह करना चाहिए तो स्थिति और भी खराब है। तलाकशुदा महिला से उसी पति द्वारा पुन: विवाह करने का एकमात्र रास्ता 'हलाला' है। इसके अनुसार पूर्व-पत्नी को एक अन्य पुरुष से विवाह कर अपने नए पति के साथ रहने की पीड़ा भुगतनी पड़ती है और हलाला के निर्देशानुसार वह इस पति द्वारा तलाक दिए जाने के बाद ही अपने पूर्व-पति से विवाह कर सकती है। सौभाग्य से हाल ही में सरकार के सक्रिय समर्थन तथा अदालतों के हस्तक्षेप के कारण यह व्यवस्था समाप्त की गई है तथा 'तीन तलाक' को अवैध घोषित किया गया है। कानून के अंतर्गत एक बार में तीन तलाक देने वाले पति को जेल की सजा का प्राविधान भी किया गया है। लेकिन 'हलाला' के खिलाफ संभवत: कोई स्पष्ट अदालती आदेश नहीं है।

हालांकि, तीन तलाक के समाप्त करने से मुस्लिम महिलाओं की त्रासदी काफी सीमा तक कम हुई है, पर मुस्लिम समाज के पर्सनल कानून अभी बने हुए हैं। जहां तक हिंदू समाज का सवाल है, पर्सनल कानूनों के बावजूद लगभग पूर्ण जेंडर समानता प्राप्त कर ली गई है। लेकिन मुस्लिम समाज में ऐसा नहीं है। हिंदू पर्सनल कानूनों के अनुसार, महिला को वरासत के मामले में समान अधिकार प्राप्त हैं, पर मुस्लिम महिलाओं के साथ ऐसा नहीं है। इसी प्रकार मुस्लिम महिलाओं तथा मुस्लिम पुरुषों के बीच तलाक या विवाह कानूनों के मामले में कोई समानता नहीं है। ऐसे में यह बात समझी जानी चाहिए कि समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के साथ ही महिलाओं के अधिकारों और समाज में उनकी स्थिति में काफी सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि वैश्विक संगठनों ने 'जेंडर समानता' को प्रमुख लक्ष्य माना है। इसे संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में स्थान दिया गया है। इसका अर्थ है कि समान नागरिक संहिता लागू करने से देश इन एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने में लंबी छलांग लगाने में सफल होगा।

अलग-अलग पर्सनल कानूनों के कारण विभिन्न धर्मो के अनुयाइयों के बीच भेदभाव वाली स्थिति बनी हुई है। उदाहरण के लिए, मुस्लिम पुरुष 'बहुविवाह' के व्यवहार के अंतर्गत चार शादियां तक कर सकते हैं, पर यह बात हिंदू पुरुषों पर लागू नहीं होती है।

लेकिन समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद बहुविवाह की बुरी पृथा तथा ऐसी अनेक बुरी पृथायें समाप्त हो जाएंगी। हालांकि, हमारा दावा है कि भारत एक 'पंथनिरपेक्ष' देश है, लेकिन जब तक हम अपने देश में समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू नहीं करते हैं, तब तक असली पंथनिरपेक्षता प्राप्त नहीं हो सकती है।

असमान पर्सनल कानूनों को समाप्त कर यूसीसी विभिन्न नस्लों के अनुयाइयों के बीच विवाद घटाने में भी सहायता करेगी। वर्तमान समय में विभिन्न पर्सनल कानूनों के कारण विभिन्न नस्लों के लोगों के बीच कानूनी विवाद काफी हैं। समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के साथ ही ज्यादा शांतिपूर्ण व एकजुट समाज बनाने के अनेक अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं।

लेकिन समान नागरिक संहिता लागू करने के रास्ते में अनेक चुनौतियां भी हैं। वैसे स्वतंत्रता के फौरन बाद संविधान की मूल भावना के अनुरूप देश में समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन कर देना चाहिए था। लेकिन उस समय सत्ता में बैठे राजनेताओं को भय था कि कुछ समुदायों के कट्टरपंथी सोच वाले लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। इसी कारण यूसीसी लागू करने का मामला टलता रहा। यही कारण है कि आज अनेक प्रकार के कट्टरपंथी तत्वों का हौसला बढ़ गया है और वे ऐसा माहौल बना रहे हैं जैसे कि यदि समान नागरिक संहिता लागू की गई तो इससे देश में कानून-व्यवस्था खतरे में पड़ जाएगी। लेकिन जब देश ने तीन तलाक जैसी उत्पीड़क व्यवस्था समाप्त की तो उसे समाज के सही सोच-विचार वाले लोगों का पूरा समर्थन मिला।

कुछ कट्टरपंथियों के विरोध के बावजूद इसे व्यापक समाज व बुद्धिजीवियों ने खासतौर से खूब पसंद किया। इतिहास मे भी ऐसे क्षण आए थे जब अदालत ने शाहबानो मामले में एक पीड़ित मुस्लिम महिला को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। लेकिन राजीव गांधी के नेतृत्व में तत्कालीन सरकार ने इस फैसले को उलट कर एक कानून बना दिया जिसके अनुसार मुस्लिम महिला के अधिकारों पर कुठाराघात किया गया। इस प्रकार मुस्लिम महिलाओं के प्रति असमान व उत्पीड़नकारी व्यवहार जारी रहा। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को अपना राजनीतिक एजेंडा बदलने की भी आवश्यकता है। वर्तमान समय में जारी 'अल्पसंख्यक तुष्टीकरण' या मुसलमानों की तुष्टीकरण नीति के चलते वे बिना किसी तर्क के समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन में बाधायें खड़ी कर सकते हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में पैरोकारी में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। लेकिन जब आने वाले दिनों में संसद देश में समान नागरिक संहिता-यूसीसी पास करने के लिए बैठेगी तो न केवल सरकार, बल्कि पूरे समाज को इस संबंध में दृढ़ता प्रदर्शित करनी होगी।

हमें यह समझने की आवश्यकता है कि समान नागरिक संहिता कोई सामान्य कानून नहीं है। यह देश में सामाजिक व जेडर समानता, पंथनिरपेक्षता तथा महिलाओं के लिए न्याय की दिशा में आगे की ओर बहुत लंबी छलांग सिद्ध होगा।

# दिव्यांगों के लिए वरदान है सहायक तकनीक

> भारत में विकलांग लोगों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर केंद्रित स्टार्ट-अप में वृद्धि देखी जा रही है।

**राजेश अग्रवाल**
(लेखक, भारत सरकार में सचिव हैं)



सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) कोई भी उत्पाद या सेवा है जो विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडीएस) या स्वास्थ्य स्थितियों वाले व्यक्तियों को मुख्यधारा में शामिल होने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दैनिक गतिविधियां करने में मदद करती है। मई 2022 में डब्लूएचओ और यूनिसेफ द्वारा शुरू की गई सहायक प्रौद्योगिकी (जीआरईएटी) पर पहली वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 2.5 बिलियन से अधिक लोगों को एक या अधिक सहायक उत्पादों की आवश्यकता है। भारत में, जहां 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 26.8 मिलियन लोग विकलांग हैं, जो सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को दर्शाता है।

भारत में विकलांग लोगों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच शामिल है। इसके अलावा, कई विकलांग लोग पहुंच की कमी के कारण परिवहन और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं। सहायक प्रौद्योगिकी विकलांग लोगों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भाग लेने में मदद करके इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) का उद्देश्य दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण सहायक उपकरण और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है। पिछले कुछ वर्षों में, एलिम्को भारत में एटी के क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। एलिमको सहायक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाती है, जिसमें कृत्रिम अंग, ऑर्थोसिस, श्रवण यंत्र और गतिशीलता सहायक उपकरण जैसे ट्राई-साइकिल, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर, बैसाखी आदि शामिल हैं।

एलिमको ने दुनिया भर में प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सहायता और सहायक उपकरणों का उत्पादन करने के लिए अपनी सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इस दिशा में, एलिमको ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सहयोग किया और लोअर लिम्ब प्रोस्थेटिक कंपोनेंट (कृत्रिम पैर) और सक्रिय व्हीलचेयर के स्वदेशी निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए टीओटी पर हस्ताक्षर किए।

एलिमको द्वारा निर्मित कृत्रिम अंग के लिए परिवर्तन किट की कीमत दी गई श्रेणी में आयातित कृत्रिम अंग की तुलना में बहुत कम है, जिसे देश भर में हजारों लाभार्थियों को लगाया गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में दृष्टि बाधित लोगों के लिए स्वदेशी डिजाइन और निर्मित सुगम्य छड़ी की परिकल्पना की गई है।

प्रौद्योगिकी अवशोषण की दिशा में एलिमको द्वारा किए गए प्रयासों में अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक केंद्र; बेहतर डिज़ाइन दक्षता - 3डी मॉडलिंग और विश्लेषण सॉफ्टवेयर, 3डी प्रिंटिंग सहित कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (सीएडी) और कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम); सीएनसी स्लाइडिंग हेड मशीन और सीएनसी टर्न मिल मशीन का उपयोग; स्पेक्ट्रो विश्लेषक - सटीक/सटीक धातु विश्लेषण के लिए, बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल में रिवर्स ड्राइव और डिस्क ब्रेक जैसी नई सुविधाएं शामिल की गईं, और एक्टिव फोल्डिंग व्हीलचेयर और रफ टेरेन व्हील चेयर का डिजाइन/ड्राइंग।

दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थानों और परिवहन प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा 2015 में सुगम्य भारत अभियान शुरू किया गया था और यह विकलांग लोगों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने पर केंद्रित है। 2015 में शुरू की गई कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना का लक्ष्य 2022 तक दस लाख विकलांग लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें दिव्यांगों को उनके कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए एटी प्रदान करने का प्रावधान है।

विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा सहायक उपकरणों और उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों को सहायता (एडीआईपी) योजना विकलांग लोगों को सहायक उपकरणों और उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यह सबसे लोकप्रिय और कवर की गई योजना है। देश के लगभग हर जिले में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

विभाग द्वारा विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के तहत देश भर में नौ राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए गए हैं, साथ ही राष्ट्रीय संस्थानों की विस्तारित शाखाओं के रूप में 21 समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भी स्थापित किए गए हैं।

भारत में दिव्यांगजनों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप में वृद्धि देखी जा रही है, जो दिव्यांगजनों के लिए नवीन उत्पाद बनाने के लिए नवीनतम तकनीक का लाभ उठा रहे हैं, जो भारत सरकार के समर्थन से समावेशन को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

आज, एटी विकलांगता पर विश्व मंच पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय है, जो विकलांग लोगों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित एक वैश्विक कार्यक्रम है। कुल मिलाकर, भारत में विकलांगता क्षेत्र में सहायक प्रौद्योगिकी का दायरा महत्वपूर्ण है, और इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स का एक बढ़ता हुआ पारिस्थितिकी तंत्र है। सरकार ने समावेशन को बढ़ावा देने और विकलांग लोगों के जीवन में सुधार लाने में एटी समाधानों की क्षमता को पहचाना है और एटी समाधानों के विकास, अपनाने और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। निरंतर निवेश और समर्थन के साथ, भारत में एटी समाधानों के विकास और अपनाने में वैश्विक नेता बनने की क्षमता है।

## आप की बात

### कथनी-करनी में अंतर

**एससीओ** की वर्चुअल बैठक में मोदी जी ने आतंकवाद के खिलाफ दोहरे रवैए को रोकने का आह्वान किया। चीनी व पाकिस्तानी राष्ट्राध्यक्ष ने बड़ी मासूमियत से आतंकवाद के 10 सिर वाले राक्षस को जड़ से खत्म करने की बातें की। उनकी यह बातें उनकी कथनी और करनी के फर्क को साफ उजागर करती है। पूरा विश्व जानता है कि चीन जहां छोटे राष्ट्रों को निगलने के लिए योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है और पाकिस्तान कंगाल होने के बावजूद आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। यदि पाकिस्तान आतंकवाद पर खर्च होने वाला धन और समय अपने देश की कंगाली को खत्म करने में लगा दे तो उसका उद्धार हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर अच्छी-अच्छी मीठी-मीठी बातें करने और व्यावहारिक धरातल पर उसके विपरीत आचरण करने से किसी का भला होने वाला नहीं है। यह बात इन देशों को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि यदि भारत अपना रौद्र रूप दिखाएगा तो उनके लिए बचाव करना मुश्किल हो जाएगा। इन देशों को भारत की सदाशयता को उसकी कमजोरी समझने की भूल कतई नहीं करना चाहिए। विश्व समुदाय को भी पाकिस्तान और चीन की दोमुंही बातों तथा कथनी-करनी में अंतर पर गौर करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### संस्कृति की प्रतीक

**पवित्र** श्रावण मास शुरू होते ही उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाकर कांवरिये सुल्तानगंज से पैदल 108 किलोमीटर दूर बाबा नगरी देवघर प्रस्थान करने लगे हैं। पूरे दो माह उत्साह के इस माहौल के बीच पुलिस व प्रशासन की अग्नि परीक्षा होनी है। कुछ कमियों को छोड़ दें तो कांवरियों को हर सुविधा देने का पूरा ख्याल रखा गया है। कांवरियों के ठहरने, पानी व खाने की उचित व्यवस्था है। किसी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए मेडिकल वैन स्वयंसेवक भी तैनात हैं। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। रात को रोशनी की कमी ना होए इसका भी पूरा इंतजाम है। पूरे सावन महीने में बिहार, झारखंड, पूरे उत्तर भारत व नेपाल तक से लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। बिहार व झारखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कांवरियों की सुरक्षा तथा उनकी सुविधा का ध्यान रखने के लिए पुलिसव प्रशासन को चाकचौबंद कर दिया है। कांवड़ मार्ग पर मांस व शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की व्यवस्था भी हर साल की जाती है। कांवड़ियों में समाज के सबसे कमजोर लोगों की सहभागिता भारतीय संस्कृति की प्रतीक है।

– **सदन जी,** पटना

### वीडियो बनाने की आदत

**कोई** नदी में डूब रहा है, कोई ऊपर से गिर रहा है, कोई बच्चा कुत्तों के झुण्ड से संघर्ष कर रहा है, कहीं अग्नि तो कहीं पानी और कहीं पहाड़ से गिर कर कोई दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। ऐसे में भी वीडियो-वीर केवल वीडियो बनाने में इतने मशगूल रहते हैं कि लाचार व्यक्ति बचने के लिए संघर्ष करता रह जाता है या कभी-कभी जीवन-मृत्यु की जोखिम से हार जाता है। क्या वीडियो बनाने वालों को उनपर तरस नहीं आता जो मदद मांग रहे होते हैं? वीडियो बनाने की बजाय यही लोग यदि संघर्षरत बच्चे या व्यक्ति या महिला की मदद करें तो शायद वे उनको जोखिम से उबार सकते हैं और उनकी जान बचा सकते हैं। आखिरकार वीडियो बनाने वाले भी तो इंसान ही हैं और इंसान को इंसान की मदद करने से दुआ ही मिलेगी, वीडियो बनाने से कोई उन्हें स्वर्ग नहीं मिल जाएगा। समाज में किसी पीड़ित की सहायता करने के बजाय वीडियो बनाने की आदत जैसी सोच का व्यापक विरोध होना चाहिए। पुलिस को भी ऐसे मामलों में कार्रवाई के बारे में सोचना चाहिए। फैशन या वाहवाही के नाम पर ऐसी आदतों की निन्दा होनी चाहिए।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### महिलाओं की स्थिति

**ईरान व अफगानिस्तान** में महिलाओं की इतनी दयनीय स्थिति है कि कल्पना करके रूह काँप जाती है। उनके हंसने, बोलने, खेलने, गाने, अभिनय तथा जीविकोपार्जन हेतु काम करने पर रोक है। अफगानिस्तान में कट्टर तालिबानियों ने महिलाओं के ब्यूटी पार्लरों को भी बंद करने के आदेश दे दिए हैं। 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्ज़ा करने के बाद से यहां महिलाओं की आज़ादी लगातार कम होती गयी है। उन्होंने किशोर लड़कियों और महिलाओं को कक्षाओं, जिमों और पार्कों में जाने से रोक दिया है तथा हाल ही में उनके संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान ने आदेश दिया है कि महिलाओं को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जिससे केवल उनकी आंखें दिखाई दें और यदि वे 72 किमी से अधिक की यात्रा कर रही हैं तो उनके साथ एक पुरुष रिश्तेदार होना चाहिए। ऐसा लगता है कि तालिबान सार्वजनिक जीवन के हर स्तर पर महिलाओं को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। लगता है कि विश्व जनमत ने तालिबानी फरमानों के विरोध का विचार छोड़ दिया है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था धारा 370 का जमकर विरोध: योगी

**● मुख्यमंत्री ने डॉ. मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सीएम** योगी गुरुवार को पार्क रोड स्थित सिविल हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। उनका जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित था। भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए उनके द्वारा किए गए बलिदान को यह देश सदैव स्मरण करेगा।

उन्होंने कहा कि वह भारत के उद्योग और खाद्य नीति के मार्गदर्शक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजी के विचार को आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सरकार से मतभेद उस समय भी देखने को मिले था, जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने भारत के संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 जोड़कर देश की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया था। उसका श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जमकर विरोध किया था। उस समय उन्होंने नारा दिया था एक देश के दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे। सीएम योगी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त, प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात शिक्षाविद थे। आजादी के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मात्र 35 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में शिक्षा क्षेत्र अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। आजादी के पूर्व बंगला में आई अकाल की त्रासदी के समय उन्होंने मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। सीएम योगी ने कहा कि भारत के प्रति डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। 1952-1953 से चली आ रही त्रासदी अनुच्छेद 370 को प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त 2019 को समाप्त किया और जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। आज जम्मू और कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विकसित पर्यटन स्थलों का इतिहास अंकित करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में स्थित महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक पर्यटन स्थल जिनका विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार द्वारा पर्यटन सुविधाएं विकसित की है, उनके ऐतिहासिक महत्व एवं मान्यता संबंधी सम्पूर्ण विवरण अंकित करने के निर्देश दिए हैं। पर्यटक स्थलों के बारे में विस्तार से सूचनाएं दर्शाने से दूर दराज के स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचने में आसानी होगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच हो सकेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि पर्यटन स्थलों का इतिहास एवं उनके संबंध में जनश्रुतियों तथा मान्यताओं का विवरण दर्शाने के लिए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम को निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन मंत्री ने प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में ऐतिहासिक धार्मिक तथा पौराणिक महत्व के पर्यटन स्थल मौजूद हैं। देश-विदेश के सैलानी आते रहते हैं।

इन स्थलों के अलावा अल्पचर्चित पर्यटन स्थल भी हैं। इनको पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने के लिए पर्यटन विकास का कार्य कराया गया है। इन स्थलों तक पर्यटकों को पहुंचने के लिए इन स्थलों का पूरा विवरण तथा इतिहास आम जनता को पता होना चाहिए। इसको दृष्टिगत रखते हुए विकसित किए गए पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया जाना जरूरी है। बहुत से पर्यटन स्थल ऐसे हैं जिनके बारे में आम जनता की आस्था जुड़ी हुई है। इनके धार्मिक महत्व के बारे में लोगों की मान्यताएं बहुत गहराई तक जुड़ी हुई हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक पर्यटन स्थलों का इतिहास लेखन जरूरी है। उन्होंने इतिहास लेखन की कार्यवाही को प्राथमिकता देते हुए ससमय पूरा कराने की अपेक्षा की है।

# गाजियाबाद क्षेत्र से 250 अतिरिक्त बसों का किया जाएगा संचालन

**● श्रावण मास के दौरान हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत की गई व्यवस्था: एमडी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में गाजियाबाद क्षेत्र में परिवहन निगम ने कुल 250 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। कावड़ यात्रियों को परिवहन की उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम निरन्तर कार्य कर रहा है। उन्हें हरिद्वार जाने में असुविधा न हो, इसी के दृष्टिगत गाजियाबाद क्षेत्र में स्थित खुर्जा बस स्टेशन पर 30 बसें, बुलन्दशहर, हापुड़, लोनी, साहिबाबाद बस स्टेशन पर 35-35 बसें, सिकन्दराबाद, गाजियाबाद में 20-20 बसें एवं कौशाम्बी बस स्टेशन पर 40 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था किये जाने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद को दिए गए हैं।

प्रबंध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने बताया कि परिवहन मंत्री ने कावड़ यात्रियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आवागमन के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रावण मास की शिवरात्रि पर्व 15 जुलाई को मनाया जा रहा है। उक्त पर्व पर महत्वपूर्ण बस स्टेशनों से हरिद्वार जाने वाले कावड़ यात्रियों की संख्या अत्यधिक रहती है। यात्रियों की उपलब्धता को देखते हुए उन्हें परिवहन सुविधा उपलब्ध कराया जाए। इस संबंध में परिवहन निगम अपनी पूरी तैयारियां कर रहा है। बसों के रात्रि संचालन के लिए स्टेशन प्रभारी एवं कार्मिकों की ड्यूटी निर्धारित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि रात्रि में बसों का संचालन बेहतर तरीके से हो सके।

# पीएम मोदी करेंगे 12 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं की बरसात

**● वाराणसी में आज जनसभा कर मोदी व योगी करेंगे लोकसभा चुनाव का आगाज**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सावन** में पहली बार काशी आ रहे प्रधानमंत्री पूर्वांचल के लोगों के लिए योजनाओं की बरसात लेकर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर काशी की जनता पुष्पवर्षा करके उनका स्वागत अभिनंदन करेगी। वाराणसी से 2024 के चुनाव का आगाज करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां वाजिदपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही दोनों नेता श्रीकाशी विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री 7 जुलाई को दोपहर में दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ रहे हैं। इस मौके पर काशी ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वांचल के विकास के लिए प्रधानमंत्री 12110.24 करोड़ की 29 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

पीएम मोदी शुक्रवार 7 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर दोपहर बाद करीब 3 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस दौरान वाजिदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आवास के लाभार्थियों से बात करेंगे और मंच से उनको प्रमाणपत्र, आवास की चाभी और आयुष्मान कार्ड का प्रतिरूप प्रदान करेंगे। पीएम मोदी और सीएम योगी अपनी जनसभा में डबल इंजन सरकार की 9 सालों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएंगे। जनसभा में वाराणसी की सभी आठों विधानसभा क्षेत्र से 50 हजार की संख्या में जनता के आने की बात कही जा रही है। मोदी शुक्रवार शाम को बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक भी करेंगे। टिफिन बैठक में भाजपा के सभी विधायक, विधान परिषद् सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगर निगम के सभी 63 पार्षद, नगर पंचायत गंगापुर के पार्षद सहित 120 पदाधिकारी शामिल होंगे। ये बैठक बरेका गेस्ट हाउस में होगी। पीएम मोदी इस बैठक में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूरी 80 सीट जीतने का मंत्र कार्यकर्ताओं को देंगे। वहीं 8 जुलाई को प्रधानमंत्री प्रबुद्धजनों से मुलाकात भी कर सकते हैं। कयास लगाये जा रहे हैं पीएम काशी में चल रही विकास की गतिमान परियोजनाओं का निरीक्षण भी कर सकते हैं। पहले भी कई बार प्रधानमंत्री वाराणसी में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर चुके हैं।

# कांग्रेस मुख्यालय में जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्र** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरंभ करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बाबू जीवन राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन बृजेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

इस मौके पर बृजलाल खाबरी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के समकालीन रहे लोगों में से एक थे। उन्होंने आजाद भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री के रूप में इस देश की सेवा की। 1931 में वह कांग्रेस के सदस्य



● प्रदेश अध्यक्ष खाबरी सहित कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

बने और सन 1936 में 25 साल की उम्र में बाबू जगजीवन राम सबसे युवा विधान परिषद सदस्य बने और वर्ष 1946 में जवाहर लाल नेहरू की अंतरिम सरकार में सबसे युवा मंत्री बने। इंदिरा गांधी की सरकार में 1970 में उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया। कृषि मंत्री रहते उन्होंने देश में हरित क्रान्ति कार्यक्रम चलाया जिसे हमारा देश कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ मजबूती से आगे बढ़ा। पूर्व राज्यसभा सांसद पीएल पुनिया ने उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम, जिन्हें बाबूजी के नाम से जाना जाता है, एक राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ने वाले योद्धा, वंचित वर्गों के हिमायती तथा एक उत्कृष्ट सांसद थे। अन्याय के विरोध में वह अनुसूचित जातियों को संगठित कर सामाजिक आंदोलन में जुट गए और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और 1940 के दशक में दो बार जेल गएए उनका संघर्ष आज के दौर में भी प्रासंगिक है, जब देश में दलितों पर अत्याचार बढ़ रहा है उसके खिलाफ़ आवाज उठाने की प्रेरणा आज भी उपयोगी है प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने संगोष्ठी में कहा कि जगजीवन राम आजीवन भेदभाव के खिलाफ लड़ते और समाज में फैले छुआछूत के खिलाफ अभियान चलाया। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि वह महापुरुष थे उनके संघर्ष और विचार हमें पुन: स्मरण और आत्मसात करने की जरुरत है, देश में जो भाजपा द्वारा समाज को बांटने का जहर बोया जा रहा है, ऐसे में बाबू जगजीवन राम के विचारों पर चलने की जरुरत है।

# उप मुख्यमंत्री ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने लखनऊ आवास पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे। प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान-एक निशान-एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।

# अनियमितता पर तीन भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि मुख्यालय से संबंद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** आदित्यनाथ सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी के तहत कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा अनियमितता करने वाले तीन भूमि संरक्षण अधिकारियों को जालौन से कृषि मुख्यालय लखनऊ संबद्ध कर दिया गया है।

जनपद जालौन में कार्यरत 8 भूमि संरक्षण अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही जिलाधिकारी जालौन द्वारा संस्तुति की गई थी। 8 भूमि संरक्षण अधिकारियों में से 5 भूमि संरक्षण अधिकारी पूर्व में ही जनपद जालौन से अन्य स्थानान्तरित किए जा चुके हैं जबकि परितोष मिश्रा वर्तमान में जनपद जालौन में जिस पद पर तैनात हैं, उस पद पर राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी को तैनात किया जा चुका है। शेष 2 भूमि संरक्षण अधिकारियों शहाबउद्दीन, भूमि संरक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलागम जालौन प्रथम तथा भीमसेन भूमि संरक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलागम जालौन द्वितीय। इन तीनों अधिकारियों को कृषि मुख्यालय कृषि भवन लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया है।

# गीता प्रेस शताब्दी वर्ष समापन समारोह का प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे समापन

**लखनऊ।** सनातन साहित्य के प्रकाशन की वैश्विक ख्याति वाली संस्था गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में भाग लेने के लिए आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक स्वागत करने को गोरक्षनगरी पूरी तरह से तैयार और बेकरार है। गीता प्रेस पहुंचकर पीएम मोदी एक नया इतिहास भी रचेंगे। किसी भी प्रधानमंत्री का यह गीता प्रेस में प्रथम आगमन होगा। गोरखपुर दौरे पर पीएम मोदी रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही उनके द्वारा 693 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे स्टेशन रिमॉडलिंग परियोजना का भी शिलान्यास किया जाएगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को दोपहर बाद गोरखपुर आएंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी अगवानी के लिए पहले से गोरखपुर में रहेंगे। गोरखपुर आगमन पर मुख्यमंत्री सबसे पहले गीता प्रेस पहुंचेंगे। यहां आयोजित शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में वह बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। पीएम मोदी गीता प्रेस में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के साथ लीलाचित्र मंदिर का अवलोकन करेंगे। साथ ही उनके हाथों शिव महापुराण के आर्ट पेपर पर प्रकाशित रंगीन चित्रमय विशिष्ट अंक का विमोचन भी होगा। गीता प्रेस के कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां वह वाया अयोध्या गोरखपुर से लखनऊ तक चलने वाली तीव्र गति व अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 1056 हाटस्पाट चिन्हित

**1448 क्यूआरटी, 243 कंपनी पीएसी के साथ ही एसडीआरएफ और सीएपीएफ भी की गई तैनात**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांवड़** यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा समीपवर्ती प्रान्तों उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब तथा दिल्ली के वरिष्ठ पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई चरणों में समन्वय गोष्ठियां तथा वर्चुअल कांफ्रेंस आयोजित करते हुए उत्कृष्ठ अंतरप्रांतीय समन्वय के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। राज्य के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि श्रावण माह तथा कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों में 1056 संवेदनशील स्थान/ हॉटस्पाट चिन्हित करते हुए जोन व सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। समस्त महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व आयोजन स्थलों पर 1448 क्यूआरटी टीमों को तैनात किया गया है।

भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण माह 4 जुलाई 2023 से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त 2023 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष श्रावण माह में 8 सोमवार, श्रावण शिवरात्रि (16



जुलाई 20230, नागपंचमी (21 अगस्त 2023) तथा रक्षाबन्धन (30 अगस्त 2023) की मुख्य पर्व-तिथियां हैं।

स्पेशल डीजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा समस्त कमिश्नरेट व जिलों में श्रावण माह तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कई दिन पूर्व से तैयारी प्रारम्भ करते हुए उत्कृष्ठ अंतरप्रांतीय तथा अंतरजनपदीय समन्वय के लिए विभिन्न स्तरों पर गोष्ठियां, भ्रमण तथा सम्बन्धित धर्मगुरुओं, विभागों के साथ समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए सुदृढ़ पुलिस प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रावण माह व कांवड़ यात्रा से सम्बन्धित कुल 1165 कांवड़ मार्गों (13921 किमी), 4159 शिवालय मन्दिर, 362 जल लेने के स्थान (नदी घाट) तथा 362 श्रावण मेला स्थान चिन्हित करते हुए वृहद पुलिस प्रबन्ध किया गया है। समस्त परम्परागत कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करते हुए कार्ययोजना बनाकर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। स्पेशल डीजी ने बताया कि कांवड़ यात्रा तथा श्रावण माह के विभिन्न आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्यालय स्तर से 243 कम्पनी पीएसी बल, 3 कम्पनी एसडीआरएफ, 7 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। जनपद वाराणसी, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर तथा शामली में विशाल कांवड़ यात्रा, वृहद आयोजनों तथा श्रद्धालुओं की अपार संख्या के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक- 13, पुलिस उपाधीक्षक-33, निरीक्षक-75, उप निरीक्षक -244, पुरुष आरक्षी- 1250, निरीक्षक-उप निरीक्षक यातायात- 22, मुख्य आरक्षी व आरक्षी यातायात-150 तथा एटीएस की कमांडो टीमों को भी समस्त आवश्यक उपकरणों संसाधनों सहित तैनात क्यिया गया है। सादे वस्त्रों में भी महिला व पुलिस कर्मियों की टीमें बाडी वार्न कैमरे, वाइना कूलर, ड्रैगन लाइट, एचएचएमडी, वायरलेस स्टेटिक//हैण्ड हेल्ड सेट तथा लाउड हेलर के साथ लगाया गया है। श्रावण माह के समस्त आयोजन स्थलों, जल लेने के समस्त प्रमुख स्थानों (नदी घाट) तथा जल चढ़ाने के महत्वपूर्ण शिवालय व मन्दिरों के आस-पास तथा संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है । यूपी-112 के 4800 दोपहिया चारपहिया पीआरवी वाहनों का पुनर्व्यवस्थापन करते हुए सघन पेट्रोलिंग कराई जा रही है। समस्त जनपदों में क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन, एण्टी रायट गन, वाटर कैनन व वज्र वाहन के साथ समस्त यात्रा मार्ग, प्रमुख स्थलों व चिन्हित हॉट स्पाट्स/ स्ट्रेटजिक प्वाइन्ट्स पर व्यवस्थापित करते हुए अधिकारियों के नेतृत्व में निरंतर फ्लैग मार्च तथा रूट मार्च किया जा रहा है। राजपत्रित अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय व सतर्क करते हुए अफवाहों पर नियंत्रण के लिए विशेष रूप से कार्रवाई की गई है। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक व अराजक तत्वों को चिन्हित कर सतर्क चौकसी रखी जा रही है।

श्रावण माह तथा कांवड़ यात्रा के समस्त महत्वपूर्ण पर्वों व सोमवार को यात्रा मानीटरिंग के लिए पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम पर शिफ्टवार राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर प्रदेश के समस्त जनपदों में यात्रा से सम्बन्धित प्रत्येक सूचना व घटना का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है।

# मंत्री ने 'अटल जलशक्ति यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर दूसरे चरण का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह गुरुवार को अपने सरकाररी आवास पर भू-गर्भ जल विभाग द्वारा आयोजित अटल जलशक्ति यात्रा के द्वितीय चरण का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अटल जलशक्ति यात्रा के माध्यम से आम जनमानस इस योजना से जुड़कर अटल भूजल योजना को सफल बनाने में सकारात्मक भूमिका निभायेगा, जिससे हमारा प्रदेश खुशहाली की तरफ तेजी से आगे बढ़ेगा।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अटल जलशक्ति यात्रा के द्वितीय चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों बागपत, मुजफ्फरनगर तथा मेरठ में 6 से 10 जुलाई 2023 तक संचालित किया जायेगा। यात्रा में जनपद स्तर में प्रभात-फेरी, गोष्ठी का आयोजन, जल श्रोतों पर श्रमदान व वृक्षारोपण तथा जनपद में जल संरक्षण के प्रति कार्य कर रहे व्यक्तियों से सम्पर्क कर 'पानी मेरा जिम्मेदारी मेरी' को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। उन्होने कहा कि अटल जलशक्ति यात्रा का 7 जुलाई को जनपद बागपत, 8 जुलाई को शामली, 9 जुलाई को मुजफ्फरनगर में जिला अधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संचालन होगा तथा 10 जुलाई को मेरठ म निर्धारित कार्यक्रमों के उपरान्त समाप्त होगी।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अटल भूजल योजना का मुख्य स्त्रोत चयनित क्षेत्रों में गिरते भूगर्भ जल को घटने से रोकने और संवर्धन के लिए कार्य करना है। जल की कमी वाले क्षेत्रों में भूजल के स्तर को राज्य-केन्द्र सरकार को विभिन्न योजनाओं के अभिचरण के माध्यम से समुदाय के नेतृत्व में उचित निवेश/प्रबन्धन कार्यों के लागू कर उद्देश्यों को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि भूजल की समस्या को दूर करने के लिये अटल भूजल योजना प्रदेश के 10 जनपदों को 26 विकास खण्डों की 550 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई 2023



### सावन की तैयारियों को लेकर सीएमओ ने संभाला मोर्चा

# निकल पड़े स्वास्थ्य सेवाएं परखने

● अनुपस्थित मिले अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस



**लखीमपुर खीरी।** सावन माह के चलते छोटी काशी में पहुंचने वाले हजारों.लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से की गई तैयारियों का जायजा लेने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सीएचसी गोला व पीएचसी सुहेलाए पीएचसी झाऊपुर सहित सीएचसी फरधान का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सावन मास में हजारों.लाखों श्रद्धालुए शिवभक्त छोटीकाशी गोला पहुंचते हैं। इसे लेकर कांवरियों और शिव भक्तों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि वह हर तरह से तैयार रहें। इसी के साथ सीएचसी व पीएचसी को विशेष रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैंए जो गोला गोकरननाथ छोटी काशी शिव भक्तों और कांवरियों के पहुंचने के प्रमुख रास्तों में आती हैं। इसी के दृष्टिगत सीएचसी गोला व पीएचसी सुहेलाए पीएचसी झाऊपुर और सीएचसी फरधान का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। तैयारियों के दृष्टिगत दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। गोला मंदिर में लगाई गई टीम मौके पर मिलीए एंबुलेंस भी मिली। सीएचसी गोला में मेडिकल ऑफिसर शंकर दयाल 3ए 4ए 5 और 6 जुलाई को अनुपस्थित मिले। साथ ही अधीक्षक और सुपरवाइजर को माह में एक बार पीएचसी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएचसी गोला के एक्स.रे टेक्नीशियन का तबादला हो गया है। वैकल्पिक व्यवस्था करने और जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती है कब तक उन्हें रिलीव न के निर्देश दिए गए हैं। पीएचसी सुहेला में फर्मासिस्ट कमलेश वर्मा 3 जुलाई से लगातार अनुपस्थित मिले। वहीं पीएचसी झाऊपुर में एमओसीएच अनूप कुमार और लैब असिस्टेंट अरविंद और वार्ड बॉय संजय कुमार अनुपस्थित मिले। सीएचसी फरधान में एनएमएस राम विनय रे 5 और 6 जुलाई को अनुपस्थित थे। एलएचबी पुष्पा वर्मा 1 जुलाई से अनुपस्थित मिली। कम्प्यूटर ऑपरेटर निधी, ऑप्टोमेट्रिस्ट आमिर हयात, स्टाफ नर्स कनक तिवारी भी अनुपस्थित मिली?। साथ ही सीएचसी फरधान में चल रही आशा मीटिंग में पहुंचकर उन्होंने निर्देश दिए। अनुपस्थित मिले समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### मंदिर में निर्माण कार्य शुरू करते ही हंगामा, मुस्लिम समुदाय के लोगों को बेच दी जमीन, मूर्तियां हैं स्थापित

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से कुछ दूरी पर दरगाह से थोड़ा पहले एक घर है जिसमे मंदिर है जिसको मुस्लिम समाज के व्यक्ति के हाथ बेंच दिया गया जिसमें मूर्तियां स्थापित थीं। हिंदू समुदाय के लोगों का कहना है कि यह मंदिर था मगर इसके दरवाजे बाहर की साइड से जहां मूर्तियां स्थापित हैं हमेशा बंद रहते हैं। इस जगह को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खरीद लिया और आज उसमें निर्माण कार्य शुरू किया था जिसके बाद हिंदू संगठन और स्थानीय हिंदू समुदाय के लोग सक्रिय हो गए और हंगामा खड़ा हो गया मौके पर पुलिस पहुंच गई और निर्माण को रोक दिया गया ।दरअसल कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सौदागरान की आला हजरत राह पर दरगाह से पहले एक जगह है जिसमें मूर्तियां स्थापित हैं जिसको मुस्लिम समुदाय के लोगों के हाथ बेंच दिया गया है।

## घाघरा के किनारे स्थित गांव समूहों को कटान से बचाने के लिए युद्धस्तर पर की गई फ्लड फाइटिंग

● आपातकालीन कटावरोधी कार्य

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन की तरफ से घाघरा नदी कटान रोकने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। बाढ़ खंड के अफसर घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर स्थित गांवो को कटान से बचाने के लिए 700 मीटर संवेदनशील रीच में 40 अदद बंबू कटर तथा अति संवेदनशील 200 मीटर रीच में ईसी बैग्स को गेबियन रोप कैरिट्स प्रयोग कर टोबाल के साथ स्लोप कटिंग कर कटान को नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बाद प्रभावित होने वाली आबादी ने राहत की सांस ली है।आवश्यकतानुसार लांच सामग्री का रीक्यूपमेंट भी किया जा रहा है। जनपद खीरी में घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर स्थित तहसील धौरहरा के ग्राम सुजानपुरए लालापुर को कटान से बचाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने आपातकालीन फ्लड फाइटिंग कार्य युद्ध स्तर करते हुए सुरक्षित कर दिया है। घाघरा के जलस्तर के वृद्धि को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। अभी कोई खतरा नहीं है। विभाग पैनी नजर बनाए हुए है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आवश्यकतानुसार रिजर्व सामग्री यथा ई0सी0 बैगए नायलॉन क्रेटए नारियल रस्सीए बम्बू इत्यादि भी उपलब्ध है। अफसरों को बाढ़ एवं कटान क्षेत्रों में सतत भ्रमण सील रहते हुए हर गतिविधि पर पैनी निगाह रखने के लिए निर्देश दिए हैं। जिले में कहीं भी बाढ़ कटान की सूचना प्राप्त होने पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए आवश्यकतानुसार आपातकालीन कार्य कराये जाये। जिले में बाढ़ एवं कटान क्षेत्र में सतत भ्रमण व संरचनाओं की निगरानी की जा रही हैए जिसके कारण जनपद में अवस्थित समस्त तटबन्ध एवं कटावरोधी परियोजनायें सुरक्षित एवं पूर्ण प्रभावी हैं। जिला प्रशासन बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पैनी निगाह रखे हुए हैं और जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग है। नेपाल राष्ट्र में पहाड़ों पर हो रही बारिश से शारदाध्घाघरा नदियों का जल स्तर बढ़ गया हैए परन्तु जनपद खीरी में बाढ़ एवं कटान की स्थिति सामान्य है एवं आबादी सुरक्षित है। एतिहातन सम्भावित नदी कटान के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आपातकालीन कटावरोधी कार्य किए जा रहे है।

### पशु से टकराकर बाइक सवार महिला की हुई मौत

**पलियाकलां.खीरी।** मझगईं थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी सागर राठौर की पत्नी अपने बेटे मनोज राठौर के साथ बाइक से दवा लेने पलिया गई हुई थीं। बताया जाता है कि दवा लेकर वापस आते समय एवन हास्पिटल के पास पहुंचे ही थे कि तभी अचानक सामने से आवारा पशु आ गया। आवारा पशु को देखकर चालक ने बाइक में ब्रेक लगाई लेकिन उसके बावजूद भी बाइक आवारा पशु से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक पर सवार रामरती;55द्ध पत्नी सागर राठौर निवासी त्रिलोकपुर बाइक से नीचे जा गिरी जिनके सिर मे गम्भीर चोट आई। घायल को राहगीरों की मदद से पलिया सीएचसी पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि लखनऊ ले जाते समय रामरती की रास्ते में मौत हो गई।

## सीएम आवास योजना से 1184 हुए लाभान्वित

● वित्तीय वर्ष में 33 हजार आवासों का प्राप्त हुआ लक्ष्य

●11 हजार आवासों का निर्माण कार्य हुआ पूरा ●पीएम आवास योजना में अब तक 2,35211 आवास हुए आवंटित ●लाभार्थियों को आज आवासों की सौंपी जाएगी चाभी

**संवाददाता।** सीतापुर

**यूपी** के सीतापुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में एक बार फिर उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष में 33 हजार आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ, जिसमें से 11 हजार नए आवास बनाए जा चुके है। इन सभी लाभार्थियों को शुक्रवार को आवासों की चाभी सौंपीं जाएगी। इसके लिए वृहद स्तर पर भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना लागू होने से लेकर अब तक के उपलब्धि पर नजर डाले तो जिले में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार की गई अस्थाई पात्रता सूची में 1 लाख 61 हजार 920 लाभार्थियों को नामित किया गया था, जिसनें से आपात्रों की छटनी कर 1 लाख 13 हजार 369 पात्र लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। फिर भी तमाम पात्र आवास योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए। इसके लिए वर्ष 2020-21 में आवास प्लस योजना के तहत एक लाख 31 हजार 777 पात्र लाभार्थियों में से अब तक एक लाख 21 हजार 842 पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है, जो 9 हजार 935 लाभार्थी रह गए है उन्हे भी आवास आवंटित करने की तैयारी चल रही है। इस तरह जिले में अब तक 2 लाख 35 हजार 211 लाभार्थी योजना से लाभान्वित हो चुके है। जबकि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2018-19 से अब तक 1 हजार 184 लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। आवास आवटंन में सीतापुर सूबे में तीसरे स्थान पर है। जबकि आजमगढ़ पहले और प्रयागराज दूसरे स्थान पर है। शुक्रवार को जनपद के लाभार्थियों को एक साथ आवासों की चाभी सौंपीं जाएगी। इसके लिए शहर में सेक्रट हार्ट इंटर कॉलेज सीतापुर निकट सिचांई भवन कार्यालय में अपराहन 3 बजे से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल सम्बोधन भी सुनाया जाएगा। प्रधानमंत्री वाराणसी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगें। जबकि सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और डीएम अनुज सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेगें। जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में एक हजार लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को चाभी प्रदान की जाएगी।

## शराबी ने पत्नी की काटी नाक

● परिवार के भाई के साथ अवैध संबंधों की आशंका को लेकर पति ने पत्नी हुई मारपीट

●पति ने हाथ बांध कर घर के कमरे में अपनी ही पत्नी की धारदार औजार से नाक काट डाली

●पीड़ित पत्नी अपने पुत्र के साथ पुलिस चौकी बेहजम पति के विरुद्ध कार्रवाई के लिए दिया प्रार्थना पत्र

**बेहजम खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहटा गांव निवासी नीरज राज की पत्नी सीमा देवी व सीमा के पारिवारिक जेठ के लड़के सातान पुत्र मंगू को कमरे में पत्नी केसाथ देख लेने पर शराबी पति नीरज ने अपनी ही पत्नी के दोनों हाथ बांधकर घर के कमरे में पत्नी की धारदार हथियार से नाक काट ली। शराबी पति पत्नी को लहूलुहान हालत में छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। घायल सीमा ने बताया कि पति के द्वारा नाक काटने पर घटनास्थल पर बेहोश हो गई ।होश आने परअपने आठ वर्षीय पुत्र सनी के साथ अपने ही पति के विरुद्ध नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम पुलिस चौकी पर शिकायती पत्र लेकर पहुंची । वहीं पीड़िता ने बताया कि घर पर मैं परचून की दुकान चलाती हूं मेरे जेठ का लड़का सातन तेल लेने आया था जिसको तेल देने के लिए कमरे की कुंडी बंद कर ली इसी बात को लेकर मेरे शराबी पति ने पहुंच गया और देख कर मारपीट करने लगा इसी दौरान सातन मौके से फरार हो गया और मेरे पति नीरज ने मेरे दोनों हाथ पीछे बांधकर मेरी नाक काट ली। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार भारती आरोपी की तलाश में जुटे हैं पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

### डंपर से भिड़ी प्राइवेट बस कई लोग घायल

**बरेली** ।रात के समय सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी को तेजी से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी जिससे पिकअप डिवाइडर से जा टकराई और डंपर सड़क पर ही रुक गया इसी दौरान पीछे से आ रही प्राइवेट बस डंपर से टकरा गई जिससे बस में सवार एक दर्जन से से अधिक लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जिनमें से कई की हालत नाजुक बताई जाती है ।

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Jatinder Singh Chadha S/o Bhupinder Singh Chadha and his wife Gurvinder Kaur both R/o WZ-3, Old 23 B Ram Nagar Extension, Tilak Nagar, Delhi 110018 have severed all their relations with their son Amandeep Singh Chadha along with his wife Harbany Kaur Saini. Both of my above named clients have disowned and debarred his said Son and his wife from all their moveable and immovable properties. Anyone dealing with their son Amandeep Singh Chadha and his wife will do so at his/ her/ their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by Amandeep Singh Chadha and his wife.
Place: New Delhi
Date: 05-07-2023
Hemant Kishor (Advocate)
Delhi High Court & District Courts
Mobile: 9999892423

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Sh. Atul Kumar Agarwal S/o. Sh. Sudhir Agarwal and Smt. Anjali Agarwal W/o. Sh. Atul Agarwal are the 'Title Holders' in possession of **'Entire First Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. 40/57, Chittaranjan Park, New Delhi – 110019 admeasuring 132.10 sq. mtrs.'**, hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Sale Deed dated 08.12.2021, registered as Registration No. 6725, Book No. 1, Vol. No. 16311, pp. 22–38 on 09.12.2021 in the Office of the Sub Registrar–V, Mehrauli, New Delhi. That the Original Documents w.r.t. the chain of the Schedule Property being the documents for the Schedule Plot, i.e. (i) Perpetual Lease Deed dated 04.04.91, (ii) General Power of Attorney and Agreement to Sell dated 20.11.1991, (iii) Sanction for Construction Letter dated 10.01.1992, (iv) General Power of Attorney, Special Power of Attorney, Agreement to Sell, Will, Receipt & Possession Letter all dated 06.10.1993 and (v) Conveyance Deed dated 14.01.1997, have been lost, misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 05.07.2023 bearing LR No. 626432/2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property presently intended by the Title Holders, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 15 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holders shall proceed to sell the Schedule Property as presently intended.
Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

## पुण्यतिथि पर बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की



**बरेली।** श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में दलित राजनीति का जिक्र जब कभी होता है तो उनका नाम जुबां पर सबसे पहले आता है। हमारे देश में ऐसे सैकड़ों क्रांतिकारी हुए हैं जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और राजनीतिक कौशल के दम पर देश की राजनीति में गहरी छाप छोड़ी है उन्हीं महान विभूतियों में से एक रहे हैं 'बाबू जगजीवन राम'। इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और तपस्या के दम पर लाखों लोगों की जिंदगियां बदली, समाज के हर तबके के लोग को साथ लेकर चलने के लिए जीवन प्रयत्न काम किए। बाबू जगजीवन राम को सामाजिक न्याय और समाज में हाशिए पर पड़े लोगों के सबसे बड़े मसीहा के रूप में जाना जाता है उन्होंने दलित वंचित और शोषितों के लिए राजनीतिक गलियारों में आवाज उठाई उन्हें हक और न्याय दिलाने के लिए झंडे बुलंद किए। आज उन्हीं की पुण्यतिथि है जिस पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है।पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी ने कहा कि जगजीवन राम एक योद्धा की तरह थे। उन्होंने जिंदगी में काफी हार नहीं मानी। जब वह रक्षा मंत्री थे तब भारत ने 1971 का युद्ध जीता और बांग्लादेश के रूप में नए राष्ट्र का जन्म हुआ। जब वह भारत के कृषि मंत्री थे तो देश में हरित क्रांति आई।पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ऋषि पाल सिंह ने कहा उत्पीड़ित दलितों एवं मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए उनके किया गया कानूनी प्रावधान ऐतिहासिकता था हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### कक्षा आठ की छात्रा से छेड़छाड़

**बरेली।** मां के साथ मंदिर से वापस घर लौट रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के युवक ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली कक्षा 8 की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में मलूक पुर निवासी रेहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया छात्रा के घर वालों ने बताया कि छात्रा मंगलवार की शाम अपनी मां के साथ अलख नाथ मंदिर गई थी जब वह घर घर वापस लौट रही थी तो मलूक पुर निवासी रेहान ने उसे रास्ते मे रोक लिया और हाथ पकड़कर उससे छेड़छाड़ करने लगा छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो रेहान ने उसे जान से मारने की धमकी दी छात्रा के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंच गई और उसने हंगामा शुरू कर दिया शोर सुनकर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई लोगों ने रेहान को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी कई हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

## कांवड़ यात्रा को लेकर चालकों को किया जागरूक



● एआरटीओ कार्यालय में हुई कार्यशाला

**संवाददाता।** सीतापुर

**परिवहन** विभाग सीतापुर द्वारा सावन मास के दृष्टिगत ट्रक, बस, ट्रैक्टर ट्राली के चालको की एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन खैराबाद स्थिति एआरटीओ कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने कहा कि सावन मास में कावड़ ले जाते समय सड़क पर विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि थोड़ी सी असावधानी बड़े सड़क हादसे को आमन्त्रित करती है। रास्ते में चलते समय अगर कावड़ यात्रा मिले तो अपने वाहन की गति को कम करें और अपनी लेन में ही चले। एआरटीओ (प्रवर्तन) संजय गुप्ता ने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियों पर लोगो को न बैठाये, कांवड़ ले जाने में विशेष सावधानी बरते। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने कहा कि रास्ते में अगर कहीं दुर्घटना हो जाये तो तत्काल 112 डायल कर पुलिस व 108 डायल कर एम्बुलेंश का सूचना अवश्य दें। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने कहा कि रास्ते में चलते समय इस बात का ध्यान रखें कि किसी को असुविधा न हो, थकान होने पर डिवाइडर इत्यादि पर न सोय, नींद में वाहन न चलाये। कार्यशाला में मौजूद जनमानस को यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट वितरित किये गये। कार्यशाला में अनूप कुमार पाण्डेय, नीरज निगम, राजीव कुमार चौबे, संजीव सोनकर, प्रामिस मिश्रा के अतिरिक्त ट्रक, बस आपरेटर व लाइसेंस धारक मौजूद रहे।

## बेसहारा पशु बन रहे परेशानी का सबब, आए दिन हो रहे सड़क हादसे, कावड़ यात्रा में बनेगी बड़ी बाधा



**मोहम्मदी खीरी।** कस्बे की सड़कों पर बेसहारा पशुओ की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे यह मुख्य मार्गो पर हादसों का सबब बन रहे हैं। गौ आश्रय केंद्रों में गौ वंशो के संरक्षण की योजना परवान नहीं चढ़ पा रहीं है। कस्बा मोहम्मदी व कस्बे से सटे दिलावरपुर, बवौरी सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में ये बेसहारा पशु झुंड बनाकर घूम रहे हैं।बताते चले इन दिनों सम्पूर्ण कस्वा इन बेसहारा पशुओ की चहल कदमी से परेशान है। जिसमे सबसे ज्यादा दिक्कत श्रावण मास के चलते चलने वाले कावरियों को होगी। जबकि पिछले वर्ष भी कावर यात्रा के दौरान कई घटनाये घटित हुई थी।लेकिन कावर यात्रा शुरू होने के बाद भी संबधित विभाग शायद ही कोई ध्यान दे रहा हो।जबकि हाल ही सावन को लेकर हुई शांति सभा की बैठक में भी बेसहारा पशु का मुद्दा नगर की प्रमुख समस्या के रूप में सामने आया था। जिस पर मौजूद उपजिलाधिकारी मोहम्मदी व अधिशाषी अधिकारी ने अगले दिन ही अभियान शुरू कर इन बेसहारा पशुओ को पकड़ने की बात की थी। लेकिन दिन बीतने के साथ वही ढाक के तीन पातएअधिकारी एक दूसरे आदेश और निर्देश करते देखे जा सकते हैएकावण यात्रा सकुशल निपटे इसके लिऐ अभी से कोई ठोस कदम न उठाया गया तो कोई बडी घटना घटित हो सकती है, कस्वे के चारो ओर इन बेसहारा पशुओ का झुंड ज्यादातर समय घूमता रहता है। एक तरफ जहां अचानक वाहनों के सामने पशु आ जाने से अनेको मौते भी हो चुकी है।

## प्रेमिका को लेकर हुए विवाद में युवक को गोली मारी गई

**संवाददाता।** बरेली

**प्रेमिका** को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग ने एक युवक को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद हमलावर फरार हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में डीडी पुरम स्थित सेलेक्शन प्वाइंट टावर के पास शौचालय के सामने बीती रात शाहजहांपुर निवासी एक युवक जसकरण को गोली मार दी गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया थाना प्रभारी राजेश सिंह के अनुसार घायल युवक के दोस्त सागर के किसी युवती से प्रेम प्रसंग थे लेकिन इन दिनों युवती के प्रेम प्रसंग हमलावर युवक से चल रहे थे जिसको लेकर सागर के दोस्त जसकरण और हमलावर युवक के बीच रंजिश चल रही थी बीती रात थार गाड़ी पर सवार होकर हमलावर डीडी पुरम पहुंचा सब साले के सामने उसे जसकरण मिल गया और दोनों में विवाद होने लगा इसी दौरान उसने जसकरण को गोली मार दी और वाहन समेत फरार हो गया गोली लगने से घायल जसकरण जमीन पर गिर पड़ा गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जसकरण को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और उसके घर वालों को सूचना दे दी प्रारंभिक जांच में पता चला कि हमलावर युवक परिषद के गांव भगवानपुर पूर्वा का रहने वाला है थाना प्रभारी में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

### हनी ट्रैप में फंसाने वाली महिला पर किराएदार ने कराई एफआईआर

**बरेली।** दरोगा हनी ट्रैप मामले में फिर से नया मोड़ आ गया है पीलीभीत में तैनात एक दरोगा को हनी ट्रैप में फंसाने वाली महिला पर कैंट की युवती के बाद अब किराएदार ने एफआईआर दर्ज कराई है आरोपी महिला के देवर ने तमंचे के बल दुष्कर्म किया, जातिसूचक शब्द कहे और अश्लील वीडियो वायरल की धमकी दी पुलिस अब तक इस मामले में चार मुकदमे दर्ज कर चुकी है।बारादरी थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह माधुरी पाल के मकान में किराए पर रहती है माधुरी के देवर मनोज पाल ने उनके साथ 11 मई को तमंचे के बल दुष्कर्म किया माधुरी का बेटा प्रियांशु पाल पहले ही उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर चुका है जब उन्होंने शिकायत की तो माधुरी ने अपने बेटे को बाहर भेज दिया मनोज पाल ने व्हाट्सएप पर जातिसूचक शब्द कहे अब माधुरी पाल और मनोज गलत काम करने का दबाव बना रहे है।

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/1471/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18806
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
गौरव सेठी
सेवा में,
(3) वर्धमान बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड इसके पंजीकृत कार्यालय का पता : 801–804, 8वां तल, सी–58, शाहपुर तीरथ सिंह टावर, डीडीए कम्युनिटी सेंटर जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

सम्मन

जबकि, ओए/1471/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 16–03–2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 47,16,813/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 07–08–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 26–06–2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/1459/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18805
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
रूही गुलाटी
सेवा में,
(3) रामप्रस्थ सरे रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड इसके पंजीकृत कार्यालय का पता : सी–10, सी ब्लॉक मार्किट, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057
अन्य पता :
रामप्रस्थ सरे रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड पता : क्रीसेंट पार्क, सेक्टर–92, पटौदी रोड, गुरूग्राम–122503 हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा–122503

सम्मन

जबकि, ओए/1459/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 16–03–2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 44,38,719/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंग;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 07–08–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 26–06–2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# हाईकोर्ट में लंबित मुकदमे को ठेंगा दिखा शुरू करा दिया अवैध निर्माण

● गाटा संख्या 70 के पीड़ितों ने लगाई प्रशासन से न्याय की गुहार

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिले** के आला अधिकारियों को गुमराह कर तहसील के राजस्व अधिकारियों के काकस ने एसडीएम के पूर्व अर्दली नंदकिशोर उर्फ नंदू से सांठगांठ कर हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमे को ठेंगा दिखाकर अवैध निर्माण शुरू करा दिया हाईकोर्ट में मुकदमा चला गाटा संख्या 72 और 73 के बीच में और गाटा संख्या 72 के पट्टे दारों के पक्ष में हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद राजस्व अधिकारियों ने गाटा संख्या 73 के स्थान पर गाटा संख्या 70 में राजा बेटी का पट्टा नाप दिया यही नहीं अधिकारियों को गुमराह कर इस अवैध निर्माण को पूरा कराने के लिए पुलिस का पहरा भी बैठा दिया जिससे पीड़ित अपनी आवाज भी ना उठा सके और ना हाईकोर्ट मैं विचाराधीन मामले में पारित आदेशों को ठेंगा दिखा रहे राजस्व अधिकारियों की मनमानी का विरोध कर सकें।

दरअसल पूरा मामला जिला मुख्यालय उरई के चुर्खी रोड का है। वर्ष 1995-96 में तत्कालीन एसडीएम कालूराम यादव के द्वारा ग्राम चौरसी निवासी तथा कुछ बाहरी लोगों को जिन के पक्के मकान ग्राम चौरसी एवं उरई में बने हुए थे उनके नाम पट्टे कर दिए थे जिन्हें जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया गया था।

जिलाधिकारी न्यायालय से पट्टे निरस्त होने के बाद राम सजीवन राजा बेटी आदि के द्वारा मामले को हाईकोर्ट में अपील की गई जहां गाटा संख्या 72 के पट्टे दरों के द्वारा गाटा संख्या 73 के काश्तकार हरि को प्रतिवादी बनाया गया था हरि के द्वारा इस मुकदमे में प्रभावी पैरवी ना किए जाने के कारण हाईकोर्ट ने मुकदमा राम सजीवन, राजा बेटी के पक्ष में सुना दिया।

# दुर्घटना का कारण और शिकार बन रहे सड़कों पर घूमते गोवंश



संवाददाता। बांदा

**यूपी** के जनपद बांदा से अन्ना गोवंश को लेकर काफी ज्यादा मामले प्रकाश में आ रहे हैं, आपको बता दे कि यह अन्ना गोवंश आम जनमानस के लिए भी खतरा बन रहे हैं और कहीं पर वाहनों से टक्कर खाकर घायल होने या फिर दुर्घटना में अपनी जान गंवा रहे हैं।

योगी सरकार के निर्देशों को अनदेखा कर जिम्मेदार अपने घरों में आराम फरमा रहे हैं और अन्ना गोवंश रात और दिन खुलेआम सड़को पर विचरण करने को मजबूर हैं। अब बांदा जनपद के माहौल की बात करें तो समस्त गौशालाएं तो बंद हो चुकी हैं और अन्ना जानवर सड़को पर घूमने को बेबस हैं जिसके कारण गोवंश कहीं आम जनमानस के लिए खतरा बनते नजर आते है तो कहीं किसी दुर्घटना में घायल होकर मर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ किसान भी काफी परेशान हैं क्योंकि अन्ना गोवंश उनके खेतो में घुसकर खेतो की फसल और अन्य कार्यों में भी बाधा बनते हैं। और वहीं जिम्मेदार अपने अपने घरों में आराम फरमा रहे हैं और तो और जिला प्रशासन भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। वहीं जब विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति अपनी टीम के साथ बांदा से नरैनी भ्रमण के लिए गए तो देखा कि हजारों की संख्या में गोवंश रात में सड़को पर नजर आए।

# भाजपाईयों ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



संवाददाता। चित्रकूट

● डॉ मुखर्जी को याद कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर की गई चर्चा

● दिवंगत नेता को नहीं स्वीकार थे देश में दो झंडे और दो निशान

**भाजपा** जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता मे मनाई गई। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया। कार्यकर्ताओं ने विचार रखे।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कहा कि मुखर्जी का जन्म 1901 में संभ्रात परिवार में हुआ था। उनके पिता शिक्षाविद थे। मुखर्जी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद 22 साल में एमए परीक्षा पास की। उसी वर्ष उनका विवाह सुधा देवी से हुआ। उनके दो पुत्र और दो पुत्रिया हुई। मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रुप मे 1939 से राजनीति में भाग लिया। आजीवन इसी मे लगे रहे। आजीवन कांग्रेस की नीतियों का विरोध किया। स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल मे इकलौते गैर कांग्रेसी मंत्री के रूप में शपथ ली। वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला। कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर विपक्ष की भूमिका में काम करते रहे।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि मुखर्जी को एक देश मे दो निशान और दो झंडे स्वीकार नहीं थे। पुरजोर विरोध करते हुए बिना बीजा के 1953 मे जम्मू में प्रवेश किया। सीमा पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिन जेल मे रहने के बाद उनकी रहस्यमय ढंग से मौत हो गई। देव त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय सस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान व्यक्तित्व के धनी राजनेता थे।

# वन महोत्सव के तहत राजापुर में चला वृहद वृक्षारोपण अभियान



**राजापुर,** चित्रकूट। जहां एक और पूरे प्रदेश में वन महोत्व के तहत वृक्षों के रोपण का कार्य तेजी से चल रहा है वही राजापुर तहसील के विशाल परिसर में फलदार, छायादार तथा औषधीय गुणों से युक्त पौधों का रोपण उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने क्षेत्रीय समाजसेवियों के साथ किया। साथ ही एसडीएम ने वृक्षों की मानव जीवन में उपयोगिता और महत्ता की जानकारी दी।

राजापुर तहसील के एसडीएम प्रमोद झा के अथक प्रयास एवं जन सहयोग से 2022 में हनुमान वाटिका उपवन बनवाया गया था। जहां हर वर्ष वृक्षारोपण का कार्य किया जाता है लगभग एक सैकड़ा वृक्षों का रोपण किया गया। गुरुवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि वृक्षों के माध्यम से शुद्ध वायु, जलवायु तथा पर्यावरण को शुद्ध बनाने में वृक्षों की एक अहम भूमिका होती है और मानव जीवन की तरह वृक्षों को भी पालने पोसने की जरूरत है। प्रमोद झा कहा कि मानव जीवन में हर व्यक्ति के द्वारा एक वृक्ष का रोपण करना अति आवश्यक है। वृक्ष मानव जीवन को ऑक्सीजन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए कृषि उत्पाद में जलवायु परिवर्तन का बहुत बड़ा महत्व है।

# अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग का डीएम ने किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत राजकीय इंटर कालेज में निःशुल्क कोचिंग के नवीन सत्र 23-24 का जिलाधिकारी श्रुति ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जाती है। परीक्षा की तैयारी में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए पुस्तकालय में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तके निःशुल्क उपलब्ध हैं। डीएम ने कहा कि प्रतिभा प्रत्येक छात्र-छात्रा में होती है, जरूरत है सिर्फ निखारने की। जब मेहनत और परिश्रम करेंगे तो मंजिल खुद मिल जायेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का भी विकास करें। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डीसीपिलीन, डेडीकेशन, डिटेलिंग प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि साधन पर नहीं साध्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप सभी व्यस्थाएं कर दी गई हैं। आवश्यतानुसार खागा, बिंदकी में भी सब सेंटर खोले जायेंगे।

# नगर के सुंदरीकरण को लेकर अधिकारियों ने छेड़ी मुहिम

संवाददाता। उरई, जालौन



**नगर** के सुंदरीकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई कार्य योजनाओं पर अब जिम्मेदार प्रशासनिक और विभागीय आला अधिकारियों ने मुहिम तेज कर दी है इसी क्रम में आज गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी और ऑडियो के आला अधिकारियों ने नगर के टाउन हाल परिसर का निरीक्षण कर योजनाओं पर चिंतन मनन किया। इस दौरान उन्होंने अन्य स्मारक स्थल भी देखें।

गौरतलब हो कि जिला प्रशासन द्वारा इन दिनों नगर के सुंदरीकरण को लेकर बनाई जा रही कार्य योजनाओं को लेकर तत्परता दिखाई जा रही है। इस दौरान कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि टाउन हाल परिसर में सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके तहत इस परिसर में पार्क के चारों ओर बाउंड्री बनाई जा रही है जिस पर विशेष प्रकार की लाइट लगाई जाएगी उन्होंने स्पष्ट किया कि सुंदरीकरण से जुड़े अन्य कई कार्य टाउन हॉल में कराए जाने हैं उन्होंने बताया कि टाउन हाल को सुंदरीकरण के कार्य से नगर की एक विशेष इमारत के तौर पर सजाने का उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए काम में तेजी लाई जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा टाउनहॉल प्रसार में मौजूदा समय में निशुल्क लाइब्रेरी का संचालन कराया जा रहा है जहां विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपना समय देते हैं यह स्थान नगर के बीचों बीच स्थित है। लिहाजा इसे खूबसूरत बनाने की दिशा में ही प्रशासन द्वारा यह पहल शुरू की गई है उक्त सभी कार्य उरई विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### चयनित अभ्यर्थियों को एसपी वृंदा शुक्ला ने दिये नियुक्ति पत्र



**चित्रकूट।** निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से चयनित 217 उपनिरीक्षक (गोपनीय) 587 सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं 344 सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) कुल 1148 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र बांटे। गुरुवार को इसी क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिले से पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर कु राधा देवी पुत्री इश्वरचन्द्र निवासी बाबूपुर थाना पहाड़ी एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर त्रिलोक कुमार पुत्र रामबदन निवासी साहबतारा मजरा देवारी थाना सरधुवा को नियुक्ति पत्र बांटे।

### दिव्यांग जनों को बांटे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

**कानपुर देहात।** विकासखण्ड रसूलाबाद में जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन व भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त कैम्प में 220 दिव्यांगजनों द्वार प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 27 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, 130 दिव्यांगजनां को सहायक उपकरण हेतु चिन्हित तथा 30 दिव्यांगजनों को विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किये गये।

### एआरटीओ ने दो ओवरलोड वाहन पकड़ लगाया जुर्माना

**जालौन, उरई।** गुरुवार की सुबह ओवरलोडिंग के खिलाफचलाए गए अभियान में एआरटीओ ने दो मौरम व एक सीमेंट के ट्रक को पकड़कर जुर्माना लगाया। ओवर लोडिंग के खिलाफप्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसके बाद भी ओवरलोडिंग थम नहीं रही है। एआरटीओ विनय पांडेय की टीम ने गुरूवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाय। अभियान के दौरान दो ओवरलोड मौरम लदे ट्रक एवं एक सीमेंट के ट्रक को पकड़ा गया। पकड़े गए दोनों मौरम के ट्रकों पर एआरटीओ 86 हजार रुपये एवं सीमेंट के ट्रक पर 64 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### सीएम योगी को पंकज ने भेंट किया रामदरबार



**चित्रकूट।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष/डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक बांदा-चित्रकूट के चेयरमैन पंकज अग्रवाल के चेयरमैन बनने के बाद लखनऊ में सहकारिता की प्रदेश सहकारी कार्यशाला की पहली बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उन्होंने भगवान श्रीराम-सीता की प्रतिमा भेंट की। गुरुवार को कार्यशाला से लौटने के बाद चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बताया कि पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री से भेंटकर बैंकिंग परिदृश्य में आये बदलाव, नैनो यूरिया/डीएपी, एफ्पीओ पैक्स, सरकार की सहकारी क्षेत्र की नयी योजनाओं, डाटाबेस, बिजनेस करेस्पांडेन्ट जिले में किये गए अभिनव प्रयोग आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की।

### जहरीले सर्प के डसने से हुई युवक की मौत

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम भौंरा में रात को सोते समय जहरीले सर्प के डस लेने से उपचार को कानपुर ले जाते समय युवक की मौत हो गई, युवक की मौत से मृतक के बच्चे अनाथ हो गए हैं क्योंकि मृतक की पत्नी पहले ही मर चुकी है। बुधवार की रात को भौंरा गांव का निवासी अमर 35 वर्ष पुत्र मैय्यादीन सो रहा था तभी किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। अस्पताल में हालत नाजुक देख डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया, मगर पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है, बताया जाता है कि युवक चाट की ठिलिया लगाकर बच्चो का पालन पोषण कर रहा था, उसकी पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है।

### गांजा तस्कर को दो वर्ष की सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने के अनुपालन में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने पैरवीकर गांजा तस्कर को सजा दिलाई है। उल्लेखनीय है कि 28 अक्टूबर 2010 को दरोगा आशोक धर पाण्डेय की टीम ने अशोक कुमार पटेल के कब्जे से ढाई किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया था।

# जिलाधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण, दिये सुधार करने के निर्देश

● ग्राम प्रधान को दिए पुलिया की मरम्मत कराने के निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन द्वारा विद्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत अपने गोद लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़वाई का जायजा लेने हेतु औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को विद्यालय में फर्नीचर की व्यवस्था नहीं मिली तथा विद्यालय में विद्युत संयोजन तो पाया गया परंतु कक्षा कक्ष में वायरिंग नहीं हुई थी। जिलाधिकारी को प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि रिपोर्ट कार्ड अभी बच्चों को नहीं बांटे गए है तथा विद्यालय की तरफ जो रास्ता आ रहा है वहां पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई पुलिया टूटी हुई है जिस कारण आने-जाने में दिक्कत होती है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। वही बताया गया कि विज्ञान कक्षा का उचित प्रयोग अभी नहीं किया जा रहा है, वहीं जिलाधिकारी को शिक्षा से इतर सामग्री रखी हुई पाई गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सामग्री को सुव्यवस्थित तरीके से संरक्षित करें।

वहीं जिलाधिकारी को बताया गया कि विज्ञान मॉड्यूल में विज्ञान से संबंधित सामग्री नहीं है। जिलाधिकारी को मौके पर साफ-सफाई सही पाई गई, परंतु मल्टीपल हैंडवाश जो कम्पोजिट ग्रांट से बनाया गया था वह टूट गया है और पानी की सप्लाई समर्सिबल ना होने की वजह से थोड़े समय से बाधित पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संपूर्ण व्यवस्था है दुरस्त करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### चेयरमैन ने प्रथम विक्रेता को भेंट किया जियो फोन



**रूरा, कानपुर देहात।** चैयरमैन रामजी गुप्ता ने जियो के फोन को उपहारस्वरूप प्रथम विक्रेता को प्रदान किया। इस मौके पर डिस्ट्रीब्यूटर सहित उनका सहयोगी स्टाफ मौजूद रहा। जियो कम्पनी ने भारत का सबसे सस्ता 4 जी फोन जियो भारत के नाम से 999 रूपये में लांच किया। कस्बे में मुख्य अतिथि चैयरमैन रामजी गुप्ता ने पहले फोन को उपहारस्वरूप जयराम दिवाकर को भेंट किया। इससे पहले डिस्ट्रीब्यूटर ने अपने सहयोगी स्टाफके साथ संकटमोचन हनुमान मॅदिर पूजन कर धूमधाम से रैली निकाली। इस मौके पर ऋषभ ओमर, रामजी यादव, ॲंकित, राम जी शर्मा, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# ठगी पीड़ित परिवार का खुला कार्यालय



**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज दीन विश्वकर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। बाद में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तीस जुलाई तक सरकार भुगतान की प्रक्रिया नहीं शुरू करती तो 31 जुलाई को रामलीला मैदान दिल्ली में देश भर के पीड़ित परिवार सरकार को घेरने का काम करेंगे। बताया कि संगठन के माध्यम से देश के 42 करोड़ ठगी पीड़ित आने वाले सभी चुनाव का बहिष्कार करेंगे और भुगतान फिर मतदान, भुगतान नहीं तो मतदान नहीं के साथ संगठन आगे की लड़ाई लड़ेगा।

# डीएम ने राजकीय गौसदन कटरी धर्मपुर का किया औचक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजकीय गौसदन कटरी धर्मपुर ब्लाक बढ़पुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौपालक द्वारा 479 गोवंश बताये गये। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि गौशाला में 12 गौपालक होने के बाद भी गोवंश को समय पर चारा नहीं दिया जा रहा है। चरही की जगह गौशाला में बने मार्ग पर गोवंश को चारा खिलाया जा रहा है। गौशाला में गोबर का रख रखाव ठीक ढ़ंग से नहीं किया जा रहा है। गौशाला में बहुत से गोवंश बिना ईयर टैगिंग के पाये गये। गौपालकों द्वारा बताया गया कि मैनेजर 03 माह से छुट्टी पर चल रहे है। गौशाला में अव्यवस्थायें देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने गौशाला मैनेजर के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साथ कृसाथ ग्राम प्रधान/सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### एसपी ने चयनित अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद।** लोकभवन लखनऊ में 1148 पुलिस कार्मिकों उपनिरीक्षक एवं सहायक उपनिरीक्षकद्ध को लाइव नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के प्रसारण के बाद पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

# पेज एक का शेष

## मैं ही...

निष्कासित करने संबंधी फैसले को मंजूरी दे दी है। शरद पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। हम किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा, हमारा संगठन अभी भी एकजुट है। चाको ने कहा कि राकांपा हर तीन साल पर चुनाव कराती है और लोग नियमित रूप से निर्वाचित होते हैं। कार्यसमिति द्वारा पारित प्रस्तावों में भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ रुख अपनाना भी शामिल है। इसने केंद्र सरकार की नीतियों की भी निंदा की और आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की दुर्दशा बढ़ रही है। अजित पवार और उनके आठ सहयोगी दो जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, वहीं अन्य को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी।

## शिंदे गुट...

प्रमुख उद्धव ठाकरे का आवास है। राउत ने कहा कि शिंदे नीत शिवसेना के कई विधायकों ने कहा है कि अगर मातोश्री उनसे संपर्क करता है तो वे सकारात्मक रूप से जवाब देंगे। राउत ने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, जो मंत्री बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन सके और जिन्हें अगले मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी कुर्सी जाने का खतरा है वे हमारे संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन अजित पवार सरकार में शामिल हुए, शिंदे गुट के विधायकों ने विद्रोह करना शुरू कर दिया।

## बैठक की...

करते हैं और इसलिए पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह उन्हें दिया जाए। मूल राकांपा के प्रतिनिधित्व के बारे में एक सवाल को लेकर बयान में कहा गया है, यह निर्वाचन आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र में है और इसलिए जब तक इस संबंध में आयोग कोई फैसला नहीं ले लेता, पार्टी के भीतर किसी भी व्यक्ति के पास राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कार्यसमिति, राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राज्य पार्टी अध्यक्षों की किसी भी बैठक को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया है, इसलिए, आज राकांपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कार्यसमिति, राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राज्य पार्टी अध्यक्षों की बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं है।

## चंद्रयान-3 मिशन...

होगा, वहीं एक अन्य प्रायोगिक उपकरण चंद्र कक्षा से पृथ्वी के स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्रिक सिग्नेचर का अध्ययन करेगा, जो 'चंद्रमा से विज्ञान' थीम में फिट होगा। इस साल मार्च में, चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान ने आवश्यक परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा किया था जिससे प्रक्षेपण के दौरान आने वाले कठोर कंपन और ध्वनिक वातावरण का सामना करने की अंतरिक्ष यान की क्षमता की पुष्टि हुई। ये परीक्षण इस तथ्य के मद्देनजर विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण थे कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान, जिसे एलवीएम-3 (प्रक्षेपण यान मार्क-3) (पहले जीएसएलवी एमके-3 के रूप में जाना जाता था) द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा। यह तीन मॉड्यूल- प्रणोदन, लैंडर और रोवर का एक संयोजन है। प्रणोदन मॉड्यूल में चंद्र कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवीय माप का अध्ययन करने के लिए स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्रिक ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (एसएचएपीई) नामक उपकरण है और यह लैंडर तथा रोवर को चंद्र कक्षा के 100 किलोमीटर तक ले जाएगा। चंद्र लैंडर से संबंधित उपकरणों में तापीय चालकता और तापमान को मापने के लिए चंद्र सर्फेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट अ लैंडर के उतरने के स्थल के आसपास भूकंपीयता को मापने के वास्ते इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सिस्मिसिटी एक्टिविटी और प्लाज्मा घनत्व एवं इसकी विविधताओं का अनुमान लगाने के लिए लैंगमुइर प्रोब नामक उपकरण हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के एक पैसिव लेजर रेट्रोरेफ्लेक्टर ऐरे को भी चंद्र लेजर अध्ययन के लिए समायोजित किया गया है। वहीं, रोवर से संबंधित उपकरणों में अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी शामिल हैं जो लैंडर के उतरने की जगह के आसपास मौलिक संरचना का अध्ययन करेंगे। लैंडर एक निर्दिष्ट चंद्र स्थल पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता से लैस है जो अपनी गतिशीलता के दौरान चंद्र सतह का रासायनिक विश्लेषण करेगा। प्रणोदन मॉड्यूल का मुख्य कार्य लैंडर को प्रक्षेपण यान अंत:क्षेपण से 100 किमी की अंतिम चंद्र गोलाकार ध्रुवीय कक्षा तक ले जाना और इसे अलग करना है। इसके अलावा, प्रणोदन मॉड्यूल में मूल्यवर्धन के रूप में एक वैज्ञानिक उपकरण भी है, जिसे लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के बाद संचालित किया जाएगा।

## राजस्थानः कांग्रेस...

को सुलझाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक से कांग्रेस नेतृत्व ने यह कड़ा संदेश भी दिया कि पार्टी के मंच के अतिरिक्त बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वाले नेताओं के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी वाली इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पायलट, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कई अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री गहलोत ने पैर में चोट के कारण जयपुर से ही इस बैठक में डिजिटल तौर पर शिरकत की। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, राजस्थान में हमारे मंत्री, विधायक, नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर राजस्थान की जनता को सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में बताएंगे। पार्टी कल से पूरी तरह से सकारात्मक अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस ने फैसला किया कि सभी समुदायों और सामाजिक समूहों के साथ संवाद किया जाएगा। उनका कहना था कि राजस्थान में पार्टी और सरकार के बीच समन्वय को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया, सभी ने सर्वसम्मति से संकल्प किया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में पूरी तरह एकजुटता होनी चाहिए। पहले मतभेद थे, लेकिन आज की बैठक की विशेषता यह है कि सभी नेताओं ने फैसला किया कि एकजुट होकर चुनाव लड़ना है। वेणुगोपाल ने कहा, जीत की संभावना के आधार पर उम्मीदवारों का चयन होगा। हम सितंबर के पहले सप्ताह में उम्मीदवारों का फैसला कर लेंगे। यह पूछे जाने पर कि विधानसभा चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, वेणुगोपाल ने कहा, हमारा इतिहास आपको मालूम है। हम कभी मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं करते। हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। यह काम परिणाम देगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव ने कहा, सभी मुद्दों का समाधान हो गया है, हम चुनाव जीतने जा रहे हैं। पायलट द्वारा उठाए गए मुद्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने पेपर लीक और राजस्थान लोक सेवा आयोग से जुड़े दो फैसले किए हैं।

## मणिपुर की...

कहा, आप स्वयं एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे हैं और आप राज्य में स्थिति की गंभीरता को समझ सकते हैं। मणिपुर को मरहम की जरूरत है, वहां हिंसा समाप्त होना चाहिए। हम निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और हम आंखें नहीं मूंद सकते। बृजलाल 1977 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वह 30 सितंबर 2011 से 8 जनवरी 2012 तक उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक थे। सदस्यों ने यह भी कहा कि कुछ सदस्यों ने पिछले महीने भी पत्र लिखकर बैठक बुलाने की मांग की थी लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया था। इन सदस्यों ने कहा, आपने हमें सूचित किया था कि इस विषय को जुलाई में चर्चा के लिए नहीं लिया जाएगा। सर, आपका दायित्व बैठक का एजेंडा तय करना है। हम राष्ट्रीय महत्व के ऐसे विषय पर जिम्मेदारी से बचने का विरोध करते हैं। सूत्रों ने बताया कि इन तीनों सदस्यों के इस महीने निर्धारित दो बैठकों में हिस्सा लेने की संभावना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी सदस्यों ने बैठक से बाहर जाने से पहले भाजपा के विप्लव देव से भी बहिर्गमन करने को कहा क्योंकि वे पूर्वोत्तर क्षेत्र से आते हैं। मणिपुर में तीन मई से शुरू जातीय हिंसा में करीब 120 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 3000 लोग घायल हुए हैं। बैठक के एजेंडे के मुताबिक कारागार स्थिति, अवसंरचना और सुधार के विषय पर गृह संबंधी स्थाई समिति की जुलाई में तीन बैठकें निर्धारित हैं। आज की बैठक आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों के विचार सुनने को लेकर थी। इसके बाद कारागार स्थिति, अवसंरचना और सुधार के विषय पर 19 जुलाई को अगली बैठक निर्धारित है जिसमें असम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों के विचारों को सुना जाएगा। 27 जुलाई की बैठक में इस विषय पर बिहार, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की राज्य सरकारों के विचारों को सुना जाएगा।

## भाजपा राज...

सरकारों के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पहले पुलिसकर्मी भी असुरक्षित थे। ये वही लखनऊ है जहां एक पुलिस उपाधीक्षक की लाश जीप के बोनट से लटकी मिली थी। आज कोई भी इस तरह के दुस्साहस से काम नहीं कर सकता क्योंकि वे परिणामों से अवगत हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान प्रदेश में अकेले पुलिस विभाग में 1.50 लाख से ज्यादा भर्तियां की गईं।

# वैग्नर समूह प्रमुख प्रिगोझिन रूस में है : बेलारूसी राष्ट्रपति

● सैनिक शिविरों में

**भाषा।** मिंस्क (बेलारूस)

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जैंडर लुकाशेंको ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस की निजी सेना वैग्नर समूह के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन सेंट पीटर्सबर्ग में हैं और उनके सैनिक शिविरों में हैं। प्रिगोझिन की बगावत के बाद बेलारूस के राष्ट्रपति ने 24 जून को एक समझौता कराने में मदद की थी जिसमें प्रिगोझिन और उनके सैनिकों के लिए सुरक्षा का वादा तथा बेलारूस आने की बातें शामिल थीं। इस समझौते की कुछ ही बातें सामने आई हैं लेकिन वैग्नर समूह के प्रमुख के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही इस बात की जानकारी है कि प्रिगोझिन का तथा उनकी सेना का भविष्य क्या होगा।

वैग्नर समूह ने बगावत का झंडा बुलंद करते हुए रोस्तोव-ऑन-दोन शहर तथा वहां के सेना मुख्यालय पर कब्जा कर लिया था। प्रिगोझिन ने इसे रूस के रक्षा मंत्री तथा जनरल स्टॉफ चीफ को पद से हटाने के लिए न्याय मार्च करार दिया था। प्रिगोझिन ने दावा किया था कि उसकी सेना मॉस्को के समीप पहुंच गई है, लेकिन उन्होंने अपनी सेना को आगे बढ़ने से रुकने का आदेश दिया। निजी सेना की इस बगावत को दो दशक से अधिक समय से रूस की सत्ता संभाल रहे राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के लिए भारी खतरे के तौर पर देखा जा रहा था। पिछले सप्ताह लुकाशेंको ने कहा था कि प्रिगोझिन बेलारूस में हैं, लेकिन बृहस्पतिवार को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संवाददाताओं से कहा कि निजी सेना प्रमुख सेंट पीटर्सबर्ग में हैं और वैग्नर सेना शिविरों में है। उन्होंने यह जानकारी नहीं दी कि ए शिविर किस स्थान पर हैं। प्रिगोझिन की वैग्नर सेना ने विद्रोह करने से पहले यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ मिल कर लड़ाई लड़ी थी। रूसी मीडिया में हाल में खबरें आई थीं कि प्रिगोझिन को सेंट पीटर्सबर्ग में देखा गया है और उसके बाद लुकाशेंको का यह बयान आया है। रूसी मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि अपने कार्यालय में छापे के दौरान बरामद की गई नकदी प्रिगोझिन ने पुन: प्राप्त कर ली है।



# ल्वीव में रूसी मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत

कई अन्य घायल



**ल्वीव (यूक्रेन)।** रूस ने बृहस्पतिवार को युद्ध के मोर्चे से दूर पश्चिमी यूक्रेन के एक शहर पर क्रूज मिसाइलें दागीं, जिसमें एक इमारत में कम से कम चार लोग मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल क्रेमलिन की सेना के देश पर आक्रमण के बाद से यह ल्वीव के नागरिक इलाकों पर सबसे भीषण हमला था। रात के समय हुए हमले में एक आवासीय इमारत की छत और ऊपरी दो मंजिलें नष्ट हो गई, जिससे 34 लोग घायल हो गए। आपातकालीन दल खोजी कुत्तों के साथ मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए पहुंचे। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख मक्सिम कोजित्स्की के अनुसार, सबसे कम उम्र का पीड़ित 21 साल का था और सबसे बुजुर्ग 95 साल का था।कोजित्स्की ने कहा कि वह (बुजुर्ग) महिला द्वितीय विश्व युद्ध में बच गई थीं, लेकिन यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण में दुर्भाग्य से वह जीवित नहीं बच सकीं। ल्वीव के मेयर आंद्री सदोवई ने कहा कि हमले वाली जगह पर करीब 60 घर और 50 कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने दो दिनों के आधिकारिक शोक की घोषणा की है। यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत ब्रिगेट ब्रिंक ने हमले को दोषपूर्ण करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया, रूस द्वारा नागरिकों पर बार-बार किए जा रहे हमले बहुत भयावह हैं।

## यूक्रेन : अदालत में आत्मघाती हमले में हमलावर की मौत, दो अधिकारी घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी में एक अदालत के अंदर एक संदिग्ध आरोपी ने आत्मघाती हमला किया जिसमें उसकी मौत हो गई और दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने संवाददाताओं को बताया कि संदिग्ध इहोर हुमेनियुक ने मंगलवार को शेवचेन्किव्स्की जिला अदालत के अंदर एक विस्फोटक उपकरण से विस्फोट कर दिया। विस्फोट से पहले उसने भागने का प्रयास किया था लेकिन भाग नहीं पाया। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि हुमेनियुक को विस्फोटक कैसे मिला और वह उसे अदालत के अंदर कैसे ले आया। विस्फोट में घायल हुए दोनों अधिकारी एक विशेष पुलिस इकाई से है।

## क्विक न्यूज

### प्रचंड के करीबी ने कहा, पीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के एक करीबी सहयोगी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पद से इस्तीफा नहीं देंगे। इससे पहले प्रचंड की इस टिप्पणी ने नेपाल में हंगामा खड़ा कर दिया है कि यहां बसे एक भारतीय कारोबारी ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का एक बार प्रयास किया था। विपक्ष ने इस टिप्पणी को लेकर प्रचंड के इस्तीफे की मांग की है।संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां एक पुस्तक रोड्स टू द वैली: द लीगेसी ऑफ सरदार प्रीतम सिंह इन नेपाल के विमोचन समारोह के दौरान सरदार प्रीतम सिंह के बारे में अपनी टिप्पणी को लेकर इस्तीफा नहीं देंगे। प्रचंड ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि नेपाल में परिवहन उद्योग से जुड़े अग्रणी कारोबारी सरदार प्रीतम सिंह ने नेपाल-भारत संबंधों को मजबूत करने में विशेष और ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। प्रचंड ने पुस्तक के विमोचन पर आयोजित एक समारोह में संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, उन्होंने (सिंह ने) एक बार मुझे प्रधानमंत्री बनाने के प्रयास किए थे।

### मेटा का ट्विटर को टक्कर देने वाला एक नया ऐप थ्रेड्स

**लंदन।** बहुराष्ट्रीय कंपनी मेटा ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर को टक्कर देने के लिए नया ऐप थ्रेड्स जारी किया है। यह नया ऐप उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाले माइक्रो ब्लॉगिंग मंच को सीधी चुनौती देगा। थ्रेड्स मेटा के तस्वीर साझा करने वाले ऐप इंस्टाग्राम का टेक्स्ट (विचारसंदेश) साझा करने वाला संस्करण है। कंपनी के अनुसार, यह ऐप ताजा अद्यतन जानकारी और सार्वजनिक वार्तालाप के लिए एक नया मंच प्रदान करेगा। यह ऐप बुधवार आधी रात के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान सहित 100 से अधिक देशों में ऐपल और गूगल के एंड्रॉइड ऐप स्टोर पर उपलब्ध हो गया। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि सेवा शुरू होने के शुरुआती सात घंटों में एक करोड़ लोग इससे जुड़े। कुछ शुरुआती गड़बड़ियां भी सामने आई, जिनमें ब्रिटेन, भारत और लेबनान सहित कई देशों में जुकरबर्ग की पोस्ट अपलोड न होना शामिल था। हालांकि अन्य उपयोगकर्ताओं के लिए ऐसे कोई उत्तर सामने नहीं आए।

### पाकिस्तान की अदालत ने तोशाखाना मामले में पेशी के लिए इमरान खान को एक दिन की छूट दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में बृहस्पतिवार को व्यक्तिगत पेशी से एक दिन की छूट देते हुए उन्हें शुक्रवार को पेश होने का आदेश दिया। खान (70) को इस्लामाबाद में अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से बृहस्पतिवार को पेश होना था। तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाला विभाग है, जहां अन्य देशों की सरकारों एवं राष्ट्र प्रमुखों द्वारा पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। खान पर 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान पद का दुरुपयोग कर इन उपहारों को खरीदने और बेचने का आरोप है। इन उपहारों की कीमत 14 करोड़ रुपए (6,35,000 अमेरिकी डॉलर) से अधिक है।

### ब्रिटेन की महिला पायलट ने ब्रिटिश भारतीय जासूस के विश्व युद्ध काल के उड़ानमार्ग पर भरी उड़ान

**लंदन।** ब्रिटेन की एक महिला पायलट ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश भारतीय जासूस नूर इनायत खान द्वारा दुश्मन की सीमा में अंजाम दिए गए घातक मिशन को फिर से दर्शाने के लिए एक विशेष उड़ान मिशन की खातिर अपनी छात्रवृत्ति का उपयोग किया है। ब्रिटिश महिला पायलट एसोसिएशन (बीडब्ल्यूपीए) छात्रवृत्ति 2021 जीतने वाली फियोना स्मिथ ने इसे विशेष अभियान कार्यकारी (एसओई) से जोड़ने का फैसला किया। इस छात्रवृत्ति में विमानन क्षेत्र के उत्साही लोगों को विशेष अभियान को अंजाम देने के लिए आमंत्रित किया गया था। मैसूर पर 18वी सदी में शासन करने वाले टीपू सुल्तान की वंशज नूर इनायत खान एक एसओई एजेंट थी, जिन्हें गुप्त खुफिया जानकारी देने के लिए नाजी-कब्जे वाले फ्रांस के एक मैदान में हवाई जहाज से उतारा गया था।

### इजरायल: लोकप्रिय पुलिस प्रमुख के जबरन इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग अवरुद्ध किया

**तेल अवीव।** इजरायल के तेल अवीव शहर के एक लोकप्रिय पुलिस प्रमुख के जबरन इस्तीफे के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने यहां के मुख्य राजमार्ग और प्रमुख चौराहों को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस प्रमुख एमी एशेद ने बुधवार देर रात घोषणा की कि वह राजनीतिक दबाव के कारण इजरायली पुलिस बल छोड़ रहे है। एशेद का इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर के साथ अक्सर टकराव होता रहा है। मंत्री ने मांग की थी कि पुलिस, महीनों से चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए। एशेद ने कहा मैं गृहयुद्ध को टालने के अपने फैसले की व्यक्तिगत रूप से कीमत चुका रहा हूं।

### श्रीलंका में एक भारतीय शेफ की हत्या साथी ने की

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में एक भारतीय को यहां एक रेस्तरां में एक भारतीय शेफ की कथित रूप से हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि यहां गाले फेस इलाके में एक रेस्तरां में आरोपी प्रबंधक ने बुधवार रात में कहासुनी हो जाने पर धारदार हथियार से प्रमुख रसोइए (शेफ) अजय कुमार (29) पर हमला कर दिया। सने कहा कि अजय कुमार का शव कोलंबो अस्पताल में रखा गया है जबकि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### एस्सोप गुलाम पहाड़ के निधन पर शोक जताया

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सीरिल रामफोसा ने नस्लवाद के खिलाफ संघर्ष करने वाले भारतीय मूल के नेता एवं पूर्व मंत्री एस्सोप गुलाम पहाड़ के निधन पर बृहस्पतिवार को शोक जताया। पहाड़ का निधन आज सुबह हुआ। वह 84 वर्ष के थे। रामफोसा ने कहा कि भारतीय मूल के राजनीतिज्ञ पहाड़ के निधन से उन्हें बहुत दुख हुआ है। पहाड़ 1999 से 2008 के दौरान थाबो मबेकी के राष्ट्रपति रहने के दौरान मंत्री रहे थे। मंत्री रहते हुए उन्होंने राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला द्वारा 1994 में शुरू की गई नई लोकतांत्रिक सरकार के नीतिगत विकास में प्रभावशाली भूमिका निभाई थी।

### दक्षिण कैरोलिना के शहर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत

**नॉर्थ मिर्टल बीच (अमेरिका)।** अमेरिका में दक्षिण कैरोलिना के नॉर्थ मिर्टल बीच शहर में सप्ताहांत में एकल इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि विमान रविवार को हादसे का शिकार हुआ था और इसका मलबा नॉर्थ मिर्टल बीच में गोल्फ कोर्स के पास से मिला है। द नॉर्थ मिर्टल बीच सन न्यूज़ की खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि इसमें सवार सभी चार यात्रियों और पायलट की मौत हो गई है।

### अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने चीन का दौरा किया

**बीजिंग।** सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य परेशानियों से जुड़े विवादों के कारण तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एलेन चीनी नेताओं के साथ बैठक के लिए बृहस्पतिवार को बीजिंग पहुंचीं। वाशिंगटन में वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने यात्रा से पहले संवाददाताओं से कहा कि एलेन ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और यूक्रेन पर आक्रमण के दौरान रूस के चीनी समर्थन को चुनौती देने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने जंजीबार-तंजानिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**भाषा।** जंजीबार

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी जंजीबार यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली मिविन्ई के साथ भारतीय नौसेना के पोत त्रिशूल पर स्वागत समारोह में हिस्सा लिया और कहा कि आईएनएस त्रिशूल की यहां मौजूदगी क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि सुनिश्चित करने की भारत की की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। भारतीय नौसेना का पोत त्रिशूल अभी तंजानिया में है। जयशंकर ने जंजीबार-तंजानिया में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास का परिसर स्थापित करने के उद्देश्य से हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। आईआईटी मद्रास का यह प्रस्तावित परिसर भारत से बाहर आईआईटी का पहला परिसर होगा। विदेश मंत्री जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को जंजीबार पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली मिविन्ई से भेंट की और रक्षा सहयोग सहित द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, जंजीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली मिविन्ई के साथ आईएनएस त्रिशूल पर स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। वहां के स्पीकर,



मंत्रियों, सांसदों और तंजानियाई सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं भारतीय समुदाय के लोगों का स्वागत किया। जंजीबार में आईएनएस त्रिशूल की मौजूदगी भारत की सागर पहल संबंधी प्रतिबद्धता की परिचायक है। भारत ने अपनी तटीय अवसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सागर पहल अर्थात क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा एवं प्रगति की पहल शुरू की है। जयशंकर ने जंजीबार-तंजानिया में आईआईटी मद्रास का परिसर स्थापित करने के लिए भारत के शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और तंजानिया के शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय के बीच सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

## सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान का बयान जहरीला : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने बच्चो और सशस्त्र संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मे एक चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर के उल्लेख वाली राजनीति से प्रेरित और जहरीली टिप्पणियों के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है और कहा है कि जो लोग कट्टरता में डूबे हुए है, उनके लिए बहुलवादी समाज को समझना मुश्किल होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन मे काउंसलर आशीष शर्मा की कड़ी प्रतिक्रिया बच्चो और सशस्त्र संघर्ष पर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई खुली बहस के दौरान आई। इस महीने की ब्रिटेन की अध्यक्षता के तहत यह सत्र आयोजित किया गया जिसमें संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने अपने बयान में जम्मू कश्मीर का जिक्र किया था। अकरम ने कहा कि यह एक विसंगति है कि बच्चो और सशस्त्र संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की नवीनतम रिपोर्ट में भारत शामिल नही है। शर्मा ने कहा, मेरे देश के खिलाफ एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिए गए राजनीति से प्रेरित और ओछे बयानो पर मै भी कुछ कहना चाहता हूं। मै भारत के संबंध मे इन जहरीले बयानो पर प्रतिक्रिया देकर उन्हे महिमामंडित नही करना चाहूंगा क्योकि कट्टरता मे डूबे लोगो के लिए बहुलवादी समाज को समझना मुश्किल होगा।

# अमेरिका का भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ तहव्वुर राणा की याचिका खारिज करने का अनुरोध

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** सरकार ने कैलिफोर्निया की एक अदालत से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसाई तहव्वुर राणा द्वारा दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार करने का आग्रह किया है और दोहराया है कि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए, जहां वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में संलिप्तता को लेकर वांछित है। अमेरिका की एक अदालत ने 62 वर्षीय राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की मई में मंजूरी दे दी थी। राणा इस समय लॉस एंजिलिस स्थित मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी वकील ई मार्टिन एस्ट्राडा ने अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के समक्ष दायर अभिवेदन में कहा, अमेरिका अनुरोध करता है कि अदालत राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट याचिका को अस्वीकार कर दे। एस्ट्राडा ने राणा की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता यह दिखाने में असमर्थ रहा कि भारत के प्रत्यर्पण संबंधी अनुरोध में संभावित कारण संबंधी पर्याप्त सबूतों का अभाव है। राणा ने भारत में उसके प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका सरकार के अनुरोध को स्वीकार करने वाली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए पिछले महीने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।

# दलाई लामा की दयालुता और विनम्रता दुनिया भर के अनेक लोगों के लिए प्रेरणा: ब्लिंकन



*भाषा।* वाशिंगटन

**अमेरिकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को दलाई लामा को उनके 88वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि तिब्बती आध्यात्मिक नेता की दयालुता और विनम्रता दुनिया भर में अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का काम करती है। ब्लिंकन ने यह भी कहा कि अमेरिका तिब्बतियों की भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर दृढ़ है। उन्होंने कहा,मैं आदरणीय दलाई लामा को उनके 88वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, जो तिब्बती समुदाय के लिए एक शुभ दिन है। ब्लिंकन ने एक बयान में कहा, दलाई लामा की दयालुता और विनम्रता दुनिया भर में अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का काम करती है और मैं शांति एवं अहिंसा के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता की गहरी प्रशंसा करता हूं। वर्ष 1959 में तिब्बत में चीन की कार्वाई के बाद 14वें दलाई लामा पलायन कर भारत पहुंचे थे जहां उन्हें राजनीतिक शरण मिली और निर्वासित तिब्बत सरकार तब से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आधारित है।

# द. अफ्रीका: खदान से अवैध रूप से सोना निकालने के कारण गैस रिसाव, 17 मरे

● जोहानिसबर्ग के पूर्व में बोक्सबर्ग शहर के पास हुई

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** में एक परित्यक्त खदान से अवैध तरीके से सोना निकालने के दौरान हुए जहरीली गैस के रिसाव से एक साल के बच्चे सहित 17 लोगों की मौत हो गई और दस लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि घटना बुधवार शाम जोहानिसबर्ग के पूर्व में बोक्सबर्ग शहर के पास हुई। खदान से निकाली गई मिट्टी से सोना निकालने के लिए अत्यधिक जहरीली नाइट्रेट ऑक्साइड गैस का उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण हादसा हुआ। गौतेंग प्रांत के प्रमुख पन्याजा लेसुफी ने मीडिया को बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा शामिल है। उन्होंने 17 लोगों के मरने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि माना जा रहा है कि अन्य लोग बंद पड़ी इस खदान में काम करने वाले अवैध खनिक हैं। 10 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भविष्य में इसी तरह की आपदाओं से बचने के लिए जांचकर्ताओं से इस घटना की तह तक जाने का आग्रह किया। लेसुफी बुधवार रात को ही घटना स्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को तैनात कर दिया है।लेसुफी ने प्रांत की परित्यक्त खदानों में काम कर रहे अवैध खनिकों के खिलाफ त्वरित कार्वाई का वादा किया। बस्ती के एक निवासी मंडला मारुंडा ने बताया कि जब उसने लोगों को एक-एक करके नीचे गिरते देखा तो वह भागने लगा। उन्होंने कहा कि गैस की गंध सड़े हुए अंडे जैसी थी। गौतेंग की स्वास्थ्य मंत्री नोमंतु नकोमो-रालेहोको ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अस्पताल में भर्ती लोगों की हालत में सुधार हो रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय नर्सिंग छात्रा को प्रेमी ने जिंदा दफनाया

**मेलबर्न।** दिल दहला देने वाली प्रतिशोध की एक घटना में पूर्व प्रेमी ने 21-वर्षीया युवती का अपहरण करके उसे कार से करीब 650 किलोमीटर दूर ले जाकर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स रेंज्स में जिंदा दफन कर दिया। अदालत को यह जानकारी दी गई। ऑस्ट्रेलिया में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही भारतीय मूल की पीड़िता जसमीन कौर (21) ने आरोपी युवक के खिलाफ पीछा करने की शिकायत की थी। आरोपी युवक भी भारत का मूल निवासी है। डिलेड शहर की कौर की तारिकजोत सिंह ने मार्च 2021 में हत्या कर दी थी। इसके एक महीने पहले कौर ने पुलिस में सिंह के खिलाफ पीछा किए जाने को लेकर शिकायत की थी। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में बुधवार को आई खबरों के अनुसार, कौर का पांच मार्च, 2021 को उनके कार्यस्थल से अपहरण कर लिया गया था। सिंह ने फ्लैट में अपने साथ रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी कार मांगी थी और वह कौर को कार की डिक्की में बंद करके 644 किलोमीटर से अधिक दूर ले गया था।

# गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक

● लेकिन पढ़ने से इसका प्रतिकार करने में मदद मिल सकती है

**भाषा।** कैम्ब्रिज



**प्रारंभिक** बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है। यह मस्तिष्क संरचना में अंतर, खराब अनुभूति, व्यवहार संबंधी समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों से भी जुड़ा है। इससे पता चलता है कि सभी बच्चों को जीवन में समान अवसर देना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जब तक असमानता को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए जाते, साइकोलॉजिकल मेडिसिन में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, एक कम लागत वाली गतिविधि दिखाता है जो कम से कम मस्तिष्क पर गरीबी के कुछ नकारात्मक प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है और वह गतिविधि है आनंद के लिए पढ़ना। धन और मस्तिष्क स्वास्थ्य:बचपन में उच्च पारिवारिक आय भाषा, कामकाजी स्मृति और सामाजिक और भावनात्मक संकेतों के प्रसंस्करण के मूल्यांकन पर उच्च अंकों से जुड़ी होती है। शोध से पता चला है कि मस्तिष्क की बाहरी परत, जिसे कॉर्टेक्स कहा जाता है, की सतह बड़ी होती है और गरीब लोगों की तुलना में उच्च सामाजिक आर्थिक स्थिति वाले लोगों में यह अधिक मोटी होती है। नवान होने का संबंध मस्तिष्क के ललाट और लौकिक क्षेत्रों (कान के ठीक पीछे स्थित) में अधिक ग्रे मैटर (मस्तिष्क की बाहरी परतों में ऊतक) होने से भी जोड़ा गया है। और हम जानते हैं कि ए क्षेत्र संज्ञानात्मक कौशल के विकास का समर्थन करते हैं। सबसे अधिक आर्थिक रूप से वंचित परिवारों में धन और अनुभूति के बीच संबंध सबसे बड़ा है। निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों में, आय में छोटे अंतर सतह क्षेत्र में अपेक्षाकृत बड़े अंतर से जुड़े होते हैं। उच्च आय वाले परिवारों के बच्चों में, समान आय वृद्धि सतह क्षेत्र में छोटे अंतर के साथ जुड़ी हुई है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Amit Aggarwal S/o Pradeep Aggarwal R/o E-79, Gali No-3, East Vinod Nagar, Delhi-110091 declare that Amit Aggarwal and Amit Kumar Aggarwal both are same and one person. my correct name is Amit Aggarwal.
PD(095)A

I, Md. Aftab Ahmad S/o. Md. Moquimuddin, R/o. C-144, Tayyab Lane, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name to Aftab Ahmad for all future purposes.
PD(096)A

PUBLIC NOTICE

This is for the information of all concerned that our project of Commercial Complex, situated at Plot No. 23, Manglam Place, District Centre, Sector – 03, Rohini, New Delhi, has been accorded the Environmental Clearance from Ministry of Environment, Forest & Climate Change (Issued by the SEIAA, Delhi) vide Environmental Clearance no. SEIAA-D/C-431/EC-375/2023 subject to the conditions enumerated herein and copies of clearances letter are available with the MoEF&CC and may also be seen on the website of MoEF&CC / SEIAA website.

Harsh V. Bansal - DIRECTOR
UNITY BUILDWELL LTD
G-3, Aggarwal Corporate Tower
23, Rajendra Place, New Delhi – 110008

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीएनओडी00002082389 कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम सुनीता अग्रवाल/शैलेन्द्र अग्रवाल/गौरव अग्रवाल के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) में दिनांकित 25 सितम्बर, 2021 को धारा 13(4) के तहत सांकेतिक कब्जा के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त मांग सूचनाओं में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा मांग सूचना की तिथि 25 जून, 2021 के स्थान पर 23 जून, 2021 वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको 25 जून, 2021 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 07–07–2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री गौरव मदान (कर्ज़दार), सुश्री पल्लवी मदान (सह–कर्ज़दार) QZDEL00005017511 | प्रॉपर्टी नंबर 24ए, पहली मंज़िल, रियर साइड (अधिकार के बिना छत), ब्लॉक बी 1, गली नंबर 5, खसरा नंबर 104/13, गाँव–पालम, राजापुरी, उत्तम नगर, नई दिल्ली– 110059। क्षेत्रफल 50 वर्ग यार्ड | रु. 21,98, 978/- (जून 30 2023 तक) | रु. 13,00, 000/- / रु. 1,30, 000/- | जुलाई 20, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | अगस्त 03, 2023 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 02, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में **अगस्त 02, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अगस्त 02, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अगस्त 02, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040/ 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जुलाई 07, 2023** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# समान नागरिक संहिता मुसलमानों को स्वीकार्य नहीं: मदनी

भाषा। नई दिल्ली

**देश** के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-ए-उलेमा हिंद ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से जुड़ी कवायद पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि इसे लागू करने की मांग नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने का एक सोचा समझा प्रयास है। मौलाना अरशद मदनी के नेतृत्व वाले जमीयत ने विधि आयोग को भेजी गई आपत्तियों में यह भी कहा है कि समान नागरिक संहिता पर सभी धार्मिक और सामाजिक समूहों के प्रतिनिधियों से बातचीत करनी चाहिए तथा सुझाव आमंत्रित किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए।

जमीयत ने कहा कि समान नागरिक संहिता देश के मुसलमानों को स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह देश की एकता और अखंडता के लिए हानिकारक है। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा, समान नागरिक संहिता के संबंध में सरकार को सभी धर्मों, सामाजिक और आदिवासी समूहों के प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरा करना चाहिए और उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। यही लोकतंत्र की मांग है। संगठन ने अपनी आपत्तियों में कहा, समान नागरिक संहिता पर दोबारा बहस शुरू करने को हम राजनीतिक साजिश का हिस्सा मानते हैं। यह मुद्दा सिर्फ मुसलमानों का ही नहीं, बल्कि सभी भारतीयों का है। संगठन ने कहा, पर्सनल लॉ कुरान और सुन्नत पर आधारित है, जिसमें संशोधन नहीं किया जा सकता। यह कहकर हम कोई असंवैधानिक बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि धर्मनिरपेक्ष संविधान के अनुच्छेद 25 ने हमें ऐसा करने की आजादी दी है। जमीयत ने आरोप लगाया, समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने के एक सोचे समझे प्रयास के अतिरिक्त कुछ और नहीं है। मदनी ने कहा, कोई भी फैसला नागरिकों पर नहीं थोपा जाना चाहिए, बल्कि कोई भी फैसला लेने से पहले आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि फैसला सभी को स्वीकार्य हो।

## यूसीसी पर प्रक्रिया जारी है : रविशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के मुद्दे पर प्रक्रिया जारी है और लोगों को इसके परिणाम का इंतजार करना चाहिए।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यूसीसी को जल्द लागू करने के बारे में पूछे गए सवाल को टालते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यह जवाब दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि समान नागरिक संहिता सत्तारूढ़ पार्टी के घोषणापत्र का हिस्सा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, इंतजार करना चाहिए। एक प्रक्रिया चल रही है। आपको इसके परिणाम का इंतजार करना चाहिए। विधि आयोग ने 13 जून को एक सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से इस विवादास्पद मुद्दे पर लोगों की राय मांगी थी, जिसके बाद यूसीसी सुर्खियों में आ गया है। समान नागरिक संहिता लंबे समय से भाजपा के तीन प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में भोपाल में समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया था कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? उन्होंने कहा था कि इस संवेदनशील मुद्दे पर मुसलमानों को उकसाया जा रहा है।

विपक्षी पार्टियों ने समान नागरिक संहिता से जुड़ी टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उनपर महंगाई एवं बेरोजगारी जैसे असल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था।संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद से अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने संबंधी राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद के दावे के बारे पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने 2014 और 2019 में भी ऐसा ही दावा किया था लेकिन नतीजे सबके सामने हैं।भाजपा नेता ने कहा कि लालू यादव को अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी मामलों के बारे में चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 में बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी।



संसद परिसर में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते नेतागण

## असम में दो लड़कियों से दुराचार, एक की मौत

**हैलाकांडी (असम)।** असम के हैलाकांडी जिले में दो नाबालिग लड़कियों से कथित तौर पर बलात्कार किया गया, जिनमें से एक ने दम तोड़ दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीसरे संदिग्ध आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। अलगापुर पुलिस थाने के प्रभारी मृणाल दास ने कहा कि मंगलवार रात को दोनों लड़कियों का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था और उन्हें जिले के मोहनपुर में घने जंगल में ले जाया गया, जहां उनसे कथित रूप से बलात्कार किया गया।

# पश्चिम बंगाल में जबरन धर्मांतरण पर सात के खिलाफ प्राथमिकी

भाषा। नई दिल्ली

● भाजपा के लिए काम करने पर जबरन बनाया मुसलमान

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जबरन धर्मांतरण के सात आरोपियों के विरूद्ध कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने दो बहनों की रिट याचिका पर इस जांच का आदेश दिया था। इन दोनों ने दावा किया था कि उनके पतियों --बुद्धू मंडल और गौरंगा मंडल को एक ऐसी पार्टी के लिए काम करने की सजा के तौर पर हिंदू से मुसलमान बना दिया गया जो विधानसभा चुनाव में हार गई। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि उनके पति 24 नवंबर, 2021 से लापता हैं लेकिन सूचित करने के बाद भी पुलिस ने कुछ नहीं किया। लेकिन, पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि दोनो भाइयों (इन महिलाओं के पतियों) ने स्वेच्छा से इस्लाम अपना लिया और पारिवारिक विवाद के चलते वे घर छोड़कर चले गए। उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई ने 20 फरवरी को प्राथमिक जांच दर्ज की थी। मई में सीबीआई की ओर से एक रिपोर्ट उच्च न्यायालय में दाखिल की गई जिसके बाद उसने (न्यायालय ने) छह जून को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि अदालती आदेश पर सीबीआई ने मंगलवार को खुर्शीद शेख, नाजू शेख, बरकती शेख, हबीब शेख, रबीउल शेख, मुक्तादुल शेख और टीनू शेख तथा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# संसद के मानसून सत्र से पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई

भाषा। नई दिल्ली

**संसद** के मानसून सत्र से पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई को होगी। 23 दिनों का यह सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।संसद के मानसून सत्र की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले शनिवार को सभी दलों से विधाई एवं अन्य कामकाज में रचनात्मक सहयोग देने की अपील की थी। उन्होंने कहा था, मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधाई और अन्य कामकाज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। संसद का मानसूत्र सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने बुधवार को कहा था कि वह संसद के आगामी मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा के मामले पर सरकार से स्पष्ट जवाब और जवाबदेही की मांग की करेगी।

# अजित पवार के सरकार में शामिल होने से मेरी पार्टी में कोई भी अप्रसन्न नहीं है: एकनाथ शिंदे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से शिवसेना में कोई भी अप्रसन्न नहीं है।

शिंदे ने उन खबरों को विपक्ष द्वारा फैलाई गई अफवाहें बताया जिनमें कहा गया है कि अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट के राज्य सरकार में शामिल होने के बाद शिवसेना के कुछ विधायकों ने स्पष्ट रूप से चिंता जताई थी।

शिंदे ने बुधवार को शिवसेना विधायकों, विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) और सांसदों की बैठक की अध्यक्षता की थी। अजित पवार ने बुधवार को कहा था कि वह मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं। उनके इस बयान से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई।शिंदे गुट अपने विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का इंतजार कर रहा है।

शिंदे के नेतृत्व वाले समूह से संबंधित महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि शिंदे के इस्तीफे के बारे में खबरें झूठी हैं।

## राहुल ने शरद पवार से मुलाकात कर एकजुटता प्रकट की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़े संकट के बीच बृहस्पतिवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि पवार के आवास पर इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ एकजुटता प्रकट की। पवार के भतीजे अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार में शामिल हो गए और उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली थी। अजित पवार उप मुख्यमंत्री बने हैं। अजित पवार गुट ने राकांपा के नाम और चुनाव चिन्ह (घड़ी) पर दावा भी पेश कर दिया है। इस गुट का दावा है कि उसके पास 40 से अधिक विधायकों का समर्थन है। महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के 53 सदस्य हैं। दूसरी तरफ, शरद पवार का कहना है कि वह ही राकांपा के अध्यक्ष हैं और उनकी पार्टी का नाम एवं चुनाव चिन्ह कोई नहीं छीन सकता।

# छात्राओं के शौचालय में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के आरोप में प्रधानाचार्य की पिटाई

भाषा। पुणे

**महाराष्ट्र** के पुणे जिले में एक निजी स्कूल में छात्राओं के शौचालय में सीसीटीवी लगवाने के अभिभावकों के आरोप के बाद एक दक्षिणपंथी संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानाचार्य पर कथित रूप से हमला किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मंगलवार दोपहर हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया मंचों पर कई बार पोस्ट किया गया। इस वीडियो में प्रधानाचार्य के कपड़े फटे हुए दिखाई दे रहे हैं और भीड़ को स्कूल परिसर में उनके (प्रधानाचार्य) पीछे भागते हुए देखा जा सकता है। घटना तालेगांव दाभाडे में स्थित एक निजी स्कूल की है।

तालेगांव एमआईडीसी पुलिस निरीक्षक रंजीत सावंत ने कहा कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में अभिभावकों ने स्कूल पर छात्राओं के शौचालय में सीसीटीवी लगाने, विद्यार्थियों को बाइबल से प्रार्थना कराने और हिंदू पर्वों पर विद्यार्थियों को छुट्टी न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, हम अभिभावकों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे हैं।



नागपुर में कल्चरल सेंटर के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

## पूनावाला को मिला लाभ

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी पूनावाला फिनकॉर्प ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे पेश किए हैं। इन आंकड़ों की घोषणा के बाद कंपनी के शेयरों में पांच फीसदी की तेजी देखी गई। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में पूनावाला फिनकॉर्प का कुल वितरण अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। 30 जून को समाप्त तिमाही में पूनावाला फिनकॉर्प का कुल वितरण 7,050 करोड़ रुपये था।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वितरण में 143 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में कुल वितरण में 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैण् संवितरण वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में कुल संवितरण सबसे अधिक था।

# भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग : जितेंद्र सिंह

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने पिछले नौ साल में अंतरिक्ष के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है और अंतरिक्ष के अनुप्रयोगों में विविधता लाने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष के अनुप्रयोगों में विविधता लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत यहां जी-20 स्पेस इकॉनोमी लीडर्स मीटिंग (एसईएलएम) के चौथे सत्र में अंतरिक्ष राज्य मंत्री ने कहा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अप्रत्यक्ष रूप से एक या अन्य तरीके से आज हर घर में पहुंच गई है। सिंह ने कहा, ...पिछले आठ-नौ साल में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व में भारत ने वास्तव में (अंतरिक्ष के क्षेत्र में) लंबी छलांग लगाई है। मंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार शुरू किए जाने के बाद से भारत में अब इस क्षेत्र में 140 से अधिक सक्रिय और सफल स्टार्टअप हैं। केंद्रीय विदेश और शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह, जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत, अंतरिक्ष विभाग में सचिव और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष सोमनाथ एस. और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका ने भी उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

## बच्ची के दुराचारी को बीस साल की कठोर कारावास

**जयपुर।** राजस्थान के धौलपुर जिले की एक विशेष अदालत ने नौ साल की एक बच्ची से बलात्कार के दोषी व्यक्ति को बृहस्पतिवार को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए पोक्सो अदालत के न्यायाधीश जमीर हुसैन ने आरोपी प्रवेश सिंह को दोषी ठहराया और 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। मई 2019 में पीड़ित बच्ची के पिता ने महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि आरोपी प्रवेश ने टॉफी देने के बहाने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

# विश्व हिन्दू सम्मेलन नवंबर में बैंकॉक में आयोजित किया जाएगा

भाषा। नई दिल्ली

**दुनिया** के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले हिंदू नवंबर में होने वाले एक सम्मेलन के लिए बैंकॉक में जुटेंगे जहां वे समुदाय के समक्ष अवसरों और चुनौतियों को लेकर चर्चा करेंगे।

विश्व हिंदू फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी एवं विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के संयुक्त महासचिव स्वामी विज्ञानानंद ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि तीन दिवसीय विश्व हिंदू सम्मेलन (डब्ल्यूएचसी) का आयोजन विश्व हिंदू फाउंडेशन करा रहा है और यह 24 नवंबर से बैंकॉक के कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा।

उन्होंने कहा, उत्तरी अमेरिका से दक्षिण अमेरिका, यूरोप से अफ्रीका और एशिया से ऑस्ट्रेलिया तक... 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इन प्रतिनिधियों में व्यवसाई, पेशेवर, शिक्षाविद, मीडियाकर्मी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले हिंदू समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहे : पश्चिम बंगाल के राज्यपाल

भाषा। कोलकाता

● चुनाव के दौरान आप लोगों की जान के संरक्षक है। आपके पास स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की सभी शक्तियां है।

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य के निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा पंचायत चुनाव के मद्देनजर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। बोस ने एक संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा से चुनाव के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। राज्य में पंचायत चुनाव आठ जुलाई को है। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान आप लोगों की जान के संरक्षक हैं। आपके पास स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की सभी शक्तियां हैं। चुनाव के दौरान पुलिस, मजिस्ट्रेट और राज्य तंत्र आपके अधीन हैं। फिर यह भीषण हिंसा क्यों? एसईसी, आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए बोस ने कहा, एसईसी, आपको पता होना चाहिए कि लोगों की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है। सड़कों पर पड़ी लाशों के लिए आप जिम्मेदार हैं। एसईसी, क्या आप जानते हैं कि आपका कर्तव्य क्या है? बंगाल आपसे अपना कर्तव्य निभाने की उम्मीद करता है। राज्यपाल ने आम लोगों की शिकायतों के हल के लिए राजभवन में शांति कक्ष की शुरुआत की है। उन्होंने सवाल किया,"क्या इस पंचायत चुनाव के दौरान लोकतंत्र खत्म हो गया है? इसका हत्यारा कौन है? क्या राज्य निर्वाचन आयुक्त अपना हाथ उठाएंगे?

# आठ आदिवासी संगठनों के 1182 सदस्यों ने अपने हथियार सौंपे

भाषा। गुवाहाटी

**केंद्र** और असम सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले आठ आदिवासी विद्रोही संगठनों के कुल 1182 सदस्यों ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के समक्ष अपने हथियार सौंप दिए। तीन अलग हुए गुटों सहित संगठनों के प्रतिनिधियों ने यहां गृह विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में अपने हथियार जमा कराए। सदस्यों ने 304 हथियार और 1460 राउंड कारतूस सौंपे। इनमें सात एके-सीरीज राइफल, 20 राइफल .303, चार एसएलआर, चार कार्बाइन, एक इंसास राइफल, एक एलएमजी, 124 पिस्तौल, 30 सेमी ऑटोमेटिक राइफल, 20 ग्रेनेड, 10 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो किलोग्राम आरडीएक्स और 2.5 किलोग्राम टीएनटी शामिल हैं। गृह विभाग ने आत्मसमर्पण स्थल पर 200 हथियारों को प्रदर्शित भी किया। मुख्यमंत्री ने संगठनों को सबोधित करते हुए कहा कि अब वह सभी हिंसा का रास्ता छोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शांति और प्रगति के मिशन में शामिल हो गए हैं।

## इसुजू देगा मानसून का मे जांच की सुविधा

**नोएडा।** इसुजू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में इसुजू आई केयर मॉनसून कैम्प् की घोषणा की है। इसुजू डीमैक्स पिकअप औरैन्ट के लिए डिज़ाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुजू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जाँच प्रदान करेंगे। इसुजू केयर द्वारा 10 से 22 जुलाई 2023 ये दोनों दिन भी शामिलद्ध के बीच सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर एक मॉनसून कैम्प लगाया जा रहा है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकी तत्वों को स्थान ना दें: विदेश मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियां बढ़ने एवं हिंसक घटनाओं को अस्वीकार्य करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवादी तत्वों को स्थान नहीं दिया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने भारतीय राजनयिकों को लेकर धमकी भरे पोस्टर एवं मिशनों पर हिंसा की घटनाओं पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि दूसरे देशों में राजनयिकों, अपने मिशन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा मेजबान देशों से वियना संधि के अनुरूप दूतावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, भारतीय राजनयिकों, मिशन के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले पोस्टर अस्वीकार्य हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है और हमने संबंधित देशों के समक्ष इस विषय को उठाया है।

उन्होंने कहा, हमारी अपेक्षा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवादी, चरमपंथी तत्वों को कोई स्थान नहीं दिया जाए। बागची ने कहा कि राजनयिकों, वाणिज्य दूतावासों, उच्चायोगों को लेकर पोस्टर लगाने का मुद्दा काफी गंभीर है, जिनमें हिंसा के लिए उकसाने, धमकी देने की बात की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया से बात की गई है, कुछ जगहों से तत्काल कार्वाई की सूचना मिली है और कुछ स्थानों को लेकर अपेक्षा है कि कार्वाई की जाएगी।

बागची ने कहा कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की घटना को भी वहां के प्रशासन के समक्ष उठाया गया और वहां से उच्च स्तर पर प्रतिक्रिया आई है तथा ऐसे कृत्य को उन्होंने आपराधिक बताया है। कुछ दिन पहले ही भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया था और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों पर एक डिमार्शे (आपत्ति जताने वाला पत्र) जारी किया था। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश ने आतंकवाद के खिलाफ हमेशा गंभीर कदम उठाया है और वह ऐसा करता रहेगा।

# अमरनाथ यात्रियों के लिए बालटाल में रिकॉर्ड 15 दिनों में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल तैयार

भाषा। बालटाल (जम्मू कश्मीर)



**जम्मू-कश्मीर** के गांदेरबल जिले में अमरनाथ यात्रा आधार शिविर में 100 बिस्तरों वाले विशेष अस्पताल में डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मी 24 घंटे काम कर रहे हैं एवं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।पिछले साल, पवित्र गुफा मंदिर के पास अचानक आई बाढ़ में 15 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने मध्य कश्मीर के गांदेरबल के सोनमर्ग क्षेत्र में बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में चंदनवाड़ी शिविरों में दो विशेष अस्पताल तैयार किए हैं। दोनों अस्पताल 100 बिस्तरों के हैं और डीआरडीओ ने 15 दिनों के रिकॉर्ड समय में उन्हें तैयार किया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 28 जून को उनका उद्घाटन किया था। दोनों अस्थाई और अत्याधुनिक अस्पताल उन्नत उपकरणों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग ब्लॉक, आईसीयू वार्ड, ऑक्सीजन युक्त वार्ड और सभी अहम चिकित्सा देखभाल के लिए विभिन्न सुविधाओं से लैस हैं। गांदेरबल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अफरोजा शाह ने बालटाल अस्पताल में कहा कि इस चिकित्सा इकाई में 100 बिस्तर हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि इनमें से 29 बेड ऑक्सीजन सुविधा से युक्त हैं जबकि गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में चार बिस्तर हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में काम करने वाले कर्मियों को पूरे देश से लाया गया है और उन्हें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सुविधा मुहैया की गई है। शाह ने कहा कि इस अस्पताल में करीब l,200 स्वास्थ्य कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर के बाहर के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पुरुष और महिला मरीजों के लिए दो अलग-अलग ओपीडी इकाई हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके सहायकों ने अस्पताल में मौजूद सुविधाओं को लेकर संतुष्टि जताई। चंडीगढ़ से आए यात्री कुशल गोयल ने कहा,"अस्पताल में सभी सुविधाएं बहुत अच्छी हैं।

## अमरनाथ श्रद्धालुओं के लिए जीवनरेखा बना लंगर

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के जोर पकड़ने के साथ जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर श्रद्धालुओं की गतिविधि का प्रमुख केंद्र बन गया है। दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा की 62-दिवसीय यात्रा पर जाने वाले हजारों श्रद्धालु इस शिविर में ठहरते हैं। कोई श्रद्धालु भूखा न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए यहां कई लंगर लगते हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए जीवनरेखा की तरह हैं। समूचे जम्मू में 30 लंगर (सामुदायिक रसोई) हैं, जहां हर दिन देशभर से आए करीब चार से पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं की जरूरतों का ख्याल रखा जाता है।

लंगर उदारता की भावना का प्रतीक हैं, जहां मुफ्त शाकाहारी भोजन प्रदान किया जाता है और विभिन्न क्षेत्रों की पाक विविधता को प्रदर्शित किया जाता है। इसके समन्वयक संजय बारु ने पीटीआई-भाषा से कहा, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जम्मू शहर में लंगर की व्यवस्था की है। सबसे अधिक लंगर भगवती नगर आधार शिविर में लगाए गए हैं। यह भगवान की सेवा है। हम उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं। स्थानीय लोगों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु अमरनाथ यात्रियों के लिए लंगर लगाने के वास्ते आगे आए हैं। आधार शिविर के पास स्थित बजरंग लंगर के प्रमुख राज कुमार गुप्ता ने कहा, सुबह से देर रात तक हम श्रद्धालुओं को शाकाहारी, लेकिन संतोषजनक भोजन तथा जम्मू के अन्य लोकप्रिय लजीज भोजन परोसते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023



# मार्श ने ऑस्ट्रेलिया को झटकों से उबारा

● लगाया शतक,इंग्लैंड ने दिखाया दम

भाषा। लीड्स



**ऑस्ट्रेलिया के** ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने इंग्लैंड की खराब कैचिंग का पूरा फायदा उठाते हुए शतक जड़ा जिससे मेहमान टीम ने तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को चाय तक पांच विकेट पर 240 रन बनाए। पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ रहे इंग्लैंड ने 85 रन तक ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक लिए थे लेकिन मार्श ने क्रिस वोक्स की गेंद पर जो रूट से मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए शतक जड़ा। चाय के समय ट्रेविस हेड 39 रन बनाकर खेल रहे थे। चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर लगभग चार साल में पहला टेस्ट खेल रहे मार्श ने 118 रन बनाए। रूट अगर 12 रन के निजी स्कोर पर लंच के तुरंत बाद मार्श का कैच पकड़ लेते तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 98 रन हो जाता। मार्श ने 118 गेंद की अपनी आक्रामक पारी के दौरान 17 चौके और चार छक्के मारे।चाय से पहले के अंतिम ओवर में वोक्स ने मार्श को जैक क्राउली के हाथों कैच कराके इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।डेविड वार्नर ने स्टुअर्ट ब्रॉड की मैच की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर इस तेज गेंदबाज ने उन्हें दूसरी स्लिप में क्राउली के हाथों कैच करा दिया।मैच फिटनेस से जुड़ी चिंताओं के कारण पहले दो टेस्ट से बाहर रहे मार्क वुड ने अपनी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने शुरुआती तीन ओवर मेडन फेंके और पहला रन 23वीं गेंद पर दिया। वुड ने तेज और स्विंग होती फुल लेंथ गेंद पर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (13) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। जॉनी बेयरस्टो 100वां टेस्ट खेल रहे स्टीव स्मिथ का कैच लपकने में नाकाम रहे लेकिन वोक्स ने मार्नस लाबुशेन (21) को रूट के हाथों कैच करा दिया। बेयरस्टो ने इसके बाद वुड की गेंद पर हेड को जीवनदान दिया। ब्रॉड ने स्पैल में वापसी करते हुए स्मिथ (22) को बेयरस्टो के हाथों कैच कराके इंग्लैंड को राहत दी और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 85 रन किया।

# नीदरलैंड ने आईसीसी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

भाषा। बुलावायो

● बास डि लीडे का शतक

**नीदरलैंड ने** आल राउंडर बास डि लीडे के शतक की बदौलत शानदार वापसी करते हुए गुरुवार को यहां स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर पांच अक्टूबर से भारत में शुरु होने वाले आईसीसी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। नीदरलैंड इस तरह श्रीलंका के बाद क्वालीफायर के जरिए विश्व कप में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी। यह पांचवीं दफा है जब नीदरलैंड ने 50 ओवर के वैश्विक टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है, उसने इससे पहले 1996, 2003, 2007 और 2011 चरण में हिस्सा लिया था। उसे क्वालीफाई करने के लिए 44 ओवर के अंदर 278 रन बनाने थे। डि लीडे की 92 गेंद में सात चौके और पांच छक्के जड़ति 123 रन की शतकीय पारी तथा साकिब जुल्फिकार (नाबाद 33 रन) के साथ महज 11.3 ओवर में छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी से नीदरलैंड ने सिर्फ 42.5 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर विश्व कप का टिकट कटाया। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, मेरे पास इस अहसास को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। बास डि लीडे और साकिब जुल्फिकर ने अंतिम 10 ओवर में जो कुछ किया, वह अविश्वसनीय है। यह इत्तेफाक है कि बास डि लीडे के पिता टिम डि लीडे नीदरलैंड के पहले तीन विश्व कप के दौरान टीम के अहम सदस्य थे। स्कॉटलैंड (0.102) और जिम्बाब्वे (-0.099) के भी छह अंक थे लेकिन नीदरलैंड इस जीत की बदौलत 0.230 के रन रेट से उन्हें पछाड़ने में सफल रहा। अब नीदरलैंड की टीम फाइनल में श्रीलंका से खेलेगी लेकिन इस नतीजे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बस इससे तय होगा कि क्वालीफायर।

## तमीम ने संन्यास की घोषणा की



**चटगांव (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश के वनडे कप्तान और खेल के सभी प्रारूपो में टीम के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरो मे शुमार तमीम इकबाल ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। इस 34 साल के बाएं हाथ के क्रिकेटर ने भारत में 50 ओवर के विश्व कप से महज तीन पहले खेल को अलविदा कहने का फैसला किया।बांग्लादेश के यहां अफगानिस्तान के खिलाफ शुरुआती एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में हारने के एक दिन बाद उन्होने संन्यास की घोषणा करके सभी को हैरान कर दिया।इकबाल ने कहा, यह मेरे करियर का अंत है। मैने खेल को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। मैने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है। मै इसी क्षण से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह रहा हूं। उन्होने कहा, मै अपनी टीम के सभी साथियो, कोचो, बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारियों, मेरे परिवार के सदस्यो तथा उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं जो मेरी इस लंबी यात्रा में मेरे साथ रहे है। इन सभी ने मुझ पर भरोसा बनाए रखा।

## साइकिल प्योर भारत-वेस्टइंडीज सीरीज से जुड़ा

**बेंगलुरु।** भारत की अग्रणी अगरबत्ती निर्माता और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय की एक प्रमुख सदस्य साइकिल प्योर अगरबत्ती, कैरेबियन में भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए शीर्षक प्रायोजक है। पारंपरिक रूप से दोनों देशों द्वारा खेली जाने वाली फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए, 2023 श्रृंखला को साइकिल प्योर अगरबत्ती टेस्ट सीरीज कहा जाएगा। यह श्रृंखला ऐतिहासिक महत्व रखती है क्योंकि दूसरा टेस्ट मैच दोनों देशों के बीच 100वां मुकाबला होगा - पहला मुकाबला 1948 में दिल्ली में खेला गया था। यह माइलस्टोन मैच 20 जुलाई से 24 जुलाई तक त्रिनिदाद के प्रसिद्ध क्वींस पार्क ओवल में होगा। साझेदारी की घोषणा करते हुए, साइकिल प्योर अगरबत्ती के प्रबंध निदेशक, अर्जुन रंगा ने कहा, साइकिल प्योर में, हमारा प्राथमिक उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और सशक्त बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि मैच के दौरान भी हर किसी के पास प्रार्थना करने का एक कारण होता है और इसलिए क्रिकेट एक एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करते हुए, सीमाओं को पार करता है और लोगों को एक साथ लाता है। यह बेहद खुशी की बात है कि हम भारत बनाम वेस्टइंडीज 2023 दौरे के लिए अपने टाइटल प्रायोजन की घोषणा कर रहे हैं। यह साझेदारी हमें न केवल भारतीय क्रिकेट टीम के लिए, बल्कि देश भर के प्रत्येक व्यक्ति के लिए भी एकता, प्रार्थना और आशा के मूल्यों का प्रचार-प्रसार करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।

## सभी प्रारूपों में कैरियर बनाना चाहते हैं शिवम मावी



**बेंगलुरू।** पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी में छह विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज शिवम मावी अब तीनो प्रारूपों मे कैरियर बनाने के लिए इस प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहते है। मावी ने 44 रन देकर छह विकेट लिए जिसकी मदद से मध्य क्षेत्र ने अलूर मे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मे पश्चिम को पहली पारी में 220 रन पर आउट कर दिया। मावी ने कहा , मै पिछले तीन चार साल से लाल गेंद से अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं। उम्मीद है कि टेस्ट मैच खेलने का मौका मिलेगा। मै सिर्फ एक प्रारूप नही खेलना चाहता बल्कि सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार रहने की कोशिश मे हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मध्यप्रदेश के 24 वर्ष के मावी को मध्य क्षेत्र की कप्तानी सौपी गई। इस बारे मे उन्होंने कहा , मै इससे बहुत खुश हूं। चयनकर्ताओं ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौपी है। भारत मे तेज गेंदबाजों के लिए कप्तानी मुश्किल होती है क्योंकि वे हालात की वजह से थक जाते है। लेकिन यहां हालात ठीक है और उतनी थकान नही हो रही है। मैने इंग्लैड मे खेला है और यहां मौसम उसी तरह का है।

## जाका अशरफ पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने जाका अशरफ की अध्यक्षता मे अगले चार महीने के लिए दस सदस्ईय नई पीसीबी प्रबंधन समिति का गठन किया है। समिति की पहली बैठक लाहौर में बृहस्पतिवार को होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पद पर अशरफ का काबिज होना तय था लेकिन पीसीबी ने देश भर की कई अदालतो मे चुनौती मिलने के बाद अध्यक्ष पद का चुनाव स्थगित कर दिया। सरकार ने पीसीबी चुनाव आयुक्त अहमद शहजाद फारूक राणा को हटाकर सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद इकबाल खाकवानी को उनकी जगह नियुक्त किया।

## खिलाड़ियों का पीसीबी के मामलों पर नहीं बल्कि क्रिकेट पर ध्यानः बाबर आजम

**कराची।** कप्तान बाबर आजम ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में चल रह उठापटक का राष्ट्रीय टीम के आईसीसी वनडे विश्व कप और इससे पहले होने वाली श्रृंखलाओ मे खिलाड़ियो के प्रदर्शन पर कोई असर नही पड़ेगा। इस समय दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजो मे से एक बाबर ने एक प्रेस कांफ्रेंस मे यह भी कहा कि उनकी टीम महज चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अहम मुकाबले पर ही ध्यान नही लगा रही है बल्कि पूरे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। पीसीबी के अधिकारियो और चयन समिति मे हालिया बदलाव का असर खिलाड़ियो पर पड़ने के बारे मे पूछने पर बाबर ने कहा कि उनका काम क्रिकेट पर ध्यान लगाना है।

## आनंद ने ग्रैंड शतरंज टूर में अच्छी शुरुआत की

**जगरेब (क्रोएशिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने 2023 शतरंज ग्रैंड टूर पर रैपिड वर्ग के तीन दौर के बाद दो जीत के साथ बढत बना ली है। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने रोमानिया के ग्रैंडमास्टर रिचर्ड रैपोर्ट और कोंस्टेंटाइन लुपुलेस्कू को हराया। इससे पहले उन्होंने अलीरजा फिरोजा से ड्रॉ खेला था। आनंद पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, जान क्रिस्टोफ डुडा और रैपोर्ट है जिनके चार अंक है। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश पहले दौर में कार्लसन से हार गए लेकिन बाद में इयान एन और फिरोजा से ड्रॉ खेलकर दस खिलाड़ियों में नौवे स्थान पर हैं। आनंद का सामना अब कार्लसन से होगा जबकि आठवें दौर मे आनंद की टक्कर गुकेश से होगी। रैपिड वर्ग के बाद ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे।

## एमेच्योर अवनी सिंगापुर लेडीज मास्टर्स में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर

**सिंगापुर।** महिला गोल्फर अवनी प्रशांत गुरुवार को यहां 100,000 डॉलर पुरस्कार राशि के चाइना एलपीजीए टूर्नामेंट में खराब शुरुआत के बावजूद संयुक्त 35वें स्थान से भारतीयो मे सर्वश्रेष्ठ स्थान पर चल रही है। भारत की तीन महिला गोल्फरों में अवनी एकमात्र एमेच्योर है जिन्हें यूएस किड्स गोल्फ टूर पर पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए टूर्नामेंट का आमंत्रण मिला। विश्व रैंकिंग में 78वें स्थान पर काबिज अवनी ने पहले नौ होल मे 10वे, 12वे और 14वे होल मे तीन बोगी कर दी।

## एलपीएस उत्कृष्ट ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल-एलपीएस आनंद नगर शाखा के उत्कृष्ट ताइक्वांडो खिलाड़ियों को आज स्कूल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक डा. एसपी सिंह ने इन विजेता खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के निदेशक व लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने स्वागत किया। इस अवसर पर सब जूनियर खिलाड़ी अनुभव तिवारी, मयंक तिवारी, श्रेयांश नायक, शिवम राणा, अक्षज वर्मा सम्मानित किए गए। इन सभी खिलाड़ियों ने हाल ही में मनाली हिमाचल प्रदेश में आयोजित इंडिया ओपन ताइक्वांडो कप .2023 में यूपी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते थे। ये खिलाड़ी इससे पहले जिलाए राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुके हैं। यह जानकारी मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने दी।

## हॉकी इंडिया ने आठ करोड़ रुपए से अधिक के उपकरण बांटे

**नई दिल्ली।** जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने की कवायद के तहत हॉकी इंडिया ने देश भर में राज्य संघो, सदस्य इकाइयों और अकादमियों को 11000 से अधिक हॉकी स्टिक, 3300 गेंद और सुरक्षा उपकरण वितरित किए जिनकी कीमत आठ करोड़ रुपए है। यह पहल हॉकी इंडिया का अभिमान हर घर हो हॉकी की पहचान कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका लक्ष्य जमीनी स्तर पर खेल का विकास करना ही नही बल्कि वंचित तबके के बच्चों को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करना भी है।

## एक टूर्नामेंट खेल सकते हैं भारतीय निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के चुनिंदा निशानेबाज पेरिस में जुलाई के तीसरे सप्ताह में एक टूर्नामेंट खेल सकते ऊैजिससे अगले साल ओलंपिक से पहले उन्हे रेंज का अनुभव भी मिल जाएगा। आगामी 15 जुलाई से यह टूर्नामेंट उसी रेंज पर खेला जाएगा जहां 2024 पेरिस ओलंपिक की निशानेबाजी स्पर्धाएं होनी है।

# भारतीय टीम के साथ पहले दौरे से पूर्व पोलार्ड की सलाह को याद रखना चाहते हैं तिलक

## भारत के खिलाफ टेस्ट में मदद करेगी लारा की सलाह : ब्रेथवेट

एंटीगा (वेस्टइंडीज)। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट को लगता है कि 12 जुलाई से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान महान क्रिकेटर ब्रायन लारा की सलाह उनके बल्लेबाजो के लिए काफी मददगार होगी। भारत के खिलाफ तीनों प्रारूपो की श्रृंखला से पहले लारा वेस्टइंडीज टीम से परफोरमेंस मेंटोर के तौर पर जुड़े।क्रिकेट वेस्टइंडीज पर ब्रेथवेट ने बयान मे कहा, उनका टीम से जुड़ना शानदार है। हमने उनसे अभी तक जो बातचीत की है, उससे हम हमेशा सीखते हैं, वह योजना बनाने मे निपुण है कि आप किस तरह से स्कोर बनाओगे। उनकी खेल की परिस्थितियों पर सलाह बेहतरीन है और इससे बल्लेबाजो को मदद ही मिलेगी। लारा इस साल के शुरु में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर टीम के साथ काम कर चुके है। ब्रेथवेट ने कहा कि खिलाड़ियों पर उनका काफी सकारात्मक असर पड़ता है।

भाषा। बेंगलुरू

**नंबूरी तिलक** वर्मा ने बुधवार देर रात वीडियो कॉल पर अपने माता-पिता नागराजू और गायत्री देवी से भारतीय टीम में अपने चयन की खबर साझा की।तिलक ने जब से अपने क्रिकेट सफर की शुरुआत की तभी से यह सपना देखा था और उनका सपना साकार होने के साथ नंबूरी परिवार में भावनाओं का ज्वार उमड़ आया।चयन के घंटों बाद भी तिलक की आवाज में इसका उत्साह देखा जा सकता है। उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल खेल रहे तिलक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, कल मेरी मां और पिता वास्तव में रो रहे थे। मैंने उन्हें वीडियो कॉल की और वे काफी भावुक थे। मेरे कोच (सलाम बायश) की भी यही प्रतिक्रिया थी। वह भी काफी भावुक हो गए थे। हैदराबाद के 20 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। तिलक को अपने चयन की खबर अपने बचपन के दोस्त से मिली क्योंकि दक्षिण क्षेत्र के लिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में खेलने के कारण उनका फोन बंद था। मैं दलीप ट्रॉफी खेल रहा था (इसलिए मोबाइल बंद था)। बाद में मेरे बचपन के दोस्त ने मुझे फोन किया और कहा कि आपको चुना गया है और तब रात को लगभग आठ बजे मुझे इसके बारे में पता चला।

# विंबलडन के तीसरे दौर में वावरिंका

●जोकोविच व स्वियातेक जीते

भाषा। विंबलडन




**तीन बार** के ग्रैंडस्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने गुरुवार को यहां 29वें वरीय अर्जेन्टीना के टॉमस मार्टिन एट्चेवेरी को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।स्विट्जरलैंड के 38 साल के खिलाड़ी ने दूसरे दौर में मुकाबले में टॉमस को 6-3, 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। विंबलडन के अलावा तीनों अन्य ग्रैंडस्लैम जीतने वाले वावरिंका अगले दौर में 23 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच से भिड़ेंगे जो रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला आठवां विंबलडन खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। अमेरिकी ओपन 2020 के फाइनल में जगह बनाने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नीदरलैंड के क्वालीफायर गिज्स ब्रोवर को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 7-6 (4), 7-6 (5) से हराया। जर्मनी के 19वें वरीय ज्वेरेव ने दो बार विंबलडन के चौथे दौर में जगह बनाई है। महिला एकल में सोफिया केनिन और एलिना स्वितोलिना दोनों ने तीसरे दौर में प्रवेश किया। ए दोनों तीसरे दौर में आमने सामने होंगी। स्वितोलिना ने दूसरे दौर में 28वीं वरीय एलिस मर्टेन्स को 6-।, ।-6, 6-। से हराया जबकि सोफिया ने चीन की शिन्यु वैंग को सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इससे पहले नोवाक जोकोविच 350वां ग्रैंडस्लैम मैच जीतने वाले रोजर फेडरर और सेरेना विलियम्स के बाद टेनिस के इतिहास में तीसरे खिलाड़ी बन गए जबकि दो साल पहले की उपविजेता कैरोलिना प्लिसकोवा पहले दौर में क्वालीफायर से हार गई। तीन पर्यावरण कार्यकर्ताओं को मैदान पर नारंगी रंग के कागज के टुकड़े फेंककर मैच में बाधा पहुंचाने के कारण गिरफ्तार किया गया। उन्होंने ए कागज सेंटर कोर्ट पर बिकने वाले सामान के डिब्बों में छिपा रखी थी। इसके अलावा मंगलवार के बाद बुधवार को भी बारिश हुई जिससे खेल का समय काफी बर्बाद हुआ। छठी रैंकिंग वाले होल्गर रूने ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी जॉर्ज लोफागेन को 7-6, 6-3, 6 -2 से मात दी। पुरूष वर्ग में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले जोकोविच ने जोर्डन थाम्पसन को 6-3, 7 . -6, 7-5 से हराया।

## तीन प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

विम्बलडन। विम्बलडन मे ग्रिगोर दिमित्रोव के मैच के दौरान दो पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ताओं ने कोर्ट 18 की दीर्घा से कूदकर रंग बिरंगे कागज के टुकड़े कोर्ट पर फेंके जिससे मैच बाधित हुआ। इनमें एक पुरूष और एक महिला थी जिन्होने जस्ट स्टॉप आइल की टीशर्ट पहन रखी थी। यह संगठन चाहता है कि ब्रिटिश सरकार नई तेल, गैस और कोयला परियोजनाएं रोक दे। आल इंग्लैड क्लब के अनुसार दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अगले मुकाबले में भी इसी समूह के प्रदर्शनकारियो ने बाधा पहुंचाई जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया।

# आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर कोहली की परेशानी बरकरार

●जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

●आपस में खेला अभ्यास मैच

भाषा। ब्रिजटाउन



सर गैरी सोबर्स से मुलाकात करते रोहित शर्मा

**वेस्टइंडीज के** खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय टीम में आपस में खेले गए अभ्यास मैच में आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विराट कोहली का संघर्ष जारी रहा जबकि यशस्वी जायसवाल ने अंतिम एकादश में चुने जाने का दावा पुख्ता किया। जायसवाल का टेस्ट पदार्पण तो तय है लेकिन अब देखना यह है कि उसका बल्लेबाजी क्रम क्या होता है। वह पारी की शुरूआत करता है या तीसरे नंबर पर उतरता है। इस क्रम पर चेतेश्वर पुजारा उतरते थे लेकिन पिछले तीन साल से खराब प्रदर्शन के कारण वह टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम के 16 खिलाड़ियों के साथ स्थानीय क्लब के क्रिकेटरों ने दो दिवसीय अभ्यास मैच खेला। पहला टेस्ट 12 जुलाई से शुरू हो रहा है। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदें कोहली को परेशान करती आई हैं और जयदेव उनादकट ने इसका पूरा फायदा उठाया। उनादकट की ऐसी ही गेंद पर वह पहली स्लिप में कैच दे बैठे। करीब 50 से 75 गेंद खेलकर अधिकांश बल्लेबाज रिटायर हो गए। जायसवाल ने 76 गेंद में 54 रन बनाए। ऐसा माना जा रहा था कि जायसवाल कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत करेगा। रोहित ने इस मैच में 67 रन बनाए। नियमित सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल से ऊपर जायसवाल को भेजने के मायने हैं कि टीम प्रबंधन उससे पारी की शुरूआत करा सकता है। गिल असल में मध्यक्रम का बल्लेबाज है जिसने अंडर 19 और भारत ए के लिए तीसरे या चौथे नंबर पर ही बल्लेबाजी की है।

# पुजारा -सूर्यकुमार के अर्धशतक से पश्चिम क्षेत्र का दबदबा

● दलीप ट्राफी सेमीफाइनल

●अर्जन के पांच विकेट

भाषा। अलूर

**बाएं हाथ** के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला के पांच विकेट चटकाने के बाद चेतेश्वर पुजारा और सूर्यकुमार यादव की अलग अलग अंदाज में खेली गई अर्धशतकीय पारियों के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने गुरुवार को यहां दलीप ट्राफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ स्टंप तक तीन विकेट पर 149 रन बनाकर कुल बढ़त 241 रन की कर ली। शिवम मावी (44 रन देकर छह विकेट) ने सुबह जल्द ही पश्चिम क्षेत्र की पहली पारी 220 रन पर समेट दी जिससे टीम बीती रात के स्कोर में महज चार रन ही जोड़ सकी। लेकिन मध्य क्षेत्र की यह खुशी थोड़े समय ही रही क्योंकि नागवासवाला ने 14.3 ओवर में 74 रन देकर पांच विकेट झटक लिए जिससे टीम 31.3 ओवर में महज 128 रन पर ही सिमट गई। नागवासवाला 2021 में इंग्लैंड दौरे पर सीनियर भारतीय टीम के साथ बतौर नेट गेंदबाज गए थे। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छठी बार पांच विकेट झटके। ध्रुव जुरेल (46 रन) और उत्तर प्रदेश के उनके साथी रिंकू सिंह (48 रन) को छोड़ दें तो मध्य क्षेत्र का कोई भी बल्लेबाज 15 रन के निजी स्कोर से आगे नहीं बढ़ सका और इनमें से सात तो दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। पश्चिम क्षेत्र ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 92 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद टीम ने दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की जिसमें पुजारा 103 गेंद खेलकर पांच चौके से 50 रन बनाकर खेल रहे हैं। सूर्यकुमार ने 58 गेंद में 52 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके और एक छक्का जड़ा था। इन दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने 95 रन की साझेदारी निभाई। सरफराज खान छह रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

## अग्रवाल के अर्धशतक के बावजूद पहली पारी में पिछड़ा दक्षिण क्षेत्र



**बेंगलुरू।** उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजो ने अपने बल्लेबाजो के लचर प्रदर्शन के बाद गुरुवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन दक्षिण क्षेत्र को 195 रन पर समेटकर अपनी टीम को मामूली बढ़त दिलाई। पहली पारी मे 198 रन बनाने वाले उत्तर क्षेत्र को तीन रन की बढ़त मिली और उसने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी मे दो विकेट पर 51 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 54 रन तक पहुंचाई। पहले दिन गेंदबाजो के अच्छे प्रदर्शन के बाद दक्षिण क्षेत्र के पास दूसरे दिन मैच मे दबदबा बनाने का मौका था लेकिन विरोधी गेंदबाजो ने टीम को लगातार दबाव मे रखा। दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 63 रन से की। मयंक अग्रवाल 37 जबकि तिलक वर्मा 12 रन से आगे खेलने उतरे। कल दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब टीम 35 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट मे थी। दोनो ने पांचवे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 145 रन तक पहुंचाया। दोनो को हालांकि इस दौरान भाग्य का साथ भी मिला।मयंक (76) ने इस साझेदारी के दौरान दबदबा बनाया जो हैरानी भरा नही है। कर्नाटक का यह बल्लेबाज 2022-23 रणजी सत्र मे 13 पारियो मे 990 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहा था।

## सिंधू व सेन कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

भाषा। कैलगरी

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के इस सुपर 500 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज की। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कनाडा की टालिया एनजी को 21-16, 21-9 से हराया। वहीं सेन ने दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न को 21-18, 21-15 से मात दी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना अब जापान की नतसुकी निदाइरा से होगा जबकि सेन ब्राजील के वायगोर कोल्हो से खेलेंगे। बी साई प्रणीत को कोल्हो ने 21- 12, 21-17 से हराया। रूत्विका शिवाना गाड्डे भी पहले दौर में थाईलैंड की सुपनिदा के से 21-12, 21-3 से हारकर बाहर हो गई।

# झूलन ने विश्व कप ट्रॉफी का स्वागत किया

●टीम इंडिया के 2011 की उपलब्धि दोहराने की उम्मीद जताई

भाषा। कोलकाता



**भारतीय महिला** क्रिकेट की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने गुरुवार को यहां शहर में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी दौरे का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि रोहित शर्मा और उनकी टीम 2011 में देश को मिली सफलता को दोहरा पाएगी। झूलन ने यहां मॉडर्न हाई स्कूल के छात्रों की मौजूदगी में कहा, यह प्रत्एक क्रिकेटर का सबसे बड़ा लक्ष्य होता है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतना प्रत्एक क्रिकेटर के लिए सपना साकार होने की तरह होता है। जैसे एथलीट के लिए ओलंपिक सर्वोच्च प्रतियोगिता होती है, एक क्रिकेट के लिए यह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप है जो चार साल बाद आता है। आपको याद है जब (पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह) धोनी ने छक्का जड़ा था और हमने 28 साल बाद ट्रॉफी जीती थी और हर जगह उत्साह था। उम्मीद करती हूं कि भारतीय टीम दोबारा यह ट्रॉफी उठाएगी (19 नवंबर को अहमदाबाद में)। जब तीन महीने बाद टूर्नामेंट शुरू हो तो वे टीम इंडिया का समर्थन करें।इस बार भी हमारे नायकों का समर्थन कीजिए। हार और जीत खेल का हिस्सा है लेकिन वे हमेशा हमारे हीरो रहेंगे। इसलिए उनका समर्थन कीजिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बात भी की जिन्होंने विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाईं।

## कंपाउंड तीरंदाजों को युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण

लिमेरिक (आयरलैड)। भारत की महिला अंडर-18 कंपाउंड तीरंदाजों ने अमेरिका के प्रतिद्वंद्वियो को हराकर गुरुवार को यहां विश्व युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्या शर्मा, अदिति स्वामी और एकता रानी की भारतीय महिला टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओलीविया डीन, लिको अरोएला और लीन ड्रेक की अमेरिकी टीम को 214-212 से हराया। भारत का यह प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है।

## मनिका ने विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता को हराया

जुब्लजाना (स्लोवेनिया)। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को यहां दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी चेन आई चिंग को हराकर डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर जुब्लजाना के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।दुनिया की 32वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने चीनी ताइपे की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 23 मिनट में 11-4, 11-9, 11-7 से हराया। चिंग मिश्रित युगल वर्ग में ओलंपिक पदक विजेता है।

# मीराबाई 95 प्रतिशत फिट, पर नहीं खेलेंगी

## अगले हफ्ते राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप से भी रहेंगी दूर



**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने बताया कि ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू डेढ़ महीने पहले लगी जांघ की चोट से 95 प्रतिशत उबर चुकी है लेकिन अगले हफ्ते भारतीय सरजमी पर होने वाली राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में हिस्सा नही ले पाएंगी। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई अभी अमेरिका के सेंट लुईस में डॉक्टर होर्शिंग के मार्गदर्शन में 65 दिन के रिहैबिलिटेशन में हिस्सा ले रही है लेकिन वह विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलो में शिरकत करेंगी।

## ओसीए से अनाधिकृत आश्वासन के बाद 20 जुलाई से होंगे कुश्ती ट्रायल : तदर्थ पैनल सदस्य

**नई दिल्ली।** एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) द्वारा एशियाई खेलो के लिए आयोजकों को खिलाड़ियो के नाम भेजने की अंतिम तारीख बढ़ाने के संबंध में अनाधिकृत आश्वासन दिए जाने के बाद खेलो के लिए भारतीय पहलवानो को शार्टलिस्ट करने के लिए ट्रायल 20 जुलाई के करीब कराए जाने की संभावना है। ओसीए ने एशियाई खेलों के आयोजकों को नाम की प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तारीख 15 जुलाई तय की थी लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कुश्ती के लिए तदर्थ समिति के प्रयासो से खबरों के अनुसार ओसीए अंतिम समयसीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है।